राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

वर्ष- 13 अंक - 104
लखनऊ, रविवार 14 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

समृद्ध समाज का आधार





भिक्षामुक्त भारत की ओर कदम : खेल-शिक्षा से बदलेगा बच्चों का भविष्य : आनंदीबेन 03

विदेशी नागरिकों की तलाश में ईरानी बस्ती में पुलिस का छापा 10


## आकाश में आज रात दिखेगा अद्भुत नजारा, उल्काओं की होगी आतिशबाजी

एजेंसी

**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए रविवार का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दिन पूरे भारत में रात के समय आकाश में अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा।

दरअसल रविवार की रात चमकदार उल्काओं की आतिशबाजी होने जा रही है। आप भी इस वर्ष की सबसे शानदार उल्का वर्षा (बौछार) को आकाश में चमकदार लाइन के रूप में देख सकते हैं। इस दौरान प्रति घंटे 100 से अधिक उल्काएं दिखाई दे सकती हैं। इस उल्का वर्षा को देखने का सबसे अच्छा समय रविवार लगभग रात 9 बजे से लेकर भोर का समय होगा। मप्र की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने शनिवार को इस खगोलीय घटना के बारे में बताया कि उल्का की यह बौछार मिथुन या जेमिनी तारामंडल के सामने होगी। इस तारामंडल में उल्का बौछार होते दिखने के कारण इसका नाम जेमिनीड उल्कापात रखा गया। अन्य अधिकांश उल्का वर्षाओं के विपरीत, जेमिनिड्स उल्का वर्षा किसी कमेट से नहीं, बल्कि एक एस्टेरॉइड 3200 फेथॉन से संबंधित है।

> जेमिनिड मेटिओर शॉवर की घटना में प्रतिघंटे दिखाई देंगी 100 से अधिक उल्काएं

## यूपी भाजपा अध्यक्ष पद के लिए पंकज चौधरी ने दाखिल किया नामांकन

### केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री और महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने वाला है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री और महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।

उन्होंने अपना नामांकन पत्र प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र पंकज चौधरी का नामांकन दाखिल हुआ है, इसलिए उनका निर्विरोध चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। नए प्रदेश अध्यक्ष का औपचारिक ऐलान रविवार को लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में होगा। प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए केंद्रीय चुनाव अधिकारी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी लखनऊ पहुंच चुके हैं। वह कल चुनाव की प्रकिया पूर्ण कर प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न कराएंगे। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिए एकमात्र नामांकन पंकज चौधरी के रूप में हुआ है। रविवार को नए अध्यक्ष की विधिवत घोषणा भव्य समारोह के दौरान की जाएगी।

### स्वागत की भव्य तैयारी

नए प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए भारतीय जनता पार्टी भव्य तैयारी कर रही है। लखनऊ महानगर के कार्यकर्ताओं को स्वागत की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। अलग-अलग व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं के नाम तय कर लिए गए हैं। सपा के पीडीए प्लान में लगेगी सेंध?अगर पंकज चौधरी उप्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनते हैं तो भाजपा नेतृत्व उन्हें यह जिम्मेदारी बहुत सोंच समझकर देने जा रही है। पार्टी नेतृत्व 2024 के लोकसभा चुनाव में यह अच्छी तरह से भांप चुका है कि मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी (सपा) के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) प्लान को जिस तरह हल्के में लिया गया उसका नुकसान यह हुआ कि केन्द्र सरकार में भाजपा अकेले पूर्ण बहुमत से चूक गई। अब भाजपा आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। गोरखपुर क्षेत्र से आने वाले पंकज चौधरी के जरिए जहां पूर्वांचल में भाजपा मजबूत होगी तो वहीं सपा का पीडीए प्लान भी कमजोर होगा।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,34,070/ |
| 22 कैरेट | = | 1,22,900/ |
| 18 कैरेट | = | 1,00,580/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,98,000/ |



## और ज्यादा मजबूत होगी एएनटीएफ

### योगी सरकार का फैसला : मिलेंगे 150 से ज्यादा नए जांबाज, विभागीय कार्रवाई में आएगी तेजी

> अवैध नशे पर लगाम व ड्रग माफियाओं की कमर तोड़ने का फैसला

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के युवाओं को नशे के आगोश में धकेलने वाले अवैध नशे के सौदागरों की अब खैर नहीं। योगी सरकार अवैध नशे के सौदागरों पर बड़ा एक्शन लेने जा रही है। योगी सरकार ने एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स एएनटीएफ को और मबजूत करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में एएनटीएफ में पुलिस कर्मियों को प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया गया है। विभाग में नियतन के हिसाब से फोर्स भी कम है।

ऐसे में सरकार ने एएनटीएफको और मजबूत करने के लिए रेग्युलर पुलिस कर्मियों की तैनाती और नियतन के अनुसार फोर्स उपब्लध कराने का निर्णय लिया है। जहां एएनटीएफ को मजबूती मिलेगी, वहीं दूसरी ओर अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आएगी। एएनटीएफ आईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अवैध नशे पर नकेल कसने और ड्रग माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के लिए 2022 में एएनटीएफ का गठन किया था। इस दौरान 6 थाने और 8 यूनिट का गठन किया गया।

इन थानों में 28 पुलिसकर्मियों की तैनाती का नियतन रखा गया। इसमें एक निरीक्षक, 4 उपनिरीक्षक, 3 कंप्यूटर ऑपरेटर, 3 मुख्य आरक्षी, 12 आरक्षी, 2 आरक्षी चालक और 3 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। यूनिट में 18 पुलिस अधिकारियों समेत कर्मचारियों की तैनाती का नियतन रखा गया। इसमें एक पुलिस उपाधीक्षक, 1 निरीक्षक, 2 उप निरीक्षक, 1 कंप्यूटर ऑपरेटर, 2 मुख्य आरक्षी, 8 आरक्षी, 2 आरक्षी चालक, 2 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में उच्च अधिकारियों के साथ एएनटीएफ की समीक्षा बैठक की थी। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्तमान में एएनटीएफमें फोर्स को प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया गया है।

मानक के अनुरूप फोर्स भी नहीं है। सीए ने उच्च अधिकारियों को एएनटीएफ में पुलिसकर्मियों को रेग्युलर तैनाती के निर्देश दिये। जल्द से जल्द फोर्स तैनात करने के निर्देश दिये। ड्रग माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए विभाग का गठन किया गया। ऐसे में उन्हे ड्रग माफिआओं की कमर तोड़ने के लिए फोर्स के साथ आधुनिक उपकरण तत्काल उपलब्ध कराएं जाएं।

आईजी ने बताया कि एएनटीएफ में पुलिस अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की नियुक्ति का नियतन 386 है। इसमें राजपत्रित अधिकारी 15, मुख्यालय पर 59, 6 थानों पर 168, 8 यूनिट पर 144 पदों पर तैनाती का नियतन है। वर्तमान में विभाग में 236 पदों पर तैनाती की गयी है जबकि 150 पद खाली हैं। सीएम के निर्देश के बाद जल्द खाली पदों पर तैनाती की जाएगी।



एएनटीएफ आईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में अवैध नशे पर नकेल कसने और ड्रग माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के लिए 2022 में एएनटीएफ का गठन किया था। इस दौरान 6 थाने और 8 यूनिट का गठन किया गया।

### जनवरी में सीएम लॉन्च करेंगे यूपी स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना

> मुख्य सचिव होंगे परियोजना के अध्यक्ष, प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव सदस्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, स्वस्थ और आर्थिक रूप से अधिक सक्षम राज्य बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर ठोस कदम उठा रही है। वायु प्रदूषण की बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनवरी 2026 में उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना (यूपीसीएएमपी) का शुभारंभ करेंगे। इस परियोजना के शासी निकाय की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव करेंगे, जबकि प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव सदस्य के रूप में नामित होंगे। वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या से निपटने के उद्देश्य से योगी सरकार विश्व बैंक के सहयोग से यूपीसीएएमपी परियोजना का कार्यान्वयन कर रही है। इस परियोजना को लेकर बीते 3 नवंबर को नई दिल्ली में आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए), विश्व बैंक और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच परियोजना वार्ता सफलतापूर्वक संपन्न हुई थी। इसके पश्चात 10 दिसंबर को विश्व बैंक के निदेशक मंडल द्वारा परियोजना को औपचारिक मंजूरी प्रदान की गई। यूपीसीएएमपी का कुल परिव्यय 304.66 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, जिसमें 299.66 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण और 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुदान शामिल है। इस परियोजना को वर्ष 2025 से 2031 तक छह वर्षों की अवधि में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। वायु प्रदूषण में प्रभावी कमी लाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ सहयोग बढ़ाकर सीमा-पार उत्सर्जन से निपटने की रणनीति भी अपनाएगी।

## द्वादश प्रतिष्ठा के आयोजन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह होंगे सम्मिलित : चम्पत

> 27 से 31 दिसंबर तक होंगे पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पदाधिकारियों और न्यासियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। श्री मणिराम दास छावनी में शनिवार को आयोजित बैठक में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी पर प्रस्तावित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने की। बैठक में आठ सदस्य आनलाइन जुड़े तथा छह उपस्थित रहे। विशेष आमंत्रित विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश चन्द्र, मंदिर निर्माण की व्यवस्था से जुड़े गोपालजी तथा अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय से संजीव सिंह भी बैठक में थे।

बैठक के बाद प्रेसवार्ता में ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बैठक के बिंदुओं की जानकारी दी और बताया कि प्रतिष्ठा द्वादशी पर अंगद टीला पर होने वाले इन कार्यक्रमों में रामकथा, अनूप जलोटा, सुरेश वाडकर, तृप्ति शाक्य के भजन के साथ ही कथक नृत्य नाटिका प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि द्वादश प्रतिष्ठा के आयोजन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सम्मिलित होंगे।

### चंपत राय अब खुद को समझने लगे हैं स्वयंभू : कटियार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** बजरंग दल के संस्थापक विनय कटियार द्वारा श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े मुद्दे पर दिए गए तीखे बयान के बाद विवाद और गहरा गया है। श्री कटियार ने नाराजगी जाहिर करते हुए आरोपित किया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय खुद को अब ट्रस्ट का स्वयंभू स्वामी समझने लगे हैं, जो राम मंदिर आंदोलन से जुड़े सेनानियों का खुला अपमान है। इसी बयान को लेकर जब पत्रकारों ने चंपत राय से सवाल किया तो वे असहज सा होते नजर आए और सवालों को टालते हुए इसे पारिवारिक मामला करार दिया। यह हमारा पारिवारिक मामला है, आपसे क्या? सवाल यह है कि जो विषय सार्वजनिक मंचों पर बयानबाजी का रूप ले चुका हो, वह पारिवारिक कैसे रह सकता है? राम मंदिर आंदोलन किसी एक परिवार की नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं और संघर्षकर्ताओं की साझा विरासत रहा है। ऐसे में सार्वजनिक आरोपों पर सार्वजनिक जवाब से बचना, खुद सवालों को और गहरा करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहित धनखड़ हत्याकांड के तीन मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रोहतक जिले के हुमायूंपुर गांव के राष्ट्रीय पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियन रोहित धनखड़ हत्याकांड में भिवानी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सीआईए प्रथम भिवानी की टीम ने मामले में फरार चल रहे तीन मुख्य आरोपितों को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को भिवानी लाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने शनिवार को पुलिस लाइन में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान तिगड़ाना गांव निवासी वरुण, उसके भाई तरुण और दीपक के रूप में हुई है। पुलिस टीम इन तीनों को बेंगलुरु से लेकर भिवानी ला रही है।

### शिवराज की बढ़ाई गई सुरक्षा किले में तब्दील भोपाल आवास

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शुक्रवार देर रात भोपाल और दिल्ली-दोनों जगह उनकी सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया गया है। भोपाल में 74 बंगला स्थित बी-8 आवास के चारों तरफ पुलिस ने अतिरिक्त बैरिकेडिंग की। वहीं दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। गृह मंत्रालय द्वारा सुरक्षा बढ़ाने को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से दिलचस्पी दिखाने की जानकारी मिली है।

### संसद पर हमले के शहीदों को शीर्ष नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** संसद भवन पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को आज भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संसद भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### राम जन्मभूमि परिसर में पुराने मंदिर का बनाया जाएगा स्मारक : नृपेंद्र मिश्र

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के पदाधिकारियों और न्यासियों की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को श्री मणिराम दास छावनी में ट्रस्ट अध्यक्ष अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज की अध्यक्षता में बैठक प्रारम्भ हो गई है। बैठक में ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, महंत दीनेंद्र दास, डा. अनिल मिश्र, विषेश आमंत्रित दिनेशचंद्र, गोपाल राव सहित सभी सदस्य पहुंच रहे हैं। पिछली बैठक इससे पूर्व ट्रस्ट की बैठक नौ सितंबर को हुई थी। आज की बैठक में संपन्न हुये ध्वजारोहण कार्यक्रम की समीक्षा तथा आगामी कार्यक्रमों सहित राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों को लेकर व्यापक चर्चा होनी है।

## वंदे भारत में परोसा जाएगा स्थानीय व्यंजन आगे चलकर सभी ट्रेनों में होगा विस्तार

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वंदे भारत ट्रेनों में संबंधित क्षेत्र के स्थानीय व्यंजन परोसे जाएं। इससे यात्रियों को उस क्षेत्र की संस्कृति और स्वाद से रूबरू होने का अवसर मिलेगा तथा यात्रा अनुभव और बेहतर होगा। इस सुविधा को चरणबद्ध तरीके से भविष्य में सभी ट्रेनों में विस्तारित किया जाएगा।

वैष्णव ने शनिवार को रेल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित थे। बैठक में रेल मंत्री ने बताया कि फर्जी पहचान के जरिए टिकट बुकिंग पर भारतीय रेलवे की सख्त कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उपयोगकर्ता पहचान सत्यापन और फर्जी आईडी की पहचान के लिए लागू की गई कड़ी प्रणाली के बाद अब आईआरसीटीसी वेबसाइट पर प्रतिदिन लगभग पांच हजार नए वास्तविक यूजर आईडी जोड़े जा रहे हैं, जबकि सुधारों से पहले यह संख्या प्रतिदिन करीब एक लाख तक पहुंच गई थी।

इन कदमों के चलते अब तक 3.03 करोड़ फर्जी खातों को निष्क्रिय किया जा चुका है। इसके अलावा 2.7 करोड़ यूजर आईडी को या तो अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है या संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर निलंबन के लिए चिह्नित किया गया है। रेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टिकटिंग प्रणाली में ऐसे सुधार सुनिश्चित किए जाएं, जिससे सभी यात्रियों को वास्तविक और प्रमाणिक यूजर आईडी के माध्यम से आसानी से टिकट बुक करने की सुविधा मिल सके।

### पाक जासूसों से संबंध के आरोप में वायुसेना का सेवानिवृत्त अफसर गिरफ्तार

**शोणितपुर (असम)।** पाकिस्तानी जासूसों से कथित संबंध रखने के आरोप में तेजपुर में भारतीय वायुसेना के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को असम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पूर्व वायुसेना अधिकारी की पहचान कूलेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों को पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क से उनके संपर्क की सूचना मिलने के बाद कूलेंद्र शर्मा को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक लैपटॉप, मोबाइल फोन और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं, जिन्हें खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार कूलेंद्र शर्मा तेजपुर स्थित एयर फोर्स स्टेशन में जूनियर वारंट ऑफिसर के पद पर तैनात थे, जहां सुखोई 30 स्क्वाड्रन सहित महत्वपूर्ण हवाई संपत्ति मौजूद है। वह 2002 में रिटायर हुए थे।

## गैंगस्टर एक्ट में पूर्व सपा विधायक दीपनारायण सिंह की बीस करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

> भारी पुलिस बल के साथ प्रशासन ने डुगडुगी पिटवा कर लगाया चेतावनी बोर्ड

समृद्धि न्यूज



**झांसी।** गैंग बनाकर समाज में अपराध को अंजाम देने के आरोप में गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई कार्यवाही पर जिलाधिकारी के निर्देशन में एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासनिक अमले ने पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव की बीस करोड़ से अधिक की कीमत की संपत्ति कुर्क कर ली है।

पुलिस और प्रशासनिक टीम ने डुगडुगी पिटवा कर 20 करोड़ से अधिक की संपत्ति को कुर्क करते हुए चेतावनी बोर्ड लगा दिया है। शनिवार को एसपी सिटी प्रीति सिंह व सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम के नेतृत्व नवाबाद थाना प्रभारी जेपी पाल भारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक टीम को लेकर मेडिकल कॉलेज क्षेत्र में करगुवा मन्दिर के पीछे पहुंचे। वहां समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव की अपराध से अर्जित बीस करोड़ 26 लाख 52 हजार 260 रुपये की संपत्ति को आज कुर्क कर लिया। यह कार्रवाई तीन अलग-अलग स्थानों पर की गई। इसमें करगुआं, भगवंतपुरा एवं पनगुआं की चल अचल संपत्ति शामिल है। एसपी सिटी प्रीति सिंह ने बताया कि समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव व उनके साथियों के खिलाफ अभी हाल ही में मोंठ थाना में रंगदारी मांगने व 32 हजार की लूट के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मुकदमे में आरोपित पूर्व विधायक अभी पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे है। मामले में दो आरोपित अनिल यादव और अशोक गोस्वामी जेल जा चुके है। पुलिस ने दो दिन पहले गैंगस्टर में वांछित होने पर पूर्व विधायक की गिरफ़्तारी नहीं होने पर उनकी बीस करोड़ 26 लाख 52 हजार 260 रुपये की संपत्ति पर कुर्क होने का नोटिस जारी किया था। साथ ही उन्हें दो दिन में हाजिर होने की चेतावनी दी थी।

## पीएम के आगमन की तैयारी तेज नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

> किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : गौरव कुमार

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में पीएम नरेन्द्र मोदी के 25 दिसंबर को लखनऊ आगमन की तैयारी तेज हो गई है। साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का काम जारी है। इसको लेकर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अटल बिहारी प्रेरणा स्थल एवं उसके आसपास स्थित संपर्क मार्गो का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने सबसे पहले बंधा रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क की नियमित सफाई के साथ-साथ बंधा रोड से लगे प्लाटों की गहन सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान क्षेत्र स्वच्छ और सुव्यवस्थित दिखाई दे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। घैला पुल क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त ने घैला पुल की साफ-सफाई के साथ-साथ अवंती बाई चौराहा एवं जॉगर्स पार्क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। इन क्षेत्रों से लगे प्लाटों की सफाई भी 17 दिसंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

### घाटी में ओजीडब्ल्यू के खिलाफ कार्रवाई शुरु 150 संदिग्ध हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर पुलिस ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में आतंकवादियों के सहयोगियों (ओजीडब्ल्यू) के खिलाफ व्यापक कार्रवाई शुरू की। इसमें 150 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में अब तक 150 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया जा चुका है जबकि घाटी के कई हिस्सों में आतंकवादियों के सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। यह कार्रवाई प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद और घाटी में मौजूद अन्य आतंकी संगठनों के आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के लिए आतंकवादियों के सहयोगियों के खिलाफ शुरू की गई है।

कटाक्ष

### बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर किया कड़ा प्रहार

## केंद्र ने हजारों करोड़ दिए, धरातल पर नजर नहीं आता विकास

एजेंसी

> कांग्रेस नाकाम, झूठी व व्यवस्था को पटरी से उतारने वाली सरकार

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को शिमला में उनके सम्मान में आयोजित अभिनंदन रैली में हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर कड़ा प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को हजारों करोड़ रुपये की सहायता दी। लेकिन राज्य में विकास धरातल पर नजर नहीं आ रहा। नड्डा ने कांग्रेस सरकार को नाकाम, झूठी और व्यवस्था को पटरी से उतारने वाली सरकार करार दिया। जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सवाल किया कि केंद्र सरकार ने राज्य को किस बात की कमी छोड़ी है।

उन्होंने कहा कि आपदा राहत के लिए 3,789 करोड़ रुपये, स्मार्ट सिटी के लिए 1000 करोड़ से अधिक, एम्स बिलासपुर, मेडिकल कॉलेज, बल्क ड्रग पार्क, फोरलेन परियोजनाएं और बद्दी को फार्मा हब बनाने जैसी कई योजनाओं के लिए केंद्र ने भरपूर मदद दी। इसके अलावा 2000 करोड़ से अधिक की विशेष सहायता और 1442 करोड़ रुपये का जायका फंड भी दिया गया। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार कई योजनाओं में केवल आधी राशि ही खर्च कर पाई। उन्होंने कहा कि जो सरकार धन का सही उपयोग नहीं कर सकती, उसे सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है। नड्डा ने कहा कि हिमाचल में बार-बार ट्रेजरी बंद हो रही है, सरकार एडहॉक व्यवस्था पर चल रही है और मुख्यमंत्री व मंत्रियों के बीच तालमेल की कमी साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार केंद्र के पास एक भी ठोस परियोजना लेकर नहीं गई। जेपी नड्डा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिमाचल के विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने जनता को आगाह किया था कि कांग्रेस को सत्ता में लाने का मतलब विकास को रोकना है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ही हिमाचल को आगे बढ़ा सकती है, जबकि कांग्रेस की राजनीति केवल सत्ता सुख तक सीमित है। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार भविष्य की सोच नहीं रखती और न ही विकास के लिए गंभीर है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर भाजपा के कार्यालय केवल इमारतें नहीं बल्कि विचार और सेवा के केंद्र बनाए जा रहे हैं।



# युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में कौशल विकास केंद्रों की गुणवत्ता पर फोकस

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल के कौशल विकास केंद्रों के नियमित निरीक्षण के निर्देश पर मिशन अधिकारियों ने किया क्षेत्रीय भ्रमण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने प्रदेश के सभी कौशल विकास केंद्रों के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए हैं।



उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अधिकारियों द्वारा विभिन्न जनपदों में प्रशिक्षण केंद्रों का क्षेत्रीय भ्रमण कर प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति, गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की जा रही है। मंत्री अग्रवाल के निर्देशों के अनुपालन में अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण केंद्रों, सिद्धार्थनगर एवं बलरामपुर का क्षेत्रीय भ्रमण किया गया। इस दौरान मिशन की टीम भी उपस्थित रही। भ्रमण का उद्देश्य केंद्रों पर संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा, नए बैचों की प्रारंभिक स्थिति का आकलन तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करना था। अपर मिशन निदेशक ने प्रशिक्षार्थियों से संवाद कर उनके प्रशिक्षण अनुभवों की जानकारी ली, फीडबैक प्राप्त किया तथा उन्हें रोजगार के उपलब्ध अवसरों, भविष्य की करियर संभावनाओं एवं मिशन की आगामी प्रशिक्षण योजनाओं के संबंध में विस्तार से अवगत कराया।

### सहायक निदेशक ने प्रशिक्षण केन्द्रों का किया निरीक्षण

यूपी कौशल विकास मिशन के सहायक निदेशक आशीष कुमार द्वारा प्रशिक्षण केंद्रों, बहराइच एवं श्रावस्ती का क्षेत्रीय भ्रमण किया गया। उनके साथ संबंधित मिशन टीम भी उपस्थित रही। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षण केंद्रों में स्थापित लैब, उपकरणों एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया। सहायक निदेशक ने प्रशिक्षार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सीखने की प्रक्रिया एवं प्राप्त फीडबैक की जानकारी ली तथा उन्हें रोजगार, करियर संभावनाओं एवं आगामी प्रशिक्षण योजनाओं से अवगत कराया। अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाना, उनके कौशल को सुदृढ़ करना तथा उन्हें रोजगार से जोड़ना उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन का प्रमुख उद्देश्य है। सहायक निदेशक आशीष कुमार ने सबको हुनर, सबको काम के ध्येय को दोहराते हुए कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना सभी ट्रेनिंग पार्टनर्स की जिम्मेदारी है, ताकि युवाओं को बिना किसी बाधा के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

# राजधानी में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा छाया ठंड और गलन बढ़ी, विजिबिलिटी 50 मीटर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार की सुबह कोहरे की चादर में लिपटी रही। विजिबिलिटी 50 मीटर ही रही, जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह सीजन का लगातार दूसरा दिन है जब इतना घना कोहरा है। इससे ठंड और लगन बढ़ गई है। हालांकि दोपहर तक हल्की धूप निकल आई। जिससे ठंढ से लोगों को राहत मिली।



रात में न्यूनतम तापमान 11 से0 दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पछुआ हवाओं की एंट्री के कारण कोहरा और गलन दोनों तेजी से बढ़े हैं। गुरुवार सुबह औसत एक्यूआई 183 रिकॉर्ड किया गया, जबकि शाम तक यह 178 था। नवंबर से ही हवा 'यलो और ऑरेंज जोन' में बनी हुई है, जिससे प्रदूषण का स्तर और विजिबिलिटी दोनों प्रभावित हो रहे हैं। दोपहर में हल्की धूप जरूर निकली, लेकिन हवा में ठंडक बरकरार रही। पश्चिमी दिशा से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं ने रात के तापमान में गिरावट दर्ज कराई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में लखनऊ में ठिठुरन और बढ़ सकती है।

## खबरें एक नजर में

### पीएस टावर में लगी आग, दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में शनिवार सुबह हजरतगंज अशोक मार्ग स्थित पीएस टावर भवन में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही हजरतगंज फायर स्टेशन से दो फायर टेंडर मौके के लिए रवाना हुए। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर दमकलकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि पीएस टावर की तीसरी मंजिल पर आग लगी हुई है। इस पर तुरंत आग बुझाने का काम शुरू किया गया। भवन के अंदर काफी धुआं होने के कारण दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कर्मियों ने बीए सेट पहनकर स्मोक एग्जास्टर की मदद से धुआं निकालना शुरू किया। कड़ी मेहनत और लगातार प्रयास के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। अग्निकांड में जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### फॉर्च्यूनर ने कोर्ट मुंशी को टक्कर मारी-50 फीट दूर गिरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सड़क किनारे चाय पी रहे कोर्ट मुंशी को तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर 50 फीट दूर जा गिरे। इसके बाद ड्राइवर ने भागने के चक्कर में उनके पेट पर गाड़ी चढ़ा कर रौंद दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने दौड़ाकर गाड़ी को रुकवाया, लेकिन ड्राइवर मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस ने फॉर्च्यूनर को कब्जे में लिया है, जिसपर बीजेपी का झंडा और विधानसभा का पास लगा है। घटना गोमती नगर के विभूति खंड इलाके में शनिवार सुबह हुई। मृतक की पहचान गंगापुरवा गांव के (सीतापुर) के रहने वाले सुनील कुमार (32) के रूप में हुई। बताया गया कि सुनील हाईकोर्ट में वकील के मुंशी थे। लखनऊ में सुषमा हॉस्पिटल के पास किराए का मकान लेकर रहते थे। सुनील शनिवार सुबह करीब 6 बजे चाय पीने सुषमा हॉस्पिटल के पास गए थे। सड़क किनारे खड़े होकर चाय पी रहे थे तभी फैजाबाद रोड की तरफसे आई तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुनील 50 फीट दूर जाकर गिरे। गाड़ी भगाने के चक्कर में फॉर्च्यूनर चालक ने गाड़ी उनके पेट के ऊपर चढ़ा दी।

### सट्टे की लत से हुआ कर्जदार कारपेंटर ने सुसाइड किया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र की कुंदन विहार कॉलोनी में शुक्रवार तड़के 58 वर्षीय विजय कुमार लोधी ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने घर के पीछे बने टीन शेड में प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह कर्ज और आर्थिक तंगी से परेशान थे। पुलिस के अनुसार, मृतक विजय कुमार लोधी पुत्र स्वर्गीय कन्हैया लाल लोधी पेशे से कारपेंटर थे। पिछले कुछ समय से वह आर्थिक तंगी और कर्ज के कारण तनाव में थे। परिजनों ने बताया कि उन्हें सट्टे की लत थी, जिसके कारण उनका कर्ज लगातार बढ़ रहा था। इसी मानसिक दबाव के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही पारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है, हालांकि पुलिस अन्य सभी पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है। घर में मृतक की पत्नी रामजान की, बेटे विनोद और विवेक, बेटियां ममता और सरिता हैं। परिजनों ने बताया कि विजय कुमार पिछले कई दिनों से शांत रहने लगे थे और अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर अत्यधिक तनाव में थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 92 वाद निस्तारित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निबंधक जे. एडमिन सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा उपसमिति इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ मनोज पाण्डेय ने जानकारी दी कि वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन रॉय अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा उपसमिति लखनऊ की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय इलाहाबाद लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के माध्यम से 92 वाद निस्तारित किए गए और पांच करोड़ सैतीस लाख चौरासी हजार तेरह रूपये का मुआवजा दिलाया गया।

### मनरेगा का नाम अब पूज्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत सरकार ने ग्रामीण रोजगार से जुड़ा एक आम फैसला लिया है, केंद्रीय कैबिनेट ने मनरेगा के नाम से प्रचलित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदलकर अब पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना कर दिया है। इसके साथ ही इस योजना में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी की जगह अब बढ़ाकर 125 दिन कर दी है। यही नहीं मजदूरों को मिलने वाली दिहाड़ी मजदूरी भी बढ़ा दी गई है। सरकार का कहना है कि यह बदलाव ग्रामीण रोजगार और विकास को नई दिशा देने के लिए किया गया है। जिसके तहत ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्य कामों की मांग करते हैं और पंचायत स्तर पर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। हालांकि इसके तहत इस साल 40 लाख पात्र कार्डधारकों ने काम की मांग की थी किन्तु मात्र 6 लाख लोगों को ही काम मिल सका, वो भी मात्र 50 दिन का। केंद्र सरकार ने न्यूनतम मजदूरों में भी संशोधन किया है और इसे बड़ा कर 252 रुपए प्रतिदिन करने का फैसला किया है। सनद रहे यह योजना सबसे पहले राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम 2005 के रूप में कांग्रेस की मनमोहन सिंह की सरकार ने शुरू की थी। बाद में तत्कालीन सरकार ने इसमें बदलाव करते हुए 2009 में इसका नाम बदलकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कर दिया था। इसके बाद से इसे मनरेगा कहा जाने लगा था। अब केंद्र की भाजपा सरकार ने इसमें बदलाव करते हुए इसे पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना करने का फैसला किया है, साथ ही सरकार ने काम के दिनों की संख्या भी बढ़ाया है।

### धान किसानों को 4500 करोड़ से अधिक का भुगतान, धान खरीद सत्र में पंजीकृत हुए 7.83 लाख से अधिक किसान

# योगी सरकार का किसानों की 'आर्थिक समृद्धि' पर जोर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार का अन्नदाता किसानों की 'आर्थिक समृद्धि' पर विशेष जोर है। योगी सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए 4645 क्रय केंद्र स्थापित कर सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, वहीं डीबीटी के माध्यम से किसानों को सीधे अकाउंट में पैसे भी भेज रही है।



**3.15 लाख से अधिक किसानों से हुई 19.14 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद, 31 दिसंबर तक होगी 'श्रीअन्न' की खरीद**

3.15 लाख से अधिक किसानों से 19.14 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। इसके एवज में किसानों को 4500 करोड़ से अधिक का भुगतान भी किया जा चुका है। बाजरा बिक्री करने वाले 35 हजार से अधिक किसानों को 421.39 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश में 'श्रीअन्न' की खरीद पहली अक्टूबर से हो रही है। पहली अक्टूबर से पश्चिम उत्तर प्रदेश व पहली नवंबर से पूर्वी उत्तर प्रदेश में धान खरीद हो रही है।योगी सरकार साल दर साल अपने ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 13 दिसंबर तक 6.70 लाख किसानों ने धान बिक्री के लिए पंजीकरण कराया था, जबकि 2025-26 में अब तक यह आंकड़ा 7.83 लाख से अधिक है। बाजरा बिक्री के लिए पिछले वर्ष इस अवधि तक 21630 किसानों का पंजीकरण हुआ था, जो इस वर्ष में 80 हजार से अधिक हो गया है। वहीं ज्वार व मक्का में भी पंजीकरण बढ़ गया। ज्वार बिक्री के लिए पिछले साल 12 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया था, इस साल 16 हजार से अधिक किसानों का पंजीकरण हो चुका है।

बाजरा खरीद 33 व ज्वार खरीद 11 जनपदों में हो रही है।खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धान की बिक्री, किसानों को भुगतान, क्रय केंद्र की व्यवस्था आदि को लेकर निरंतर समीक्षा बैठक कर रहे हैं।

### किसानों को तेजी से किया जा रहा भुगतान

सीएम योगी की मॉनीटरिंग से इस वर्ष किसानों को तेजी से भुगतान किया जा रहा है। 'श्रीअन्न' की खरीद पहली अक्टूबर से शुरू हुई थी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। श्रीअन्न के अंतर्गत बाजरा 33, मक्का 25 व ज्वार खरीद 11 जनपदों में हो रही है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में 31 जनवरी व पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 फरवरी तक धान खरीद होगी। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 व ग्रेड ए का 2389 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। ज्वार का न्यूनतम समर्थन मूल्य मालदांडी 3749, ज्वार हाईब्रिड 3699 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2775 व मक्का का 2400 रुपये प्रति कुंतल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।

### 31 दिसम्बर तक कराएं लेबर कार्ड का नवीनीकरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित सभी योजनाओं का लाभ सिर्फ उन्हीं श्रमिकों को मिलेगा जिनका पंजीकरण समय से नवीनीकृत है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जिन निर्माण श्रमिकों का लेबर श्रमिक कार्ड पिछले चार वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकृत नहीं है, उन्हें 31 दिसम्बर के बाद निष्क्रिय सूची में शामिल कर दिया जाएगा। अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि बोर्ड निर्माण श्रमिकों के लिए कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, सन्त रविदास प्रोत्साहन शिक्षा योजना, अटल आवासीय विद्यालय योजना जैसी महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं संचालित करता है।

# बिना उपभोक्ता की सहमति के स्मार्ट मीटर को प्रीपेड मोड में बदलना गलत

समृद्धि न्यूज

**विद्युत अधिनियम 2003 का खुला उल्लंघन कर रहा कॉरपोरेशन**

**लखनऊ।** देश में स्मार्ट मीटरों की स्थापना और उनके प्रभाव को लेकर 11 दिसंबर 2025 को लोकसभा में पूछे गए एक सवाल पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा दिया गया वक्तव्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। जो लंबे समय से पोस्टपेड वह प्रीपेड के विकल्प को स्पष्ट कर दिया है अपने उत्तर में उन्होंने स्पष्ट किया है कि पोस्टपेड सेवा पारंपरिक रूप से डिफॉल्ट मोड रही है, और जो लागू है।

जबकि स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की स्थापना आरडीएसएस योजना के तहत प्राथमिकता के आधार पर सरकारी प्रतिष्ठानों, वाणिज्यिक, औद्योगिक एवं उच्च लोड उपभोक्ताओं के लिए की जा रही है। आगे चलकर, जब इसके लाभ स्पष्ट होंगे, तभी अन्य उपभोक्ताओं के लिए इस पर विचार किया जाएगा। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश में बिजली कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर गरीब व छोटे घरेलू उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटरों को बिना उनकी सहमति के पोस्टपेड से प्रीपेड मोड में बदला जा रहा है। सभी बिजली कंपनियों में अब तक लगभग 53 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से 33 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के मीटर बिना सहमति के प्रीपेड मोड में कन्वर्ट कर दिए गए हैं।

### महासमिति ने एसआईआर कर रही टीम का उत्साह बढ़ाया

**लखनऊ।** इंदिरा नगर आवासी महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि आर'एल'बी'सेक्टर 14 इंदिरानगर तथा राजकीय बालिका विद्यालय सेक्टर 11 इंदिरा नगर लखनऊ 173 पूर्व के बूथ संख्या -89 से 100 तक बी' एल ओ द्वारा शत-प्रतिशत एस'आई'आर' फॉर्म भरवाने में मदद करने के लिए टीम के पर्यवेक्षक विनोद कुमार की देखरेख में हुआ पूरी टीम का उत्साह वर्धन किया गया और उनका फूल और मालाओं से स्वागत किया गया। महासमिति द्वारा जनता से अपेक्षा की गई है कि कोई मतदाता छूटने ना पाएं। टीम ने लगन से काम करने का भरोसा भी दिलाया। सुशील बच्चा ने कहा कि महासमिति अन्य बूथों पर बीएलओ को सम्मानित करने का काम करेगी।

# मैजिकल एडिबल क्रिसमस विलेज का भव्य लाइटिंग सेरेमनी के साथ हुआ अनावरण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पंकज भदौरिया क्यूलिनरी अकादमी में क्रिसमस के अवसर पर एक अनोखा और भव्य आयोजन देखने को मिला, जहां अकादमी के बेकरी स्टूडेंट्स द्वारा तैयार की गई 'मैजिकल एडिबल क्रिसमस विलेज' का भव्य लाइटिंग सेरेमनी के साथ अनावरण किया गया। इस विशेष फेस्टिव प्रस्तुति को देश के प्रसिद्ध शेफ और मास्टरशेफ पंकज भदौरिया के मार्गदर्शन में तैयार किया गया।



इस अवसर पर मास्टरशेफ पंकज भदौरिया ने कहा कि यह एडिबल क्रिसमस विलेज केवल एक सजावटी संरचना नहीं है, बल्कि यह हमारे छात्रों की कल्पनाशीलता, मेहनत और प्रोफेशनल ट्रेनिंग का उत्सव है। हम हैंड्स-ऑन और एक्सपीरिएंशियल लर्निंग पर ज़ोर देते हैं और यह प्रोजेक्ट उसी सोच को दर्शाता है। वहीं अकादमी के शेफ सोलंकी ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से छात्रों ने न केवल अपनी तकनीकी दक्षता दिखाई है, बल्कि टीमवर्क, प्लानिंग और प्रेज़ेंटेशन स्किल्स का भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। ऐसे लाइव प्रोजेक्ट्स छात्रों को इंडस्ट्री-रेडी बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# यूपी में मनरेगा से रिकॉर्ड 48 लाख से अधिक परिवारों को मिला रोजगार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रोजगार सृजन को लेकर सकारात्मक और ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 48 लाख से अधिक परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इनमें 31 प्रतिशत से अधिक परिवार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं, जो सामाजिक समावेशन और समान अवसर की दिशा में योगी सरकार के प्रयासों और प्राथमिकता को दर्शाता है।



राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के तहत 97 प्रतिशत से अधिक श्रमिकों को समय पर भुगतान किया जा चुका है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में भरोसा बढ़ा है और श्रमिकों को उनकी मेहनत का पूरा और पारदर्शी लाभ मिल रहा है। योगी सरकार ने 6703 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की है, जिससे गांवों में आय के नए स्रोत तैयार हुए हैं।

अनुसूचित जाति-जनजाति के परिवारों को मनरेगा में विशेष प्राथमिकतायोगी सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों को रोजगार के साथ सम्मान भी मिले। इसी सोच के तहत अनुसूचित जाति-जनजाति के परिवारों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि पलायन पर भी प्रभावी रोक लगी है। समावेशी विकास और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में रोजगार सृजन का बेहतर माहौल बन रहा है। मनरेगा के जरिए गांवों में विकास कार्यों को गति मिल रही है और लाखों परिवार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। यह मॉडल उत्तर प्रदेश में समावेशी विकास और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर पेश कर रहा है।

### विघुत बिल संशोधन व निजीकरण के खिलाफ आज दिल्ली में बनेगी रणनीति

**लखनऊ।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध के साथ इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के विरोध में बिजली कर्मचारियों की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफइलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की संयुक्त किसान मोर्चा और अखिल भारतीय ट्रेड यूनियनों के केन्द्रीय पदाधिकारियों के साथ 14 दिसंबर को दिल्ली में मीटिंग हो रही है जिसमें संयुक्त संघर्ष की रणनीति तय की जाएगी और आंदोलन के कार्यक्रमों की घोषणा की जायेगी। उन्होंने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा और अखिल भारतीय ट्रेड यूनियनों की इस बात पर सहमति हो गई है कि इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 संपूर्ण बिजली क्षेत्र का निजीकरण करने के लिए लाया गया है।

# प्रदेश के युवाओं को रोजगार को 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' का गठन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉक्टर एमके शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने हेतु 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' गठन किया गया है।

श्रम एवं सेवायोजन द्वारा विधानसभा लखनऊ से 18 अगस्त, को 'रोजगार महाकुम्भ 2025' हेतु महाकुम्भ अभियान का शुभारम्भ किया गया है। रोजगार महाकुम्भ के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर तीन लाख के साथ-साथ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 25 हजार नौकरिया उपलब्ध करायी जानी है।श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा 'रोजगार महाकुम्भ-2025' का प्रथम चरण का आयोजन 26 से 28 अगस्त तक इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में किया गया है। जिसमे 16,212 युवाओं का रोजगार हेतु चयन हुआ, इनमें 1,612 युवाओं का चयन विदेश हेतु हुआ है। वाराणसी में 9-10 दिसंबर राजकीय आईटीआई करौन्दी, वाराणसी परिसर में काशी सांसद रोजगार महाकुम्भ-2025 का आयोजन किया गया जिसमें लगभग इक्कीस हजार रिक्तियों यथा मार्केटिंग, प्रोडेक्शन, मशीन आपरेटर, सेल्स, नर्सिंग, ड्राईवर, सप्लाई चेन, आटोमोबाईल, होटल, इत्यादि क्षेत्रों की 293 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इन रिक्तियों के सापेक्ष हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, परास्नातक इत्यादि योग्यता प्राप्त लगभग 22,725 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इनमें से 8,054 अभ्यर्थी रोजगार हेतु चयनित हुए जिसमें 85 अभ्यर्थी विदेश हेतु चयनित हैं।

# डिजिटल और आधुनिक तकनीक से बेहतर होगा प्रचार-प्रसार : विशाल सिंह

समृद्धि न्यूज

**सूचना विभाग सरकार व जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु**

**लखनऊ।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह की अध्यक्षता में सूचना निदेशालय में जनपदीय एवं मुख्यालय के अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

निदेशक सूचना ने विभाग की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने, कार्यप्रणाली में एकरूपता तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को और प्रभावी एवं तथ्यपरक ढंग से जनमानस तक पहुँचाने के निर्देश दिये। निदेशक सूचना विशाल सिंह ने कहा कि सूचना विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है। सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास कार्यो को सरल, स्पष्ट, तथ्यपरक और समयबद्ध ढंग से जनता तक पहुँचाना सूचना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

नकारात्मक एवं भ्रामक खबरों पर सतत् निगरानी रखते हुए तथ्यों के साथ प्रभावी एवं संतुलित प्रतिक्रिया देना आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है।निदेशक सूचना ने कहा कि सूचना विभाग को ऊर्जा, आत्मविश्वास और नेतृत्वकारी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

अधिकारी अपने-अपने जनपदों में सजग होकर पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए सरकार के विकास कार्यो एवं जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करें। प्रचार-प्रसार के माध्यमों का उपयोग करते हुए एवं आधुनिक तकनीक अपनाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। विगत 8 वर्षो में जनपदों में प्रदेश सरकार द्वारा कराये गये विकास कार्यो की सही जानकारी लोगों तक पहुंचायी जाय, जिससे लोगों में सरकार के नीतियों के प्रति किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे।

**आयोजन** | राजभवन, लखनऊ के अन्नपूर्णा हॉल में 'भिक्षामुक्त भारत' खेल महोत्सव-2025 का पुरस्कार वितरण

# भिक्षामुक्त भारत की ओर कदम : खेल-शिक्षा से बदलेगा बच्चों का भविष्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजभवन, लखनऊ के अन्नपूर्णा हॉल में शनिवार को आयोजित 'भिक्षामुक्त भारत' खेल महोत्सव-2025 का पुरस्कार वितरण समारोह किया गया।

यह दो दिवसीय खेल महोत्सव उम्मीद संस्था द्वारा भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश तथा जिला प्रशासन, लखनऊ के सहयोग से 'स्माइल परियोजना' के अंतर्गत आयोजित हुआ। आयोजन का उद्देश्य भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए बच्चों को शिक्षा, खेल और व्यक्तित्व विकास की मुख्यधारा से जोड़ना था। खेल महोत्सव में नगराम, सुगमाऊ, चिनहट, सदर, बुलबुलपुर एवं नवादा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 500 पुनर्वासोन्मुख बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




शनिवार को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। राज्यपाल ने कहा कि समाज और शासन के संयुक्त प्रयासों से आज ये बच्चे शिक्षा और खेल की मुख्यधारा में आगे बढ़ रहे हैं, जो सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने बच्चों को निरंतर परिश्रम और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा शिक्षकों के योगदान की सराहना की।

### राजभवन परिसर स्थित विद्यालय अब कक्षा दस तक संचालित

राज्यपाल ने बताया कि भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराया गया है और उन्हें बैंड का प्रशिक्षण भी दिया गया। मात्र एक माह के प्रशिक्षण के बाद इन बच्चों ने गणतंत्र दिवस परेड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने जानकारी दी कि राजभवन द्वारा पांच विद्यालयों को स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं। राजभवन परिसर स्थित विद्यालय अब कक्षा दस तक संचालित है, जिसे मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा चार करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। विद्यालय में स्पेस साइंस एवं इनोवेशन लैब की स्थापना भी की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में आज के बच्चे सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। यदि बच्चों को सही दिशा, शिक्षा और अवसर मिले तो वे देश का भविष्य संवार सकते हैं। कार्यक्रम में अवध कॉलेज के 19 स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# प्रदेश स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

जिला कबड्डी एसोसिएशन एवं जिला ओलंपिक संघ की संयुक्त बैठक एवं ट्रायल के उपरांत जिला बालिका कबड्डी टीम का चयन कर प्रेस सूचना जारी की गई। बैठक में दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों की उपस्थिति में शाहजहांपुर में प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित कराने को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। ट्रायल के बाद स्टेट प्रतियोगिता के लिए 14 सदस्यीय जिला बालिका टीम का चयन किया गया, जिसमें अनुष्का, कुंती, आलिया, प्राची, शीतल, बसंती, प्रिया, सलोनी, शोभना, गीतिका, त्रिशला, महजबी, वंदना सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। इस अवसर पर जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. संजीव कनौजिया ने बताया कि जिले के इतिहास में पहली बार 52वीं



जी.एल. कनौजिया (पूर्व सांसद) मेमोरियल महिला प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता 16 व 17 दिसंबर 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज, खिरनीबाग के खेल मैदान में संपन्न होगी। इसमें उत्तर प्रदेश पुलिस टीम सहित प्रदेश भर की कुल 16 टीमें प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने कहा कि यह शाहजहांपुर के लिए गर्व का विषय है और सभी पदाधिकारियों को आयोजन को सफल बनाने के निर्देश दिए। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. विनय गुप्ता ने कहा कि यह प्रतियोगिता जिले के खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर है, जिससे उन्हें उच्च स्तरीय खिलाड़ियों का खेल देखने और सीखने का मौका मिलेगा। जिला ओलंपिक संघ के सचिव नरेंद्र त्यागी ने प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर कार्ययोजना प्रस्तुत की और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव एवं प्रो कबड्डी ऑफिशियल राहुल तोमर ने बताया कि यह प्रतियोगिता पूर्व सांसद एवं समाजसेवी स्वर्गीय डॉ. जी.एल. कनौजिया की स्मृति में आयोजित की जा रही है, जो शाहजहांपुर में कबड्डी के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में कबड्डी जगत की कई नामी हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। कबड्डी विश्व कप विजेता भारतीय टीम के कुछ स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन 16 दिसंबर को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। बैठक में विश्वनाथ प्रताप सिंह, मुदित सेठ, अजय पाल, पंकज सक्सेना, मुजाहिद, संजय, प्रेमपाल सिंह, सचिन प्रेमी, विपिन अग्निहोत्री, कोच निशांत चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## इम्पल्स 4.0 का छठा दिन ऊर्जा, संगीत व उत्साह से रहा भरपूर

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

राजकीय मेडिकल कॉलेज के वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव इम्पल्स 4.0 का छठा दिन पूरे उत्साह, जोश और मनोरंजन के साथ संपन्न हुआ। यह दिन विद्यार्थियों के लिए ऊर्जा, संगीत और रचनात्मकता से भरपूर अनुभव लेकर आया।दिन की शुरुआत साहित्यिक गतिविधियों से हुई, जिसमें कहानी लेखन और जश्न-ए-रेख्ता (शायरी प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में विशेष उत्साह और आनंद देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ विवेक, आईएमए अध्यक्ष समेत कई गणमान्य रहे।

प्रिंसिपल डॉ. राजेश कुमार ने बैच के समर्पण और इस अभिनव प्रयास



की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि इसने उत्सव के स्तर को बढ़ाया है। ?मुख्य अतिथि सी.एम.ओ. डॉ. विवेक मिश्रा सर ने छात्रों के उत्साह की प्रशंसा की। सांस्कृतिक रात में गायन, नृत्य और नाटक सहित कई रंगारंग प्रस्तुतियाँ हुईं, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। वेस्टर्न नाइट का सबसे बड़ा आकर्षण रहा दिल्ली स्थित प्रसिद्ध AAHRMb बैंड की धमाकेदार प्रस्तुति। बैंड की ऊर्जावान धुनों पर छात्र-छात्राओं के साथ-साथ संकाय सदस्यों ने भी जमकर आनंद लिया और नृत्य किया। बैंड की प्रस्तुति ने पूरे परिसर को संगीत और जोश से भर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार एवं विशिष्ट अतिथियों सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## खबरें एक नजर में

### फर्जी आधार कार्ड मामला, आरोपी से पूछताछ जारी

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहाँपुर।** गांव पल्हरई में फर्जी आधार कार्ड बनाने के आरोप में पकड़े गए दो आरोपियों से शुक्रवार को तहसीलदार और पुलिस इंस्पेक्टर लगातार पूछताछ में लगे रहे। हालांकि, आरोपियों से अभी तक कोई ठोस जानकारी हासिल नहीं हो सकी। देर शाम तक इस मामले में कोई रिपोर्ट भी दर्ज नहीं हुई थी। जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपी हरदोई जनपद के थाना शाहाबाद क्षेत्र के निवासी हैं और केवल सिस्टम को संचालित करते थे। आधार बनाने की प्रक्रिया में जिस व्यक्ति की आईडी का प्रयोग होता था, वह मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया गया। एसएसआई सकतावत सिंह ने बताया कि आरोपियों के पास उस व्यक्ति के अंगूठे का क्लोन मौजूद था, जिसके जरिए पूरा सिस्टम खोला और संचालित किया जाता था। बीती रात छापेमारी के बाद से अंगूठे का क्लोन गायब है, जिससे लैपटॉप को लॉग इन नहीं किया जा सका और पुलिस को ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई। पुलिस गाँव के उस कोटेदार को भी तलाश रही है, जिसके घर पूरा सिस्टम लगाकर आधार कार्डबनाए जा रहे थे। उसके पकड़े जाने पर भी कई अहम जानकारियाँ मिलने की उम्मीद है। इंस्पेक्टर राजीव तोमर ने बताया कि जांच अभी जारी है और तहसीलदार ने भी आरोपियों से पूछताछ की है। एसएसआई ने बताया कि फर्जी आधार बनाने के लिए पल्हरई के करीब सौ लोगों ने आवेदन किया था। प्रत्येक से डेढ़ से दो हजार रुपये लिए गए थे और कंप्यूटराइज्ड रसीदें दी गई थीं, जिसमें दावा किया गया कि दो से चार दिन में आधार कार्ड मिल जाएगा। पुलिस ने इस संबंध में ग्रामीणों से तलब किया है। बीते गुरुवार रात तहसीलदार अनुराग दुबे और पुलिस ने कोटेदार के घर छापा मारकर दो लोगों को पकड़ा। मौके से लैपटॉप, आंख और अंगुलियों के स्कैनर आदि बरामद किए गए हैं।

### फौजदारी वादों का निस्तारण, 19,100 रुपये अर्थदण्ड वसूला

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** बाह्य न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन जेएम पुवायां में राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में विचाराधीन इस न्यायालय की प्राचीनतम पत्रावली दीवानी वाद जो वर्ष 1993 में संस्थित हुई थी एवं उक्त पत्रावली बाह्य न्यायालय पुवायां में वर्ष 2002 में प्राप्त हुयी थी। उक्त पत्रावली में पक्षकारों के मध्य जमीन सम्बन्धी विवाद था, जिसमें न्यायालय के पीठासीन अधिकारी पारस यादव द्वितीय के प्रयास व मार्गदर्शन में पक्षकारों के मध्य सुलह के लिए मध्यस्थता की गयी। जिसके फलस्वरूप वादी एवं प्रतिवादियों ने आपसी सहमति के आधार पर उक्त वाद का निस्तारण करवाने को न्यायालय के समक्ष सुलहनामा प्रस्तुत किया। जिसमें कि उक्त वाद में पक्षकारों के अधिवक्ता, वादी पक्ष राहुल शुक्ला एडवोकेट व प्रतिवादी पक्ष बलवीर सिंह एडवोकेट का विशेष सहयोग रहा। राष्ट्रीय लोक अदालत में उक्त दीवानी वाद के अतिरिक्त अन्य 1967 फौजदारी वादों का निस्तारण किया गया एवं 19,100 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। इस मौके पर बलवीर सिंह एडवोकेट, राहुल शुक्ला एडवोकेट, सुबोध कनौजिया एडवोकेट, सुमित मिश्रा, मुकेश द्विवेदी एडवोकेट, सुधीर सक्सेना एडवोकेट, वब्लेश कुमार एडवोकेट, अंबुज मिश्रा एडवोकेट, लालाराम एडवोकेट, अजीत कुमार एडवोकेट, देवेश सिंह एडवोकेट, लक्ष्मण गौतम एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने ताला काटकर इनवर्टर का बैट्री एवं अन्य सामान किया पार

**अल्हागंज शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।** शाहजहांपुर जनपद के थाना अल्हागंज क्षेत्र के गांव मऊ खास के प्राथमिक विद्यालय के हेड मास्टर कृष्णा पाल ने थाने में प्रार्थना पत्र देने के बाद शनिवार दिन के 11-00 बजे बताया कि बीते दिन वह सुबह विद्यालय में टाइम से स्कूल पहुंच तो उन्होंने देखा कि उनके स्कूल के ऑफिस का ताला कटा पड़ा है अज्ञात चोरों ने ताला काट कर ऑफिस के अंदर रखा बैट्री एवं अन्य सामान चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि इस घटना को चोरों ने रात में अंजाम दिया होगा।उन्होंने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी एवं डायल 112 पुलिस को दी। डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और थाने में रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह कर चले गए। प्रधानाध्यापक कृष्ण पाल ने बताया की विद्यालय के ऑफिस का ताला काटा देखकर वह दंग रह गए इसके बाद उन्होंने अंदर जाकर देखा तोड़ा एवं इनवर्टर से संबंधित छोटे-छोटे सामान भी ले गए,उन्होंने बताया कि इस स्कूल में आए दिन अराजक तत्व निशाना बनाते रहते हैं। वहीं अल्हागंज थाना प्रभारी ओम प्रकाश पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेने के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### यूरिया खाद लेने जा रहे किसान को दबंग ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**जलालाबाद शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।** शाहजहांपुर जनपद के थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव भूल भुलागंज निवासी मनोज कुमार पुत्र मदनपाल थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट के बारे में रविवार दोपहर 12-00 बजे बताया की 9 दिसबंर को वहां अपने गांव भूल भुलागंज से मंगटोरा की साधन सहकारी समिति पर यूरिया की खाद लेने जा रहा था. तभी शिवचन्द्र पुत्र श्यामपाल व 3 अज्ञात व्यक्ति मिले जो उसके साथ दे बजे गाली गलौज करने लगे जब उन्होंने गलियों का विरोध किया तभी आरोपियों ने उसे लात घूसों लाठी डण्डों से काफी मारा पीटा जिससे उसका हाथ टूट गया तथा शोर शराबा सुनकर गव के तमाम लोग मौके पर आ गये नहीं उक्त जान से मार देता तथा जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पीड़ित ने थाना जलालाबाद में इसकी शिकायत की वही पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया. और एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वही संबंध में थाना प्रभारी राजीव तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों पर धारा वृद्धि के साथ अन्य आरोपियों पर भी केस दर्ज कर उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन शक्ति केंद्र का सीओ ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।**

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सीओ हितेंद्र कृष्ण ने सिंधौली कोतवाली पहुँचकर मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तैनात पुलिस कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

सीओ हितेंद्र कृष्ण ने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों की जानकारी लेते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता एवं जागरूकता से संबंधित व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी



चाहिए। मिशन शक्ति प्रभारी आजाद यादव से बातचीत करते हुए सराहना की।

निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की भी जांच की गई तथा आवश्यक सुधार के लिए संबंधित कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिसकर्मियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और पीड़ित महिलाओं को हर संभव सहयोग देने की अपील की।

# बीम गिरने से घायल राज मिस्त्री की जिला अस्पताल में मौत

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**

- सीएचसी में इमरजेंसी ड्यूटी पर डॉक्टर न मिलने पर हुआ जोरदार हंगामा
- अनुपस्थित डॉक्टर की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी : चिकित्साधीक्षक

निर्माणाधीन मकान का बीम गिरने से घायल हुए मिस्त्री को सीएचसी लाया गया। मौके पर डॉक्टर न होने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। आधे घंटे बाद आए डॉक्टर ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उधर इस संबंध में सीएचसी प्रभारी ओमेंद्र राठौर ने बताया कि इमरजेंसी में तैनात रहने वाले डॉक्टर की अनुपस्थिति की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। सोमवार सुबह नगर के मोहल्ला नितगंजा निवासी राज मिश्री मंसूर अहमद 55 पड़ोस में ही रह रहे अपने



छोटे भाई मंजूर अहमद के मकान की दीवार बना रहे थे। इसी दौरान बल्लियों की थोबो के खिसकने से भारी भरकम बीम उनके ऊपर आ गिरा। आनन फानन में सुबह करीब पौने नौ बजे सीएचसी लाया गया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर डॉक्टर के न होने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

आरोप है कि करीब आधे घंटे के बाद डॉक्टर पहुंचे और घायल मंसूर अहमद को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मनहूस खबर से घर में कोहराम मच गया।

मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि मंसूर अहमद अपने सगे भाई के मकान की दीवार बना रहे थे कि अचानक बीम गिरने से वह घायल हो गए । आरोप है कि यदि समय से उन्हें इलाज मिल जाता तो शायद उनकी जान बच सकती थी। मृतक का बेटा अहमदाबाद में फर्नीचर का काम करता है। जबकि बेटी फरहीन का रिश्ता तय है। उनके पत्नी चंदा का रो रोकर बुरा हाल है। बेटे को पिता की मौत की खबर दे दी गई है। सीएचसी में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के न मिलने की बाबत पूंछे जाने पर चिकित्साधीक्षक डॉ. ओमेंद्र राठौर ने बताया कि अनुपस्थित रहे डॉक्टर की रिपोर्ट विभागीय उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

# पीड़ित महिलाओं को समय पर न्याय मिले : एएसपी

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**

- महिला हेल्प लाइन व बाल मित्र केन्द्र का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

लखनऊ से आये मिशन शक्ति केन्द्र के अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कृष्ण ने शनिवार को थाना रोजा स्थित मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने हेल्पलाइन, बाल मित्र केन्द्र के संचालन व रखरखाव की जानकारी ली।

एएसपी ने केंद्र में मौजूद महिला एस आई पूनम दहिया से जानकारी ली और परामर्श कक्ष, शिकायत निस्तारण प्रक्रिया तथा महिलाओं की सहायता से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान एएसपी ने महिला सुरक्षा से जुड़ी प्रत्येक सेवा को अधिक प्रभावी और त्वरित बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने निर्देश दिए कि महिला हेल्पलाइन 1090 के माध्यम से हर जरूरतमंद महिला तक समय पर पहुंचनी चाहिए। पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने और नियमित रूप से जागरूकता बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया गया। उन्होंने उपस्थित महिला कर्मियों और अन्य स्टाफ को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसका उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को समय पर न्याय और हेल्पलाइन 1090 जैसी सुविधाएं हर जरूरतमंद महिला तक समय पर पहुंचनी चाहिए। पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने और नियमित रूप से जागरूकता बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

एएसपी ने उपस्थित महिला कर्मियों और अन्य स्टाफ को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मिशन शक्ति केंद्र का लक्ष्य सुरक्षा, विश्वास और त्वरित सहायता प्रदान करना है, और कार्यप्रणाली में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इस मौके पर सीओ सदर प्रियंक जैन व कार्यवाहक थाना प्रभारी गंगा सिंह मौजूद थे।

# महिला से अभद्रता का आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, जैतीपुर-शाहजहांपुर।**

पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उस पर एक महिला से मारपीट का आरोप है। यह कार्रवाई शनिवार को हवासपुर गांव में हुई।

पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक सूरजपाल पचौरी अपनी टीम, जिसमें कांस्टेबल राहुल यादव और रीना शामिल थे, हवासपुर गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों की रोकथाम के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि उदयप्रताप सिंह संध्या देवी से मारपीट कर रहा था।

संध्या देवी ने उदयप्रताप के खिलाफ एक प्रार्थना पत्र दिया था, जिसे लेकर वह विवाद कर रहा था। उपनिरीक्षक पचौरी और वहां मौजूद



अन्य लोगों ने उदयप्रताप को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना।

किसी अप्रिय घटना की आशंका और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया। आरोपी को जैतीपुर थाने लाया गया, जहां उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया।

### बंडा मंडी में नहीं कम हो रहा धान, कहां से आ रहा पता नहीं

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** प्रशासन की कार्रवाई के बाद धान क्रय केंद्रों बिचौलियों में दहशत का माहौल है। वहीं क्षेत्रीय खाद्य विपणन अधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यवधान डालने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की बात कही है।क्षेत्रीय खाद्य विपणन अधिकारी आर के सोनकर द्वारा धान क्रय व्यवस्था में बिचौलियों पर अंकुश लगाने के लिए किए जा रहे प्रयास अब असर दिखाने लगे हैं। जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बाद धान क्रय में अनियमितता के आरोप में तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज होने से मंडी परिसर में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई के बाद बिचौलियों के होश उड़ गए हैं और वे मंडी में नजर नहीं आ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि जैसे- ही बंडा क्षेत्र के तीन व्यक्तियों पर धान क्रय से संबंधित रिपोर्ट दर्ज हुई, उसके बाद से कुछ लोग किसान यूनियन और प्रभावशाली व्यक्तियों का सहारा लेकर मंडी परिसर में जबरन धान तुलवाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि प्रशासन की सतर्कता के चलते ऐसे प्रयासों पर भी नजर रखी जा रही है। वहीं क्षेत्रीय खाद्य वितरण अधिकारी आर. के सोनकर ने धान की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित मानकों पर ही खरा उतरने पर निरन्तर तौल किसान भाइयों की जारी रहेंगी। क्षेत्रीय खाद्य वितरण अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे धान को अच्छी तरह साफ-सुथरा और मानक के अनुरूप ही क्रय केंद्रों पर लाएं, ताकि तौल और भुगतान की प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा है कि पारदर्शी तरीके से धान क्रय सुनिश्चित करना प्राथमिकता है और बिचौलियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आईएएस अधिकारियों का प्रोमेशन, शाहजहांपुर का नाम भी सूची में शामिल

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने कई आईएएस अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया है। उक्त सूची में शाहजहांपुर के जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह का नाम भी शामिल है। प्रमोशन की खबर सामने आते ही प्रशासनिक महकमे में खुशी की लहर है। बता दें कि डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह अपने कार्यकाल के दौरान बेहतर प्रशासनिक कार्यशैली, विकास कार्यों की प्रभावी निगरानी और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में जिले में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हुआ है। आईएएस अधिकारियों को मिला यह प्रमोशन राज्य सरकार की ओर से उनके अनुभव, कार्यक्षमता



और सेवाओं को देखते हुए दिया गया है। इससे प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सशक्त होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### रेल कर्मचारी की ट्रक से कुचलकर मौत

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** रोजा थाना क्षेत्र के जमुई नहर के पास सड़क दुर्घटना में रेल कर्मचारी विनीत वर्मा की मौत हो गई। रोजा थाना क्षेत्र के बलिया गांव निवासी विनीत कुमार रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सिंह नगर टेलीकॉम विभाग में कार्य थे। आज सुबह जाने खेड़ा रेलवे स्टेशन पर रेलवे का कार्य चल रहा था। जहां केवल का काम निपटाकर वापस बाइक से रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन आ रहे थे। शाम 6:00 बजे जमुई गांव के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। ट्रक चालक भागने में सफल रहा। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया। शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही विनीत के घर में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हो गया। पिता की मौत के विनीत कुमार के रेलवे में नौकरी लगी थी। जिससे परिवार का पालन पोषण चल रहा था। सीनियर सेक्शन इंजीनियर डोभाल ने बताया जाने खेड़ा में टेलीकॉम का काम का चल रहा था। काम खत्म करके वापस रोजा जंक्शन आ रहा था। रास्ते में उसकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

# सज्जन व्यक्ति थे ओम प्रकाश : मनमोहन

- विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने दिया कंधा

**समृद्धि न्यूज जलालाबाद।**

पूर्व राज्यमंत्री राममूर्ति सिंह वर्मा के अग्रज डॉ0 ओमप्रकाश वर्मा का शनिवार को ढाईघाट के गंगा तट पर गमगीन माहौल के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। मुखाग्नि उनके बड़े बेटे अनिल वर्मा ने दी।

इस दौरान विमल गुप्ता कमल पाण्डेय अशोक द्विवेदी राजू मिश्रा पूर्व राज्यमंत्री अवधेश वर्मा, विधायक रोशन लाल वर्मा, शिव प्रकाश वर्मा, महापौर अर्चना वर्मा के पति राजेश वर्मा, ब्लाक प्रमुख मिर्जापुर प्रियांशु रघुवंशी, ब्लाक प्रमुख पति अमित सिंह, भाजपा नेता कौशल मिश्रा,



रामप्रताप सिंह चेयरमैन शकील अहमद, पूर्व चेयरमैन मनेन्द्र गुप्ता, भाजपा नेता गोपाल द्विवेदी, बार संघ अध्यक्ष सूरजपाल वर्मा, दिनेश गुप्ता फेनी ब्रह्म कुमार दीक्षित पूर्व ब्लाक प्रमुख गोपाल वर्मा सहित क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान, जिपंस व बड़ी संख्या मे क्षेत्रवासियों ने ढाईघाट पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। बता दें करीब 85 वर्षीय डा0 ओमप्रकाश वर्मा का शुक्रवार शाम बरेली के एक अस्पताल मे निधन हो गया था।

# हिंदू युवा वाहिनी ने संगठन को और अधिक मजबूत करने पर दिया बल

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।**

हिंदू युवा वाहिनी की एक महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में हुआ, जिसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं मंडल बरेली मनीष कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत शुक्ला द्वारा संगठन के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने,




जनहित के कार्यों को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

वक्ताओं ने कहा कि हिंदू युवा वाहिनी समाजहित, राष्ट्रहित और संगठनात्मक मजबूती के लिए निरंतर सक्रिय है। इस अवसर पर महेश सिंह, रज्जन मिश्रा, सुधीर सिंह, शुभम मिश्रा, दिनेश शुक्ला, विक्रम सिंह, मिथुन बाल्मिक, धीरज पासी, प्रदीप जाटव, मनोज राजपूत, संजीव यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई।

# 55 दिनों बाद पुलिस ने भाजपा नेता प्रीतम सिंह किसान को सीजेएम कोर्ट में किया पेश

- दो दिनों तक वृद्धाश्रम में पुलिस की निगरानी में रहेंगे लापता भाजपा नेता
- 16 दिसम्बर को हमीरपुर पुलिस हाई कोर्ट में करेगी पेश

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

डेढ़ माह से अधिक समय से गायब चल रहे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष को आखिर पुलिस ने लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया। पूर्व जिलाध्यक्ष एक मकान में रह रहे थे। शुक्रवार की रात पुलिस ने सीएचसी राठ में पूर्व जिलाध्यक्ष का मेडिकल कराया। शनिवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के लिए वृद्धाश्रम भेज दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष के बरामद होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

18 अक्टूबर 2025 को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह किसान के राठ रोड स्थित पेट्रोल पंप पर विवाद के बाद पुलिस उन्हें उठाकर थाने ले गई थी। दूसरे दिन उन्हें व लाइसेंसी रिवाल्वर को उनके पुत्र राघवेंद्र के सुपुर्द कर दिया था। इसके बाद प्रीतम सिंह किसान लापता हो गए थे। पुलिस



को प्रीतम सिंह के लापता होने की खबर तब हुई जब 28 अक्टूबर को हाई कोर्ट में उनके भाई वीर सिंह ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की।

कोर्ट ने तीन नवंबर को पुलिस को प्रीतम सिंह को कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए। जिसके बाद से पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने उनके पेट्रोल पंप पर ताले तोड़कर छापेमारी भी की, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। आठ दिसंबर को हाई कोर्ट में एसपी डा. दीक्षा शर्मा व्यक्तिगत रूप से पेश हुई थीं। तब कोर्ट ने उनकी बात सुनने के बाद उन्हें एक सप्ताह का और समय दिया था। इसके बाद पुलिस की टीमें और भी ज्यादा सक्रिय होकर उनकी तलाश में जुट गई।

55वें दिन शुक्रवार को हमीरपुर पुलिस को सूचना मिली कि लापता नेता लखनऊ के दुबग्गा में परिचित के मकान में है। हमीरपुर पुलिस ने उन्हें पकड़ कर हमीरपुर ले आई और शनिवार को सीजेएम कोर्ट में पेश किया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।कोर्ट के आदेश पर भाजपा नेता प्रीतम सिंह को मुख्यालय के वृद्धाश्रम में पुलिस की निगरानी में रखा गया है। इस दौरान प्रीतम सिंह नेता के परिजन उन्हें सिर्फ देख पाएंगे सिर्फ उनके वकीलों को मिलने की परमिशन दी गई है। आगामी 16 दिसम्बर मंगलवार को पुलिस उन्हें लेकर प्रयागराज हाई कोर्ट में पेश करेगी।

## पीड़ा से मुक्ति


देश में लंबे समय से यह मुद्दा सार्वजनिक विमर्श में रहा है कि विषम परिस्थितियों में एक त्रासदी से मुक्ति हेतु इच्छामृत्यु की अनुमति दी जाए या नहीं। समय-समय पर अदालती फैसलों ने मार्गदर्शक भूमिका निभाई है। साथ ही कोशिश की गई है कि इस छूट का दुरुपयोग न किया जा सके। हाल ही में एक ज्वलंत प्रसंग पर सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट टिप्पणी थी कि हमें अब कुछ करना होगा, इस तरह के त्रासद जीवन की कोई तार्किकता नहीं है। दरअसल, यह मामला एक 32 वर्षीय युवक का है, जो पिछले 13 सालों से कोमा जैसी स्थिति में है। यह अब केवल महज चिकित्सीय त्रासदी का मामला नहीं रह गया है। अब यह एक महत्वपूर्ण कानूनी और नैतिक प्रश्न भी बन चुका है। निश्चित रूप से शीर्ष अदालत की टिप्पणी देश में जीवन के अंतिम क्षणों में गरिमापूर्ण व्यवहार के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। निश्चय ही यह प्रसंग अतीत में बहुचर्चित अरुणा शानबाग के मामले की यादें फिर से ताजा कर देता है। इस प्रसंग ने ही देश को पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु के प्रश्न का सामना करने के लिये बाध्य किया था। वर्ष 2011 में, सुप्रीम कोर्ट ने अरुणा शानबाग के मामले में फैसला सुनाते हुए, सैद्धांतिक रूप से निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। दरअसल, अरुणा शानबाग एक भयानक हमले के बाद से ही 42 वर्षों से कोमा जैसी स्थिति में रही थीं। भले ही अदालत ने इस मामले में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी, लेकिन साथ ही उसके साथ कुछ प्रतिबंधात्मक सुरक्षा उपायों के अनुपालन के भी निर्देश दिए थे। निश्चित रूप से इस मामले में अदालती फैसला नैतिक प्रेरणा का स्रोत भी बना। कालांतर में जिसके चलते वर्ष 2018 में एक संविधान पीठ ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता प्रदान की। साथ ही इसके लिये एक आवश्यक प्रक्रिया भी निर्धारित की थी। जिसका मकसद था कि समाज में कहीं इस छूट का दुरुपयोग आपराधिक स्वार्थों के लिये न किया जा सके। वर्ष 2023 में, अदालत ने इन दिशानिर्देशों को और सरल बनाने का प्रयास किया। जिसमें इस बात पर बल दिया गया कि प्राथमिक और माध्यमिक चिकित्सा बोर्डों द्वारा स्थिति के मूल्यांकन की आवश्यकता रहेगी। फिलहाल देश में वही प्रक्रिया आज भी चल रही है। बहरहाल, वर्तमान मामले में बार-बार की गई अपीलें, इससे जुड़ी खामियों को भी उजागर करती हैं। दरअसल, ऐसे मामलों में पीड़ित को घर में दी जाने वाली देखभाल अपर्याप्त ही साबित होती है। वहीं दूसरी ओर राज्य का समर्थन भी पर्याप्त नहीं रहा है। इसके अलावा ऐसे मामलों से जुड़ी अनसुलझी नैतिक दुविधाएं असमंजस की स्थिति पैदा करती रही हैं। निस्संदेह, इस मामले में किसी युवा वयस्क के लिये निष्क्रिय इच्छामृत्यु की पहली स्पष्ट स्वीकृति हो सकती है। आज देश में हजारों मरीज कोमा जैसी अवस्था में नारकीय जीवन जी रहे हैं। जो उनके परिवारों के लिये भी एक त्रासदी की स्थिति है। जहां परिवार एक ओर भावनात्मक संकट से जूझ रहे होते हैं, वहीं रोगी के उपचार से जनित आर्थिक बोझ भी निरंतर बढ़ता जाता है। दूसरी ओर संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमापूर्ण मृत्यु के अधिकार पर भी सवाल उठते रहे हैं। निस्संदेह, अदालत को जटिल परिस्थितियों में जैविक अस्तित्व के कठोर विस्तार के बजाय रोगी की मुक्ति और परिवार की पीड़ा को प्राथमिकता देनी चाहिए। ऐसे में यदि एम्स 17 दिसंबर तक मामले में जीवन की निरर्थकता की पुष्टि करता है, तो निष्क्रिय इच्छामृत्यु की स्वीकृति एक मिसाल कायम कर सकती है। इसके बाद दुरुपयोग के खिलाफसुरक्षा उपायों को भी स्पष्ट किया जा सकेगा।

# विश्लेषणात्मक शोध-केंद्रित मानसिकता के महान गणितज्ञ रामानुजन

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

भारत हमारी मातृभूमि थी और संस्कृत यूरोपीय भाषाओं की जननी थी। भारत ने हमारे दर्शन, हमारे गणित के अधिकांश भाग और ईसाई धर्म में प्रतिपादित सिद्धांतों, जैसे स्वशासन और लोकतंत्र को जन्म दिया। अनेक मायनों में भारत माता हमारी माता हैं। सुप्रसिद्ध अमेरिकी इतिहासकार विल ड्यूरेंट (1885-1981) भारत में गणित की जड़ें वैदिक साहित्य में हैं, जो 4000 वर्ष से भी अधिक पुराना है। 1000 ईसा पूर्व और 1000 ईस्वी के बीच, भारतीय गणितज्ञों ने गणित पर विभिन्न ग्रंथ लिखे, जिन्हें पहली बार प्रस्तुत किया गया। प्राचीन हिंदू गणितज्ञों ने दशमलव प्रणाली, शून्य, त्रिकोणमिति, ज्यामिति, बीजगणित, अंकगणित, ऋणात्मक संख्याएँ, घात, वर्गमूल और द्विघात समीकरण सहित कई अवधारणाओं का आविष्कार और विकास किया। वे यूरोप सहित दुनिया के लगभग हर कोने के गणितज्ञों से काफी आगे थे। श्रीनिवास रामानुजन, जो एक धर्मनिष्ठ हिंदू थे, ऐसे ही एक असाधारण गणितज्ञ थे।

श्रीनिवास रामानुजन (1887-1920), इतिहास के महानतम गणितज्ञों में से एक, ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रृंखला, सतत भिन्न, संख्या सिद्धांत और खेल सिद्धांत जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपने योगदान से बीसवीं शताब्दी के गणित को नया रूप दिया। रामानुजन का निधन महज 32 वर्ष की आयु में हो गया, फिर भी उन्होंने अपने जीवनकाल में गणित में इतना विशाल योगदान दिया जिसकी बराबरी कुछ ही लोग कर पाए। आश्चर्यजनक रूप से, उन्होंने कभी भी गणित की कोई औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की। उनके अधिकांश गणितीय निष्कर्ष केवल अंतर्ज्ञान पर आधारित थे और अंततः सही साबित हुए। एक साधारण और कभी-कभी कठिन जीवन के साथ, उनका व्यक्तिगत जीवन उनके महान कार्यों जितना ही आकर्षक है। हर साल 22 दिसंबर को रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाई जाती है। भारत के तमिलनाडु के इरोड में जन्मे रामानुजन ने कम उम्र में ही गणित का असाधारण सहज ज्ञान दिखाया। रामानुजन गणित के क्षेत्र में विलक्षण प्रतिभा के धनी थे, लेकिन उनका जीवन सुगम नहीं रहा। 1904 में उन्हें कॉलेज छात्रवृत्ति मिली लेकिन गैर-गणितीय विषयों में खराब प्रदर्शन के कारण वे इसे जल्द ही खो बैठे। 1911 में श्रीनिवास रामानुजन ने अपने गणितीय सिद्धांतों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अपना पहला लेख लिखा। कैम्ब्रिज में उनके मार्गदर्शक रहे प्रसिद्ध ब्रिटिश गणितज्ञ जी.एच. हार्डी ने उन्हें अपने शोधों को कई शोध पत्रों में प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित किया। 1918 में रामानुजन रॉयल सोसाइटी के फेलो के रूप में शामिल होने वाले दूसरे भारतीय थे। रामानुजन की उपलब्धियों में भव्यता, गहनता और आश्चर्य का अद्भुत संगम था। दुख की बात है कि 1918 में रामानुजन अस्वस्थ हो गए। भारत लौटने से पहले उन्होंने एक वर्ष से अधिक समय तक वहीं स्वास्थ्य लाभ किया। इसके बाद उनका स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया और 26 अप्रैल, 1920 को उनका निधन हो गया। जैसा कि अनुमान लगाया जा सकता है, एक मरणासन्न व्यक्ति अपना काम रोक देता है और अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा करता है। फिर भी, रामानुजन ने अपने अंतिम वर्ष के दौरान गणित के क्षेत्र में कुछ सबसे अंतर्दृष्टिपूर्ण रचनाएँ प्रस्तुत कीं। एक सदी से अधिक समय बीत जाने के बावजूद, उनकी गणितीय खोजें आज भी प्रासंगिक बनी हुई हैं। ÷रामानुजन न केवल एक गणितज्ञ के रूप में महत्वपूर्ण हैं, बल्कि मानव मन की क्षमताओं के बारे में उनकी अंतर्दृष्टि के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।÷ ÷हम रामानुजन जैसी प्रतिभा को खोने का जोखिम नहीं उठा सकते, क्योंकि वे बहुत ही दुर्लभ और मूल्यवान होते हैं। दुनिया में कहीं भी कोई भी प्रतिभावान व्यक्ति उभर सकता है। हम भाग्यशाली हैं कि वे हममें से एक थे। दुर्भाग्य से, हममें से अधिकांश लोग रामानुजन के जीवन और कार्यों के बारे में बहुत कम जानते हैं, जबकि उनका कार्य गूढ़ है। गणित के इतिहास में एक विलक्षण व्यक्ति, श्रीनिवास रामानुजन मानव मन की अद्भुत शक्ति का प्रतीक हैं। रामानुजन के दृष्टिकोण में गणितीय कौशल, आत्मनिरीक्षण और सनातन धर्म की आध्यात्मिक समझ का कुशल मिश्रण था।



**गणित की आध्यात्मिक उपमाओं के रूप में उनकी मौलिक व्याख्या और समीकरणों के प्रति उनके दार्शनिक दृष्टिकोण ने गणित और आध्यात्मिकता के बीच संबंध को उजागर किया। हिंदू वैदिक ज्ञान का उपयोग करते हुए, रामानुजन के वैचारिक ब्रह्मांड की गहराई और जिस तरह से उन्होंने गणितीय चिंतन में मेटाकॉग्निशन के महत्व को दर्शाया, वह सराहनीय है। रामानुजन का जीवन और कार्य ब्रह्मांड के रहस्यों को सुलझाने के लिए समर्पित एक व्यक्ति का आकर्षक चित्र प्रस्तुत करता है, क्योंकि इसमें गणितीय क्षमता और आध्यात्मिक गहराई का दुर्लभ संयोजन देखने को मिलता है। उनके शोध में गणित, आध्यात्मिकता और दुनिया के जटिल जाल की गहरी समझ निहित है, और यह मानव मन की असीम क्षमता का प्रमाण है जब वह संज्ञानात्मक सीमाओं से परे जाने का साहस करता है। रामानुजन ने बाद में कहा कि शून्य, ऐसा प्रतीत होता था।**

गणित की आध्यात्मिक उपमाओं के रूप में उनकी मौलिक व्याख्या और समीकरणों के प्रति उनके दार्शनिक दृष्टिकोण ने गणित और आध्यात्मिकता के बीच संबंध को उजागर किया। हिंदू वैदिक ज्ञान का उपयोग करते हुए, रामानुजन के वैचारिक ब्रह्मांड की गहराई और जिस तरह से उन्होंने गणितीय चिंतन में मेटाकॉग्निशन के महत्व को दर्शाया, वह सराहनीय है। रामानुजन का जीवन और कार्य ब्रह्मांड के रहस्यों को सुलझाने के लिए समर्पित एक व्यक्ति का आकर्षक चित्र प्रस्तुत करता है, क्योंकि इसमें गणितीय क्षमता और आध्यात्मिक गहराई का दुर्लभ संयोजन देखने को मिलता है। उनके शोध में गणित, आध्यात्मिकता और दुनिया के जटिल जाल की गहरी समझ निहित है, और यह मानव मन की असीम क्षमता का प्रमाण है जब वह संज्ञानात्मक सीमाओं से परे जाने का साहस करता है। रामानुजन ने बाद में कहा कि शून्य, ऐसा प्रतीत होता था, परम वास्तविकता का प्रतिनिधित्व करता है। अनंत, या 8, उस वास्तविकता की विभिन्न अभिव्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करता है। उनका गणितीय परिणाम, 8म0, एक संख्या नहीं, बल्कि सभी संख्याएँ थीं, जिनमें से प्रत्येक सृजन की व्यक्तिगत क्रियाओं के समतुल्य थी। यह शून्य को शून्य से भाग देने के प्रति उनके बचपन के आकर्षण को प्रतिध्वनित करता है। गणित के प्रति रामानुजन का दृष्टिकोण अपरंपरागत था। रामानुजन ने परस्पर संबंध को स्वीकार किया, जबकि अधिकांश गणितज्ञ व्यक्तिपरक और वस्तुनिष्ठ को अलग करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने गणित को केवल भौतिक ब्रह्मांड को समझने के एक उपकरण के रूप में ही नहीं, बल्कि दिव्य ज्ञान को प्रकट करने में सक्षम भाषा के रूप में भी माना। इस विश्वदृष्टि ने उन्हें संख्याओं और समीकरणों में अंतर्निहित आध्यात्मिकता को देखने में सक्षम बनाया।

## विचार

# ऊर्जा संरक्षण : आज की आदत, कल का भविष्य

**योगेश कुमार गोयल**



**राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस (14 दिसम्बर) पर विशेष**

**विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में ऊर्जा की बचत कर सकता है।**

ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन किया जाता है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था। दरअसल, दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है।

अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा अपव्यय कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में ऊर्जा की बचत कर सकता है। पुराने बल्वों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आई.एस.आई. चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें।

यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, ए.सी., हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए।

विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है। वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा। हालांकि ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा।


## गीता : कर्म प्रेरणा का ग्रंथ

**हृदयनारायण दीक्षित**

गीता एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय चर्चा में है। इसी माह आगे पीछे एक साथ दो घटनाएं हुईं। एक बार फिर गीता की चर्चा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। गीता भारतीय दर्शन का प्रतिनिधि दर्शन है। प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति को गीता भेंट की है। पुतिन यहां भारत यात्रा पर आए हुए थे। मोदी इसके पहले चीन, अमेरिका, जापान आदि के राष्ट्र प्रमुखों को गीता की प्रति भेंट कर चुके थे। इधर एक मजेदार घटना हुई। कोलकाता में गीता को लेकर विशाल सम्मेलन हुआ। कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने गीता को प्रतिष्ठित ग्रंथ घोषित किया था।

गीता कर्म प्रेरणा का ग्रंथ है। गीता विशालकाय महाभारत का हिस्सा है। लेकिन महाभारत के भीष्मपर्व के मूल कथानक से इसकी पर्याप्त संगति है। ऋग्वेद के रचनाकाल के समय से लेकर आज तक समय का बड़ा फासला है। गीता में ऋग्वेद का दर्शन और अनुभूतियाँ हैं। अथर्ववेद का कालसूक्त गीता में भयानक काल होकर प्रकट हुआ है। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा कि, हे भगवान, आप उग्र रूप वाले कौन हैं? कृष्ण ने उत्तर दिया, कालोअस्मि लोकोक्षय प्रवृत्ते- मैं काल हूं और लोकों को समाप्त करने के लिए, प्राण लेने के लिए प्रवृत्त हूं। गीता में विश्व दर्शन की लगभग सारी अनुभूतियां हैं। महात्मा गांधी गीता पर मोहित थे। उन्होंने अपने अखबार यंग इंडिया में लिखा था, जब निराशा मेरे सामने आ खड़ी होती है और जब बिल्कुल एकाकी मुझको प्रकाश की कोई किरण नहीं दिखाई देती, तब मैं गीता की शरण लेता हूं। कोई न कोई श्लोक मुझे ऐसा दिखाई पड़ जाता है कि मैं विषम विपत्तियों में भी मुस्कुराने लगता हूं। मेरा जीवन विपत्तियों से भरा रहा और यदि वे मुझ पर अपना कोई दृश्यमान अमिट चिह्न नहीं छोड़ सके तो इसका श्रेय भगवद्गीता की शिक्षाओं को ही है। गांधीजी की बात भावनात्मक है लेकिन तथ्य भी यही है कि गीता प्रभावित करती है और सुख-दख में समान भाव की दृष्टि का विकास करती है।

प्रसिद्ध यूरोपीय विद्वान एडविन अर्नाल्ड ने गीता पर ग्रंथ लिखा था 'सैलेशियल सॉन्ग'। उसने गीता की व्याख्या करने वाले अनेक पूर्ववर्ती विद्वानों की प्रशंसा की और लिखा कि इस ग्रंथ के अभाव में अंग्रेजी साहित्य अधूरा रह जाता है। बंगाल में सन 1784 में एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई। सोसाइटी की प्रेरणा से चार्ल्स विलकिंस ने गीता का अनुवाद किया। ईस्ट इंडिया कंपनी की मदद से यह अनुवाद लंदन में छपा। तत्कालीन गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग ने इस कृति की लिखित प्रशंसा की थी। भारत के राष्ट्रपति रहे प्रख्यात दर्शनशास्त्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन थे। उन्होंने लिखा, भगवद्गीता एक दर्शन ग्रंथ है और एक प्राचीन धर्म ग्रंथ भी है। उन्होंने गीता का भाष्य किया। गीता ने सारी दुनिया को प्रभावित किया। इसका प्रभाव चीन और जापान तक पड़ा। जर्मन धर्म के अधिकृत भाष्यकार जे. डब्लू. होवर ने लिखा, यह सब कालों में सब प्रकार के धार्मिक जीवन के लिए प्रमाणिक है। इसमें इंडो जर्मन धार्मिक इतिहास के महत्वपूर्ण दौर का प्रमाणिक निरूपण है। लोकमान्य तिलक ने भी गीता की व्याख्या की और गीता रहस्य नामक ग्रंथ लिखा। गीता रहस्य में प्रवृत्तिमार्गी दृष्टि है। गीता रहस्य को बहुत प्रतिष्ठित ग्रंथ माना जाता है। गीता का आनंद किसी भी पृष्ठ से लिया जा सकता है। विश्व रूप को ही देखिए, संजय ने धृतराष्ट्र को बताया, रोमांचित विस्मित अर्जुन ने श्रीकृष्ण को प्रणाम किया और कहा मैं आपके शरीर में सभी देवताओं और तमाम जीवों को देख रहा हूं। मैं कमलासीन ब्रह्मा, शिव और सभी ऋषियों को व सर्पों को देख रहा हूं। आपके अनेक हाथ हैं, अनेक मुख हैं और अनेक आंखें हैं। एक ही केन्द्र पर समूचे ब्रह्माण्ड को देखना बड़ी बात है। श्रीकृष्ण द्वारा दिखाए गए दिव्यरूप ऋग्वेद के पुरुष से मिलते हैं। ऋग्वेद का पुरुष भी सहस्त्रशीर्षा, सहस्त्र पैरों वाला है। गीता में अर्जुन द्वारा देखे गए विश्वरूप का वर्णन है। अर्जुन इस रूप को देखकर कांप उठा और बोला अनेक मुखों, आंखों, भुजाओं, पैरों, पेटों, बड़े-बड़े दांत वाले इस भयानक रूप को देखकर सब डर गए हैं। अर्जुन ने पूछा, आप कौन हैं? भयानक उग्र रूप वाला तू कौन है? आपको नमस्कार है।



## राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**बृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से उत्साहित होंगे।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंहः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कायरे की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# हमारे हितों की अनदेखी कर हमसे दोस्ती मुमकिन नहीं

**ब्रह्मा चेलानी**

**यह नीति कभी सिर्फ भाषणबाजी तक ही सीमित नहीं रही थी। पिछले एक दशक में तो अमेरिका-भारत सुरक्षा संबंध तेजी से गहराए थे- विशेषकर सैन्य इंटर-ऑपरेबिलिटी, खुफिया सहयोग और तकनीकी लेनदेन के स्तर पर। वास्तव में, भारत-अमेरिका रिश्तों में बढ़त का एक हिस्सा तो ट्रम्प के पहले कार्यकाल में घटा था। चीन पर दबाव बढ़ाने और पाकिस्तान को दी जाने वाली सुरक्षा सहायता घटाने के साथ ही ट्रम्प ने भारत के साथ सहयोग को बढ़ाया, जो उनकी इंडो-पैसिफिक रणनीति के केंद्र में था। इसका असर भी स्पष्ट है : भारत आज किसी भी अन्य देश की तुलना में अमेरिका के साथ अधिक सैन्य अभ्यास करता है और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन चुका है। लेकिन इसी प्रक्रिया के बीच अमेरिका ने भारत को सतर्क रहने के कई कारण भी दिए।**

अमेरिका की भारत-नीति दिन-ब-दिन अधिक विद्वेषपूर्ण होती जा रही है, लेकिन उसे यह मालूम होना चाहिए कि दीर्घकालिक अमेरिकी रणनीतिक हितों के लिए भारत से अधिक महत्वपूर्ण कोई और शक्ति नहीं है। क्योंकि जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति और सैन्य क्षमता- जिनमें परमाणु क्षमता भी शामिल है- के लिहाज से भारत एकमात्र ऐसा देश है, जो एशिया पर प्रभुत्व जमाने और अमेरिका के वर्चस्व को बेदखल करने की चीन की कोशिशों को चुनौती दे सकता है। जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के कार्यकाल से ही वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति-संतुलन बनाए रखने के लिए भारत के साथ साझेदारी को निर्णायक माना है।

यह नीति कभी सिर्फ भाषणबाजी तक ही सीमित नहीं रही थी। पिछले एक दशक में तो अमेरिका-भारत सुरक्षा संबंध तेजी से गहराए थे- विशेषकर सैन्य इंटर-ऑपरेबिलिटी, खुफिया सहयोग और तकनीकी लेनदेन के स्तर पर। वास्तव में, भारत-अमेरिका रिश्तों में बढ़त का एक हिस्सा तो ट्रम्प के पहले कार्यकाल में घटा था। चीन पर दबाव बढ़ाने और पाकिस्तान को दी जाने वाली सुरक्षा सहायता घटाने के साथ ही ट्रम्प ने भारत के साथ सहयोग को बढ़ाया, जो उनकी इंडो-पैसिफिक रणनीति के केंद्र में था।

इसका असर भी स्पष्ट है रू भारत आज किसी भी अन्य देश की तुलना में अमेरिका के साथ अधिक सैन्य अभ्यास करता है और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन चुका है। लेकिन इसी प्रक्रिया के बीच अमेरिका ने भारत को सतर्क रहने के कई कारण भी दिए। अफगानिस्तान से उसका अव्यवस्थित पलायन- जो बाइडेन के कार्यकाल में हुआ लेकिन जिसकी बुनियाद ट्रम्प द्वारा किए समझौते से पड़ी थी- ने अमेरिकी नेतृत्व की समझदारी और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए, क्योंकि इसने अफगानिस्तान को फिर से तालिबान के हवाले कर दिया।

चिंताएं 2022 में तब और बढ़ीं, जब बाइडेन प्रशासन ने पाकिस्तान को आईएमएफ से बेलआउट दिलाने में मदद की और फिर उसके एफ-16 बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए 45 करोड़ डॉलर की भी मंजूरी दे दी। ट्रम्प ने भी पाकिस्तान के प्रति इस झुकाव को और तेज ही किया है, जिसका एक उदाहरण उससे की गई क्रिप्टोकरेंसी डील है। अमेरिका ने अकसर भारत के हितों की अनदेखी की है। इसके बावजूद रूस पर लगाए प्रतिबंधों को लागू कराने के मामले में वह भारत से पूरी निष्ठा की उम्मीद करता रहा। भारत इससे सहमत नहीं हुआ और उसने डिस्काउंटेड दरों पर रूसी तेल की खरीद बढ़ा दी। भारत को सुदूर यूरोप में चल रहे किसी संघर्ष के लिए अपने राष्ट्रीय हितों की बलि देने का कोई कारण नहीं दिखा, खासकर तब, जब रूस पर पश्चिमी दबाव का सबसे बड़ा लाभार्थी चीन था। भारत इस समीकरण को पहले भी देख चुका है। 2019 में जब ट्रम्प ने ईरान पर कड़े प्रतिबंध लगाए तो भारत अपने सबसे सस्ते और भरोसेमंद ऊर्जा स्रोतों में से एक से वंचित हो गया था। चीन ने इसका पूरा फायदा उठाया। उसने ईरानी कच्चा तेल भारी छूट पर खरीदा और वहां अपनी सुरक्षा मौजूदगी बढ़ाई। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद भी यही पैटर्न उभरा।

पश्चिमी बाजारों से रूस को अलग कर देने के बाद उस पर लगाए प्रतिबंधों ने उसे चीन पर आर्थिक रूप से निर्भर बना दिया, जिससे चीन को रूस से आने वाले ऊर्जा-आपूर्ति मार्गों को मजबूत करने की क्षमता मिल गई। अब चीन जानता है कि ताइवान पर कार्रवाई करने पर भी रूसी ऊर्जा तक उसकी पहुंच नहीं घटेगी। इस बार भारत ने भी रूसी तेल पर उपलब्ध छूट का लाभ उठाया। अमेरिका भारत को अपने लिए जरूरी बताता है, लेकिन उसके हितों की अनदेखी भी करता है। वह चाहता है कि भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में उसकी रणनीति का आधार बने, लेकिन वो ऐसी नीतियां भी अपनाता है, जो भारत की आर्थिक क्षमता, क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता को सीधे नुकसान पहुंचाती हैं। यही कारण है कि आज भारत अमेरिका के प्रति अविश्वास से भर गया है और उसे रूस से संबंध मजबूत करने को मजबूर होना पड़ रहा है। अमेरिका हमारे साथ अच्छे रिश्ते चाहता है तो उसे हमें बराबरी का दर्जा देना होगा। अमेरिका भारत को अपने लिए जरूरी बताता है, लेकिन उसके हितों की अनदेखी भी करता है। वह चाहता है कि भारत इंडो-पैसिफिक में उसकी रणनीति का आधार बने, लेकिन वो ऐसी नीतियां भी अपनाता है, जो हमें क्षति पहुंचाती हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# अवैध कनेक्शन लेकर वाहन धुलाई केंद्र पेयजल को कर रहा बर्बाद

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



13 दिसंबर कस्बा कुरारा में वाहन धुलाई केंद्र संचालक द्वारा पेयजल का पानी धुलाई में प्रयोग किया जा रहा है। जल संस्थान के कर्मचारियों की मिली भगत से पेयजल की पाइप लाइन से अवैध रूप से कनेक्शन कर पानी का उपयोग व्यापार के लिए किया जा रहा है। तथा मेन सड़क में वाहन खड़ा करके धुलाई की जा रही है। कस्बा कुरारा में बस स्टैंड के नजदीक संचालित वाहन धुलाई केंद्र में जल संस्थान की बड़ी पाइप लाइन में अवैध रूप से पानी का कनेक्शन कर वाहनों की धुलाई की जा रही है।

पेयजल वाले पानी का उपयोग वाहनों की धुलाई में अनवरत किया जा रहा है। इनके पास पानी का व्यापारिक कनेक्शन भी नहीं है। तथा पेयजल के पानी से जलसंस्थान के कर्मचारियों की मिली भगत से यह सेंटर संचालित हो रहे है।

हजारों लीटर पानी वाहन धुलाई में बर्बाद किया जा रहा है। तथा इसका कोई राजस्व भी विभाग को नहीं मिल पा रहा है। कर्मचारियों को प्रतिमाह निर्धारित सुविधा शुल्क देकर पानी का उपयोग व्यापार के लिए किया जा रहा है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि धुलाई के लिए वाहनों को मेन सड़क में खड़ा करके धुलाई की जा रही है। जिससे आधी सड़क में इनका कब्जा रहता है।

इससे वाहन निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क में पानी रहने से पैदल चलने वाले लोग फिसल कर गिर जाते है। जिससे लोग चोटिल हो रहे है। इस संबंध में जब जल संस्थान के लिपिक राजेंद्र कुमार से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि इसकी जांच कराकर इनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। कस्बा वासियों ने वाहन धुलाई सेंटर कस्बे के बाहर संचालित किए जाने की मांग की है।

## युवक के खिलाफ युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** नारायनपुर के एक व्यक्ति ने पड़ोसी गांव के युवक पर पुत्री को आत्महत्या करने के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है। मामला 5 दिसंबर का है।

नारायनपुर गांव निवासी आदित्य कुमार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 5 दिसंबर को मेरी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी तभी दोपहर 2:00 बजे पड़ोसी गांव सौंखर का निवासी रवि घर पर आया था। इसी बीच मेरा बेटा घर आ गया तो दरवाजा बंद था।

फाटक से झाककर देखा तो मेरी पुत्री फांसी पर लटक रही थी पिता का आरोप है कि मेरे पुत्र ने बताया कि रवि ने कहा था कि तुम्हें अगर कोई डांटे तो फांसी लगा लेना। पुत्र के बताने के बाद पिता ने युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

# खेल महोत्सव : हाकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में गोंडा ने रामपुर को 7-2 से हराकर फाइनल में किया प्रवेश

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के रहमानियां खेल ग्राउंड में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के अंतिम फेज में शुरू हुए ऑल इंडिया हांकी टूर्नामेंट मे शनिवार को दो सेमीफाइनल मुकाबला खेले गए। हांकी टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल गोंडा और रामपुर के मध्य खेला गया। सेमीफाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि दोहा कतर से आयी यूट्यूबर नेहा फैजी एवं उनके पति फ़ैज़ अहमद ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रगान पढ़कर मुकाबला शुरू कराया। जिसमे गोंदा ने रामपुर को 7-2 बड़े अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश पा लिया। गोंडा के दीपक पटेल को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ दी मैच से सम्मानित किया गया। इसके बाद दूसरा सेमीफाइनल इटारसी और बनारस के मध्य खेला गया, जिसमे इटारसी ने शुरू में ही अपनी पकड़ मजबूत बनाते हुए पहले क्वार्टर के मिनट में पहला गोल दागकर मुकाबला का रूख अपने तरफ़ मोड़ लिया। इसके बाद 22वें मिनट में बनारस ने अपना पहला गोल कर मुकाबला 1-1 से बराबर कर रोमांचक मोड़ पर ला दिया। इसके बाद बनारस ने अपना दूसरा गोल कर मैच में बढ़त हासिल की लेकिन इटारसी ने भी अपना दूसरा गोल कर मुकाबला 2-2 से बराबरी कर दिया। आगे का मुकाबला रात होने के कारण आज रविवार को खेला जाएगा। रामपुर के दीपक को मुख्य अतिथि नेहा फैजी द्वारा मैन ऑफ दी मैच की ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मुकाबले में रैफरी की भूमिका बृजेश कुशवाहा, रफीक अहमद व अमित गुप्ता जबकि स्कोरिंग जज अहसानुल हक व टेक्निकल अम्पायर की भूमिका प्रिंस मौर्या ने निभाई। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह, जुनैद मीनू, मोहम्मद लारैब, इफ़्तिख़ार रेंजर, नफीस दीवानजी सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस ने उमराहट गांव से दो वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार



**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के उमराहट गांव निवासी दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।क्षेत्र के उमराहट गांव में दो दिसंबर को हुए पुलिस कर्मी पर जानलेवा हमले के दो वांछित आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी धर्मपाल पुत्र लल्लू निषाद, भूरा पुत्र शिवराम निषाद को गांव के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राम आसरे सरोज, उपनिरीक्षक अजय वर्मा कांस्टेबल जसपाल सिंह, कृष्ण कुमार, कौशल झा मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

### उपभोक्ता एक कनेक्शन दो, शिकायत के बाद नहीं कर रहे बंद

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कैथी के एक ग्रामीण के नाम विद्युत विभाग में दो कनेक्शन कर रखे हैं एक कनेक्शन घरेलू है दूसरा कनेक्शन व्यवसायिक है। ग्रामीण की शिकायत के बाद विद्युत विभाग दूसरा कनेक्शन नहीं बंद कर रहा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत अधिशाषी अभियंता को शपथ पत्र देकर की है।कैथी निवासी राजकरन ने बताया कि उसके नाम पर घरेलू कनेक्शन के नाम से एक फर्जी व्यवसायिक कनेक्शन संख्या 1440724710 भी है जबकि उसके पास किसी तरह का कोई कारोबार नहीं है वह किसान है और खेती-बाड़ी करके जीवन यापन करता है। पीड़ित का आरोप है कि वह अवर अभियंता से लेकर उपखंड अधिकारी विद्युत से शिकायत करके थक गया है लेकिन किसी ने कुछ नहीं किया है। पिडित का कहना है उसके नाम से जारी फर्जी कनेक्शन की विभाग पीडी करने में आनाकानी कर रहा है। पीड़ित ग्रामीण ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को शपथ पत्र देकर अवगत कराकर न्याय की गुहार लगाई है। उपखंड अधिकारी विद्युत एमपी पाल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है मामले की जांच कराई जा रही है जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

### बाइक की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को ससुरालीजनों ने निकाला

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे की नई बस्ती निवासी एक विवाहिता ने ससुरालीजनों पर बुलेट बाइक की मांग पूरी नहीं पर ससुराल से निकाले जाने का आरोप लगाकर दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी दर्ज कराई है। नई बस्ती निवासी संध्या द्विवेदी ने बताया कि उसकी शादी जून 2021 में फतेहपुर जनपद के अमौली कस्बा निवासी शिवकुमार के साथ हुई थी। दहेज में मेरे पिता ने 10 लाख कीमत की कार,10 लाख नकद, ढाई लाख कीमत की गृहस्थी का सामान के लाखों रुपये के सोने के जेवरात दिए थे। इसके बाद पति शिवकुमार,सास गोमती,जेठ अनिल,देवर सुमित एक अदद बुलेट मोटर साइकिल की मांग करने लगे मना करने पर सभी ने उत्पीड़न शुरू कर दिया। साथ ही उसका जबरिया गर्भपात कराकर उत्पीड़न किया। 30 दिसंबर 2024 को सभी ने मिलकर उसे मारा पीटा और सारे जेवरात आदि छीनकर महज साड़ी व ब्लाउज में उसे घर से निकालकर बाहर कर दिया। घर से बाहर निकाल देने की सूचना पर उसने पिता को दी। पिता अमौली पहुंचे और ससुराली जनों को समझाने बुझाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन वह अपनी मांग पर अडे रहे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति, सास,जेठ,देवर को नामजद करके दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी दर्ज की है।

### यूरिया खाद के लिए विक्रय केन्द्र पर उमड़ी किसानों की भीड़



**समृद्धि न्यूज कुलपहाड़/महोबा।** सुबह से ही समिति में उमड़ी महिला -पुरुष किसानो की भीड़ देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यूरिया खाद के लिए किसान कितने परेशान है लंबी कतार में घंटों खड़े रहने को मजबूर है और खाद मिलने के बाद ही राहत महसूस कर रहे हैं तो कुछ किसानों में खाद न मिलने के बाद मायूस होकर वापस होने को मजबूर हो गये। नगर के तहसील भवन के सामने स्थित सहकारी समिति में यूरिया खाद के लिए सुबह से ही सैकड़ो की संख्या में महिला - पुरुष किसानों की भीड़ देखी गई , जहां प्रातः से ही टोकन बनवाने के बाद क्रमवार लाइन लगाकर खाद का वितरण कराया गया । किसानों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच खाद का वितरण होता रहा । लंबी-लंबी लाइन में लगे किसानो की भीड़ देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि अभी भी किसान यूरिया खाद की बोरी के लिए परेशान बना हुआ है । समिति में मौजूद वितरक बाबू संजय ने बताया है कि प्रत्येक किसान को दो-दो खाद की बोरी का विवरण किया जा रहा है,पहले पाने के कारण किसानों में धक्का मुक्की की जा रही है टोकन के बाद क्रमवार सभी को खाद उपलब्ध कराई जा रही है।

### नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का दिया संदेश

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** स्कूली छात्रों ने नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया। छात्रों की कब्बाली, आल्हा गायन, दीवारी नृत्य की प्रस्तुतियों को जमकर सराहा गया। शहर के डीएवी इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। प्रबंधक मनोज तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत कराते हुए छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र लक्ष्य बनाकर तैयारी करें। मेहनत और लगन से किए गए कार्य कभी भी व्यर्थ नहीं जाते। छात्रों के द्वारा भजन, गलल, लोकगीत,आल्हा गायन की शानदार प्रस्तुतियां दी। नाटक के माध्यम से शिक्षा के महत्व को उकेला और नशा मुक्ति का संदेश दिया। देश भक्ति पर आधारित नाटक को भी जमकर सराहा गया। समाजिक कुरीतियों को मिटाने का सकल्प लिया गया। मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया गया। विकास सेन, मोहनीश अनुरागी, प्रिंस शर्मा, उमंग सेन, अंकित कुमार कुशवाहा, करन, तेजस पांडेय, हर्ष, पियूष वर्माकी प्रस्तुतियों को जमकर सराहा गया। इस मौके पर शिक्षक विजय कुमार वर्मा, धनीराम सहित अन्य शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

# समाधान संघर्ष में नहीं बल्कि समझौते में होता है : आत्मानंद





**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में चल रही श्रीराम कथा के आठवें दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर आत्मानंद गिरि जी महाराज ने वन गमन की कथा को आगे सुनाते हुए कहा कि मनुष्य के मन में क्रोध नहीं होना चाहिए। राम कथा के आठवें दिन कथा व्यास ने भगवान राम के वन गमन की कथा सुनाते हुए कहा कि समाज संघर्ष से समाधान ढूंढने की कोशिश करता है। जबकि समाधान संघर्ष में नहीं बल्कि समझौते में होता है। उन्होंने समरसता का संदेश देते हुए कहा कि समाज में बड़े भाई का स्थान पिता की तरह है। इसलिए बड़े भाई को छोटे भाइयों को पुत्र की तरह प्यार और अधिकार देना चाहिए। देर शाम राम कथा में प्रसिद्ध गोल्डन बाबा आकर शामिल हुए। इनके रविवार को मंच से प्रवचन करने की संभावना है। कथा सुनने के लिए पंडाल खचाखच भरा हुआ था। इस मौके पर कथा के परीक्षित बिंदा साहू व उनकी पत्नी दुर्गा साहू आदि मौजूद रहे।

## बाइक की बैटरी बदलने को लेकर हीरो बाइक एजेंसी के सुपरवाइजर को पीटा

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** दो युवकों ने बाइक की बैटरी बदलने के विवाद में हीरो बाइक एजेंसी के सुपरवाइजर को गाली-गलौज करके जमकर पीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।हीरो बाइक एजेंसी के सुपरवाइजर सौरभ कुमार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गत 5 दिसंबर को शिवकुमार एवं अनमोल सिंह शराब के नशे में धुत होकर आए और बैटरी की समस्या से अवगत कराया। उसके द्वारा कुछ समय मांगने पर दोनों ने गाली गलौज करके मारा पीटा और जान से मार देने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से ठगी

▸ पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए दी गई रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी अंजुम पत्नी सरफुद्दीन ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसके पुत्र सुजाउद्दीन को सऊदी अरब भेजकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर कस्बा निवासी हाशिम पुत्र डम्मू हाजी जी ने उससे डेढ़ लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि कई महीने बीत जाने के बाद भी न तो युवक को विदेश भेजा गया और न ही रकम वापस की गई। जब रुपये लौटाने की मांग की जाती है तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। तथ्यों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बारात घर की जमीन पर कब्जे की शिकायत एसडीएम से

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पंचायत जलाला की प्रधान ने समाधान दिवस में एसडीएम सदर को संबोधित शिकायत सौंपकर पंचायत के बारात घर के सामने खाली पड़ी जमीन पर दबंग द्वारा कब्जा जमाने का आरोप लगाकर जमीन खाली कराने की मांग की है। जलाला की प्रधान विद्रो सिंह ने एसडीएम सदर को संबोधित शिकायत समाधान दिवस में देकर आरोप लगाया है कि उसकी पंचायत के मजरा भमौरा में बारात शाला बनी हुई है। बारातशाला के ठीक सामने खाली पड़ी जमीन पर गांव निवासी सुखलाल वर्मा ने कब्जा जमा दिया है।

इस वजह से गांव के गरीबों के यहां आने वाली बाराते यहां नहीं ठहर पाती हैं। ग्राम पंचायत खाली पड़ी जमीन पर बाउंड्री वॉल बनाना चाहती है तो दबंग कार्य करने से मना कर रहा है जबकि जमीन पर ग्राम सभा की है। ग्राम प्रधान ने एसडीएम से बारातशाला की जमीन का स्थान पर हुए कब्जे को हटाने की मांग की है।

## बच्चों के विवाद में बहू ने सास को पीटा, लिखाया मुकदमा

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा में बच्चों के विवाद के बीच बचाव करने पहुंची सास को पड़ोसियों ने गाली-गलौज करके मारपीट कर घायल कर दिया बहू ने पड़ोसियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मुंडेरा निवासी पूजा सिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसके बच्चे 11 दिसंबर को शाम 4:00 बजे घर के बाहर खेल रहे थे तभी पड़ोसी राजाराम का बच्चा मेरे बच्चे से लड़ने लगा शोर शराब सुनकर मेरी वृद्ध सास शिवकली सिंह बचाने गई। इसके नाराज होकर सीताराम गुप्ता, राजाराम गुप्ता, ऋचा गुप्ता ने गाली गलौज करके वृद्ध सास को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# एडीएम व एएसपी ने फरियादियों की सुनी समास्या, निस्तारण के दिये निर्देश



**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में अपर जिला धिकारी

व अपर पुलिस अधीक्षक ने आए हुए फरियादियों की समस्या सुनकर निस्तारण किया गया।थाना परिसर में आयोजित समस्या समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने मौजूद रहकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निस्तारण किया तथा राजस्व से संबंधित शिकायतों का लेखपाल को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश जारी किए। तथा इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक व समस्त लेखपाल मौजूद रहे।

## ओवररेट खाद व किल्लत से नाराज़ किसानों का पाठकपुरा में जाम, पुलिस के आश्वासन पर खुला मार्ग



**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज।** पनवाड़ी क्षेत्र के पाठकपुरा में खाद की किल्लत और ओवररेट बिक्री से परेशान किसानों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। पाठकपुरा हरपालपुर रोड पर किसानों एवं अन्य ग्रामीणों ने जाम लगा दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में समय पर खाद नहीं मिल रही है और जो खाद उपलब्ध है, उसे निर्धारित दर से कहीं अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है। जाम की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप के निर्देशानुसार वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र वर्मा एवं कस्बा इंचार्ज रामकिशन यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने कुशल नेतृत्व एवं सूझबूझ के साथ किसानों से संवाद स्थापित किया और स्थिति को शांतिपूर्ण तरीके से संभाला। धिकारियों ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। किसानों को यह भी आश्वासन दिया गया कि खाद की ओवररेट बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और सभी पात्र किसानों को नियमानुसार खाद का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। पुलिस प्रशासन के इस आश्वासन के बाद किसानों ने जाम खोल दिया और यातायात पुनः सामान्य हो सका। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने आरोप लगाया कि पाठकपुरा क्षेत्र सहित पनवाड़ी में स्थित कई खाद दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर खाद बेच रहे हैं। इससे छोटे और सीमांत किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए।

## अखिल भारतीय सिविल सर्विस लॉन टेनिस प्रतियोगिता में अतुल सिंह का चयन



**समृद्धि न्यूज महोबा।** आबकारी विभाग में कार्यरत अतुल सिंह ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से क्षेत्र और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। हाल ही में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सर्विस लॉन टेनिस प्रतियोगिता के लिए उनका चयन हुआ है। तीन चरणों में हुई चयन प्रक्रिया में शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए उन्होंने फाइनल राउंड में स्थान सुनिश्चित किया है। इसी सप्ताह महोबा जिले के जिला आबकारी अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने वाले अतुल सिंह के चयन से विभागीय अधिकारियों सहित महोबा के निवासियों में हर्ष का माहौल है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार,अतुल सिंह जो भी कार्य करते हैं, पूर्ण निष्ठा और समर्पण से करते हैं। इसी निष्ठा ने उन्हें प्रतियोगिता के फाइनल राउंड तक पहुँचाया है। अंतिम चरण में उनकी विजय होगी तो उनकी इस उपलब्धि को जिला खेल प्रेमी नई प्रेरणा के रूप में देख रहे हैं। महोबा के लोग उनकी सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं और फाइनल में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना कर रहे हैं।

# समाजसेवी ने किया निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजन

▸ विगत पांच वर्षों सें प्रत्येक माह हो रहा आयोजन, आधुनिक मशीनों से हो रही जांच

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के कस्बा पनवाड़ी में हरपालपुर रोड पर स्थित जय बड़ी माता इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल्स शोरूम में विगत पांच वर्षों से प्रत्येक माह की 13 तारीख को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आए मरीजों का आधुनिक मशीनों द्वारा नेत्र परीक्षण किया जाता है। जिसमें नेत्र जांच के दौरान मोतियाबिंद होने पर ऑपरेशन हेतु मरीजों को चिन्हित करके निःशुल्क सतगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट भेजा जाता है। शिविर के आयोजनकर्ता वरिष्ठ समाजसेवी एवं जलपुरुष के नाम से विख्यात राजनारायण उर्फ राजू मिश्रा नें मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि नर सेवा ही, नारायण सेवा है। इसी



### ग्रामीण अंचल के लोगों को मिल रही बड़ी राहत

समाजसेवी द्वारा प्रत्येक माह आयोजित करवाए जा रहे नेत्र शिविर सें ग्रामीण अंचल के लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। बड़ी संख्या में क्षेत्र सें ग्रामीण अंचल के लोग आंख परीक्षण हेतु आते हैं। शनिवार को संपन्न हुए नेत्र शिविर में सुरेश परिहार, ठाकुरदास कुशवाहा,देशराज अहिरवार,सरोज, मदन, नसीब, रामदुलारे,चंद्रभान यादव सहित सैकड़ो मरीज ने इलाज कराकर एवं निशुल्क चश्मा, दवा लेकर राहत की सांस ली।

भाव को लेकर उनके द्वारा सारे सामाजिक काम किए जाते हैं। आगे कहा कि यह शिविर विगत पांच वर्ष से प्रत्येक माह लग रहा है। जिसमें ग्रामीण अंचलों से आए मरीजों को निःशुल्क दवा वितरण, चश्मा तथा आंखों में मोतियाबिंद होने पर ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा जाता है। शनिवार को संपन्न हुए शिविर में लगभग 831 मरीजों का पंजीयन हुआ, नेत्र चिकित्सक डॉ प्रदीप व डॉ रामप्रताप पाण्डेय द्वारा आधुनिक मशीनों से मरीजो के नेत्रों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान मोतियाबिंद पाए जाने पर लगभग 63 मरीजों को चित्रकूट भेजा गया शेष मरीजों को निःशुल्क चश्मा व दवा का वितरण किया गया समाजसेवी द्वारा करवाए जा रहे इस पुनीत कार्य की लोग भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं। परीक्षण दौरान व्यवस्था को संतुलित रखने में आयोजक कमेटी ने पूर्ण मेहनत की जिसमें भरत तिवारी, जीतेन्द्र (पप्पू) सुल्लेरे, मनीष तिवारी, अनुज नायक, कपिल सक्सेना, सूरज श्रीवास सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर राष्ट्रीय सम्मान से कवि कमल सम्मानित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के एक शिक्षक व कवि कमलकिशोर को ग्लोबल आइकन आफ इंडिया द्वारा वर्ष 2025 के डा. भीमराव अंबेडकर राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। उनको यह सम्मान मिलने पर शिक्षकों, कवियों सहित उनके शुभचिंतकों में हर्ष की लहर दौड़ गयी है।

कुरारा विकासखंड के झलोखर गांव के मूल निवासी वर्तमान में मुख्यालय के अमन शहीद मोहल्ले के निवासी हैं जो कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरारा में सहायक अध्यापक हैं। वह साहित्यकार और समाजसेवा के साथ साथ अटेवा के जिला महासचिव एवं सर्वोदय साहित्य सेवा संस्थान के प्रबंधक भी हैं। कमलकिशोर ने बताया कि ग्लोबल आइकन ऑफ इंडिया महाराष्ट्र द्वारा वर्ष 2025 का डा. भीमराव अंबेडकर राष्ट्रीय सम्मान पत्र, मेडल और मोमेंटो संस्था ने डाक द्वारा प्रेषित किये हैं।

यह सम्मान उनके अभूतपूर्व शैक्षिक, सामाजिक और साहित्यिक योगदान के लिए प्रदान किया गया है। इसके पूर्व भी इन्हें तीन माह पहले सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल की एक संस्था द्वारा उत्कृष्ट शिक्षण कार्य हेतु भारत माता राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान 2025 से नवाजा गया था।

# रंगदारी न मिलने से आक्रोशित दबंगों ने दुकानों में लगाई आग

▸ दबंगों के कहर के बाद मेला प्रेमियों में मचा हड़कम्प

▸ तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर की जाँच शुरु

**समृद्धि न्यूज खन्ना/महोबा।**



थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम ग्योड़ी में लगे पांच दिवसीय मेला में दुकान लगाने के नाम पर दबंगों के द्वारा मांगी गई रंगदारी न देने से आक्रोशित हुए दबंगों ने मेला में लगी दुकानों में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। दबंगों ने रंगदारी न देने वाले दुकानदारों को दुकानें हटाने का फरमान जारी कर जमकर उत्पात मचाया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जाँच पड़ताल करते हुए तीन दबंगों के खिलाफ तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की गहनता से जाँच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम ग्योड़ी में पांच दिवसीय मेला में दूर-दूर से आए दुकानदारों के द्वारा दुकानें लगाई जाती हैं। बताया जा रहा है कि गांव के कुछ दबंग मेला लगने वाले स्थान को खुद की जमीन बताकर दुकानदारों से रंगदारी की मांग कर रहे थे। झूला लगाने वाली महिला दुकानदार सहित अन्य दुकानदारों ने रंगदारी न दी तो आक्रोशित दबंगों ने शुक्रवार को रात्रि में दुकानों में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे मेला में लगी पांच दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग को बढ़ता देखकर दुकानदारों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। सीमावर्ती हमीरपुर जिले के निवादा निवासी महिला दुकानदार निशा ने बताया कि वह झूला लगाए है। रंगदारी न देने पर दबंगों ने उसकी दुकान में आग लगा दी। जिससे झूला सहित बिस्तर और तीस हजार की नकदी जलकर खाक हो गई। कानपुर के दुकानदार अमीनुद्दीन की दुकान में आग लगाने से 20 हजार का नुकसान हुआ। जबकि घाटमपुर के आइसक्रीम दुकानदार हरीराम की दुकान में भी 50 हजार का नुकसान हुआ है। दबंगों ने मेला में जमकर उत्पात मचाते हुए रंगदारी न देने पर दुकानदारों को जालमाल की धमकी दी। दबंगों के उत्पात के बाद व्यापारी खासी दहशत में हैं। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर पीड़ित व्यापारियों के बयान दर्ज करते हुए जाँच की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपित अंकित द्विवेदी, कुलदीप द्विवेदी और प्रदीप सिंह के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जाँच शुरु कर दी है।

### ग्रामीण मेले में जुट रही थी भीड़

दबंगों के कहर के बाद मेला में सन्नाटा पसर गया है। हादसे के पहले तक मेला में लोगों की भीड़ जुटती थी। गांव सहित आस पास के लोग मेला देखने के लिए परिवार के साथ पहुंच रहे थे मगर दबंगों के द्वारा दुकानों में लगाई गई आग के बाद मेला में दुकानदार लोगों का इंतजार कर रहे हैं जबकि कई दुकानदारों ने दुकानें खोलने की हिम्मत नहीं जुटाई। ग्रामीण भी दबंगों के खौफ से कुछ भी कहने से बच रहे हैं। मेला में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल मुस्तैद किया गया है।

# जीडी गोयनका के छात्रों को आईआईटी बॉम्बे में मिला नेशनल एक्सपोजर

▸ छात्र यूरेका जूनियर फाइनल्स में पहुंचे

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के क्लास 6 ए के छात्र आरुष बघेल और सात्विक दुबे ने यूरेका जूनियर फाइनल्स में पहुंचकर संस्थान का नाम रोशन किया है।

यह एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का इनोवेशन प्लेटफॉर्म है। इन छात्रों को पूरे भारत के 6,000 से ज़्यादा स्कूलों में से चुना गया था और वे उन 16 फाइनल टीमों में शामिल थे जिन्हें अपना प्रोजेक्ट पेश करने का मौका मिला, जिसे उन्होंने आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ दिखाया। इस उपलब्धि की चेयरमैन डॉ. जितेंद्र यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन और प्रिंसिपल जैकब सेबेस्टियन ने सराहना करते हुए छात्रों को राष्ट्रीय मंच पर उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इन छात्रों को विशाल बिंद्रा ने ट्रेनिंग दी और उनके साथ गए, जिनका मार्गदर्शन और मेंटरिंग उनकी इस यात्रा में बहुत महत्वपूर्ण रहा। इस एक्सपोजर के तहत छात्रों ने आईआईटी बॉम्बे में प्रतिष्ठित ई-समिट में हिस्सा लिया, जहाँ उन्हें एंटरप्रेन्योरशिप, इनोवेशन और लीडरशिप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। उन्होंने स्नैपडील के जाने-माने एंटरप्रेन्योर कुणाल बहल, रोहित बंसल और बोट के अमन गुप्ता के प्रेरणादायक सेशन में भाग लिया एवं रोमांचक टेन-मिनट मिलियनेयर पिच देखी, जिससे उन्हें स्टार्टअप कल्चर का सीधा अनुभव मिला। सीखने का अनुभव न्यूज़ 18 की कंसल्टिंग एडिटर रुबिका लियाकत, लीडरशिप और मोटिवेशन एक्सपर्ट डॉ. विजेंद्र चौहान, गुपशुप एआई के को-फाउंडर राकेश माथुर और फेरारी के सीईओ बेनेडेटो विग्ना के प्रभावशाली सेशन के साथ जारी रहा, जिससे छात्रों को टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और लीडरशिप पर एक ग्लोबल नजरिया मिला। उनकी आत्मविश्वास भरी भागीदारी और प्रस्तुति एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी, जिसने उन्हें अमूल्य सीख और राष्ट्रीय स्तर का एक्सपोजर दिया। स्कूल ने छात्रों के शानदार प्रयास और उपलब्धि के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए स्वागत और सम्मान कार्यक्रम की योजना बनाई है।

# बहवलपुर में बदला गया स्पोर्ट्स स्टेडियम का लेआउट

▸ 3 करोड़ 16 लाख 63 हजार की लागत से हो रहा निर्माण

▸ लखनऊ से आए एडवाइजर ने किया निरीक्षण

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत 3 करोड़ 16 लाख 63 हजार रुपये की लागत से बहवलपुर में नगरपालिका स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण कार्य करा रही है लेकिन इसका लेआउट बदल गया है। योजना के एडवाइजर लखनऊ से आए डॉ.प्रशांत दीक्षित ने निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के जेई रविराज कौशल से निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जेई ने बताया कि स्टेडियम का लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। कुछ हिस्सों में लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था, जिसे प्रशासन की मदद से हटवाया गया है। वर्तमान में बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। स्वीकृत लेआउट में कुछ बदलाव किए गए हैं, हालांकि इससे लागत में कोई वृद्धि नहीं हुई है। पहले स्टेडियम स्टेट शेप में बन रहा था, लेकिन अब इसे एल शेप में परिवर्तित कर दिया गया है। डॉ.दीक्षित ने बताया कि अर्बन प्लाजा योजना के तहत पिछले वर्ष छिबरामऊ नगर पालिका ने स्पोर्ट्स स्टेडियम का प्रस्ताव भेजा था। अगले वर्ष मैरिज हॉल की योजना का प्रपोजल भी प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि लगभग दो महीनों के अंतराल में स्टेडियम का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। निरीक्षण के बाद एडवाइजर ने पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे और अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह से भी कार्य की प्रगति पर चर्चा की। यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं को खेल सुविधाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# समधन में घना कोहरा बढ़ी, ठंड अलाव जलने का इंतजार



नगर पंचायत ने नही की अलाव की व्यवस्था

**समधन, समृद्धि न्यूज।** मौसम ने करवट ली जिससे सर्दी बढ़ गई है। इस वर्ष का आखरी दिसंबर महीना लगभग आधा बीत चुका है अब मौसम ने करवट ले ली है धीरे-धीरे सर्दी भी बढ़ने लगी है शनिवार सुबह पहले ही दिन घना कोहरा की आगोश में समधन नगर ढका रहा कोहरे के कारण वाहनों की रफ़्तार धीमी रही कोहरे के कारण वाहन चालक दिन में भी हेडलाइट जलाते दिखाई दिए उधर किसानों की माने तो अब इस कोहरे से गेहूं फसल को काफी फायदा पहुंचेगा जगह-जगह लोग सर्दी से बचाव के लिए आग का सहारा लेते रहे। नगर पंचायत समधन में अभी तक अलाव जलवाए जाने की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। अलाव जलवाए जाने के संबन्ध में जब हमारे संवाददाता ने नगर पंचायत कार्यालय के अधिशासी अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो मोबाइल फोन से सम्पर्क ही नही हो सका।

## 1959 परीक्षार्थियों ने छोड़ी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को जिले में 11 केंद्रों पर हुई जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा-2026 का सकुशल संपन्न हुई। जिलाधिकारी आशुतोश मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने समस्त परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, संचालन एवं रिकॉर्डिंग की कार्यप्रणाली की विशेष रूप से जांच की। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को सकुशल व नकल विहीन परीक्षा कराने की निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में रहे जीआईसी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव ने भी प्राचार्य संदेश कुमार पांडेय के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# शहीद कमलेश कुमारी को अर्पित किए श्रद्धा सुमन





छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

24 वर्ष पहले आज ही के दिन 13 दिसंबर 2001 को 5 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने संसद पर हमला किया था। इसमें यहां के सिकंदरपुर निवासी अवधेश कुमार की पत्नी कमलेश कुमारी भी शहीद हुई थी। 11 गोलियां खाकर उन्होंने संसद में मौजूद 200 नेताओं की जान बचाई थी। सिकंदरपुर में शहीद स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सिकंदरपुर स्थित शहीद स्मारक पर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। सभी ने शहीद कमलेश कुमारी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन धारण कर उनकी स्मृति को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिकंदरपुर चेयरमैन हरिहर सिंह ने की, जबकि संचालन कारगिल युद्ध के वीर योद्धा कैप्टन जोगराज सिंह ने किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के इंस्पेक्टर मो. स्थापित विशेष रूप से सीआरपीएफ सेंटर, दिल्ली से पधारे। उन्होंने शहीद कमलेश कुमारी के बलिदान की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी वीरता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर कारगिल योद्धा कैप्टन रविन्द्र कुमार, रिटायर्ड सेना जवान पप्पू ठाकुर, रिटायर्ड सेना जवान मो. सलीम तथा विख्यात कवि हरिगोविंद शाक्य, पूर्व सपा विधायक अरविंद यादव, मोनू सिंह सतेंद्र सिंह, रामसेवक बाथम, अंकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उधर शहीद कमलेश कुमारी के नाम पर सिकंदरपुर नगर में बनाए गए दो प्रवेश द्वारों का लोकार्पण शहीद के पति अवधेश कुमार ने किया।

## जल, थल, वायु तीनों को प्रदूषित कर रही है पॉलिथीन : ओम रायजादा



छिबरामऊ, कन्नौज। आवास विकास स्थित सुप्रभाष अकादमी में समाजसेवी ओम रायजादा ने विद्यार्थियों को पॉलिथीन के गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पॉलिथीन जल, थल और वायु तीनों को बुरी तरह प्रदूषित कर रही है। उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से बच्चों को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया कि पॉलिथीन स्वाभाविक रूप से विघटित नहीं होती और हजारों वर्षों तक पर्यावरण में बनी रहती है। इसे जलाने पर घातक गैसें उत्पन्न होती हैं, जो वायु प्रदूषण का कारण बनती हैं। मिट्टी में दबने पर यह विषैले रसायनों का उत्पादन करती है, जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है। जल स्रोतों में बहने से जलीय जीव-जंतुओं की जान को गहरा खतरा पहुंचता है। उन्होंने कुत्ते या बिल्ली के काटने पर प्राथमिक उपचार की जानकारी भी दी और सभी से पॉलिथीन व प्लास्टिक का उपयोग त्यागने तथा कपड़े के थैलों का अधिकाधिक प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधक हिमांशु सक्सेना के सहयोग से सभी बच्चों को कपड़े के थैले वितरित किए गए। प्रधानाचार्य अलका गुप्ता और प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने ओम रायजादा को शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

# जीवन को सफल बनाने का माध्यम है स्काउटिंग : इंदिरा दूबे



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित स्काउट भवन में चल रहे तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जाँच शिविर के समापन समापन समारोह में नगर की समाजसेवी एवं स्काउट एंड गाइड की संरक्षक इंदिरा दुबे ने कहा कि स्काउटिंग मानव जीवन को सफल बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा इसके माध्यम से बच्चों में अनुशासन, सेवा, करुणा और मानवता का विकास होता है। स्काउट न केवल मानव सेवा, बल्कि सभी जीवों के प्रति सेवा भाव सिखाता है। जिला सचिव लज्जाराम वर्मा ने कन्नौज एवं संयुक्त जनपद फर्रुखाबाद में स्काउट एवं गाइड आंदोलन की नींव रखने वाले महान व्यक्तियों को स्मरण करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। हरिओम त्रिपाठी ने स्काउट एवं गाइड को संस्कार निर्माण करने वाला एक अद्भुत संगठन बताते हुए इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। कुंवरपुर बनवारी प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमनलता यादव ने सभी गुरुजनों के प्रति अभिवादन व्यक्त करते हुए कहा कि वे जीवन भर स्काउट के प्रति समर्पित रहेंगी तथा अंतिम समय तक स्काउट नियमों का पालन करते हुए बच्चों को इससे अवगत कराती रहेंगी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे एडवांस स्काउट मास्टर सतपाल सिंह ने शिविर आख्या का वाचन कर उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाने का आश्वासन दिया। उधर, सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, कन्नौज में भी आदेश नारायण सक्सेना, स्नेहलता भदोरिया एवं परशुराम पाल के निर्देशन में गाइड का तृतीय सोपान प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# शातिर अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा, मुकदमा दर्ज

▸ कब्जे से लूटी गई बाइक व एक हजार की नकदी बरामद

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक शातिर अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सदर थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मो. अकरम, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर लूट के अभियुक्त महफूज पुत्र हवलदार निवासी ग्राम अहमदपुर रौनी, कोतवाली सदर को ग्राम सौसरापुर, थाना गुरसहायगंज में चल रहे उर्स मेले से गिरफ्तार कर कब्जे से लूटी गई एक मोटरसाइकिल टीवीएस राइडर (ब्लैक कलर) तथा 1000 रुपये नकद बरामद किए। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। वादी द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 10 दिसंबर 2025 की शाम करीब 6:30 बजे मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने वादी से उसकी मोटरसाइकिल यूपी 74 एके 1083 (टीवीएस राइडर), जेब में रखा ओप्पो एफ-31 मोबाइल फोन तथा 3500 रुपये लूट लिए थे। इस संबंध में 12 दिसंबर को सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# नकली इंजन ऑयल के कारोबार का भांडाफोड़

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगर में सौरिख रोड पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक दुकान पर छापा मारकर नकली इंजन ऑयल के बड़े कारोबार का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से लाखों रुपये का नकली कैस्ट्रॉल ब्रांड का इंजन ऑयल बरामद किया तथा दुकान को सील कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खोजीपुर निवासी दुकान मालिक विमल शाक्य ने अपनी दुकान अजीत शाक्य निवासी कल्यानपुर को किराए पर दी थी। अजीत शाक्य अपने साथी जयसिंह के साथ मिलकर लंबे समय से फर्जी कंपनियों के लोगो लगाकर नकली इंजन ऑयल तैयार कर बाजार में सप्लाई कर रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुकान पर काम कर रहे जयसिंह को हिरासत में ले लिया। इस दौरान अजीत शाक्य पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने नकली ऑयल से भरे डिब्बे, पैकिंग सामग्री तथा सप्लाई में इस्तेमाल वाहन को जब्त कर लिया। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि गिरफ्तार आरोपियों के तार क्षेत्र के कुछ लोकल नेताओं से जुड़े हैं, जिस कारण पुलिस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है और मीडिया से दूर रही। कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने बताया जांच जारी है तथा मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।


**NOTICE**

That I have changed My Name MADHUSUDAN AGNIHOTRI To MADHUSUDAN Which recorded to My educational certificates. My MADHUSUDAN Name for all future purpose as per vide affidavit no IN U.P.92379353905321XMadhusudan s/o Nirmal Agnihotri Vill. Holepur, Post Thathia, Thasil- Tirwa, Dist.- Kannauj (UP) 209734


## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा से 56 बच्चे रहे अनुपस्थित

**कालपी (जालौन)।** शनिवार को चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच एमएसवी इंटर कॉलेज कालपी में नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षाएं संपन्न हुई। इस मौके पर 56 बच्चे गैर हाजिर रहे। पर्यवेक्षक के तौर पर नवोदय विद्यालय के अध्यापक नागेंद्र कुमार तथा पंकज कुमार तिवारी पूरे समय परीक्षा केंद्र में डटे रहे। उल्लेखनीय होगी एमएसवी इंटर कॉलेज कालपी को नवोदय विद्यालय की परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया था। विद्यालय सूत्रों के मुताबिक इस परीक्षा केंद्र में पूर्वाहन 11.30 बजे से 1.30 तक प्रधानाचार्य सुनील कुमार शाक्य एवं वरिष्ठ शिक्षक संतोष अवस्थी एवं टीचरों की मौजूदगी में प्रवेश प्रवेश कराया गया व परीक्षा प्रारंभ हुई।

# दो फरियादियों ने दर्ज करायीं थाना समाधान दिवस में शिकायतें



उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

शनिवार को कोतवाली में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस में दो मामलों को प्रस्तुत किया गया। दोनों प्रकरणों को निपटाने के लिये नगर पालिका तथा पुलिस की टीम को मौके पर भेज दिया गया। कोतवाली के परिसर में समाधान दिवस आयोजित किया गया। फरियादी नीलाभ शुक्ला ने टरनंनगंज मोहल्ला स्थित एक धर्म स्थल की जमीन के पास अवैध निर्माण करने की शिकायत की। अनिल कुमार पुरवार निवासी मोहल्ला सदर बाजार कालपी ने जमीनी विवाद का मामला प्रस्तुत किया। पुलिस के मुताबिक दोनों मामलों का निस्तारण करने के लिए नगर पालिका तथा पुलिस विभाग की टीम को भेजा गया है। इस मौके पर एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार, उपनिरीक्षक विशाल भड़ाना, राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर, सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, राघवेंद्र निरंजन आदि के अलावा सब इंस्पेक्टरों तथा विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही नही होगी स्वीकार : डीएम

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।



जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में थाना डकोर परिसर में सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों ने निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका स्थायी समाधान करना है। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए थाना स्तर पर ही अधिक से अधिक मामलों के समाधान पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से थाने के चक्कर न लगाने पड़ें।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-फतेहगढ़

पत्रांकः मीमो/ 1-30/2025-26 — दिनांक 12/12/2025

## -: ई-निविदा सूचनाः-

नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में ई-टेण्डनिग के अन्तर्गत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है 15वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद सीमान्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-टेण्डर निविदा में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता 1 या 1 से अधिक निविदाडाल सकता है। कार्य का विवरण आनलाइन http://etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड़ व अपलोड़ किया जायेगा। कार्य का विवरण निम्नवत हैः-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाश की तिथि | 15/12/2025 |
| 2 | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 15/12/2025 समय 10-00 बजे से |
| 3 | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 2/01/2026 समय 4-00 बजे से |
| 4 | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की अन्तिम तिथि व समय | 2/01/2026 समय 4-30 बजे से |
| 5 | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की अन्तिम तिथि व समय | तकनीकी निविदा स्वीकृत के उपरान्त |
| 6 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद |

1- निविदा की सम्पूर्ण सेवा व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

2- विस्तृत विवरण हेतु http://etender.up.nic.in को खोले व निविदा अपलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद**


## सदर विधायक के प्रयासों से अटरिया-नसीरपुर सड़क स्वीकृत

**उरई,जालौन।** कालपी व उरई विधानसभा क्षेत्र में फंसी अटरिया-नसीरपुर संपर्क मार्ग निर्माण की मांग को लेकर विधानसभा चुनाव का बहिष्कार ग्रामीणों द्वारा किया गया था लेकिन इसके बाद भी ढाई किमी की सड़क निर्माण को स्वीकृत नहीं मिल पायी थी। पिछले दिनों नसीरपुर के ग्रामीणों ने आंदोलन की घोषणा की थी इसके बाद उक्त सड़क निर्माण का मुद्दा फिर से गरमाने लगा था। इसी के बाद उरई विधानसभा में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के द्वारा विगत वर्षो से अटरिया से नसीरपुर तक सम्पर्क मार्ग का चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण की मांग को सरकार के समक्ष रखा।

# थाना समाधान दिवस में आयी शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण



थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी।

माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।

माधौगढ़ कोतवाली परिसर में सीओ अंबुज सिंह व तहसीलदार की अध्यक्षता में कोतवाली प्रभारी विकेश बाबू की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें फरियादियों ने अपनी अपनी समस्या से संबंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों के समक्ष रखकर उनके निस्तारण की मांग की जिस पर अधिकारियों द्वारा मौके पर प्रार्थना पत्रों का निस्तारण न हो सका और प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकरियों को सौंपते हुए उन्हें जल्द से जल्द निस्तारण का आदेश दिया। इस दौरान तहसीलदार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए जिससे किसी भी पक्ष को हानि न हो कोतवाली प्रभारी ने कहा कि जो भी शिकायतें आयी है इसका निस्तारण जल्द और पारदर्शिता के साथ किया जाए और जहां भी समस्या के निस्तारण में पुलिस बल की जरूरत है समय से पुलिस बल उपलब्ध कराया जायेगा ताकि समस्या का हल निकल सके। इस दौरान एसआई शिवकरन, एसआई रामऔतार सिंह, एसआई संतोष कुमार, एसआई महादेव सिंह, एसआई अदिल खान, संजय सिंह, इरशाद खान समस्त पुलिस स्टाफ लेखपाल मंसूर खान, कल्लू सिंह, निशा यादव, दीपक सिंह समस्त लेखपाल एवं ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

माधौगढ़। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशन में माधौगढ़ क्षेत्राधिकारी अंबुज सिंह ने वाहन चालकों को शक्ति दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वाहनों को धीमी गति में चलाएं सीट बेल्ट बांधे टू व्हीलर वाहनों में हेलमेट को लगाकर चलें कोतवाली प्रभारी विकेश बाबू की देखरेख में एसआई शिवकरन सिंह, एसआई महादेव सिंह, एसआई रामऔतार ने मछंड मोड़ रामपुरा तैराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया कि राज्सव वसूली पुलिस दलबल के साथ टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहनों को चेक किया बिना हेलमेट दस्तावेज बिना सीट बेल्ट के वाहन चालकों के काटे चालान मौके पर सीओ अंबुज सिंह, कोतवाली प्रभारी विकेश बाबू, एसआई एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

**योगीराज में सीएचसी में व्यवस्थायें तार-तार........**

# व्यापारी की मौत के बाद भी नहीं चेते धरती के भगवान

- शनिवार को आयी घायल महिला डेढ़ घंटे तक तड़पती रही
- मानवीय संवेदनायें भूल डियूटी के नाम पर कर रहे खानापूर्ति

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सीएचसी की व्यवस्थायें आये दिन तार-तार हो रही हैं। व्यापारी की मौत के बाद भी सीएचसी के चिकित्सक नहीं सुधरे। शनिवार को एक और मामला सामने आया, जब एक घायल महिला करीब डेढ़ घंटे तक तड़पती रही और चिकित्सक अस्पताल नहीं पहुंचे। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की घोर अनदेखी और कर्मचारियों की लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया। सुबह साढ़े ग्यारह बजे अस्पताल परिसर में केवल फार्मासिस्ट और एक वार्डबॉय मौजूद थे, जबकि सभी डॉक्टर गायब थे। इलाज के अभाव में एक चोटिल महिला करीब डेढ़ घंटे तक तड़पती रही और अन्य मरीज दवा के लिए भटकते रहे। बताते चलें कि शनिवार को थाना नवाबगंज के गांव भारत नगर की निवासी सीमा पत्नी रिंकू झगड़े में चोटिल होने के बाद इलाज के लिए सीएचसी पहुंचीं। गंभीर रूप से चोटिल होने के बावजूद डॉक्टर नदारद होने के कारण वह अस्पताल परिसर में करीब डेढ़ घंटे से इलाज के



डॉक्टरों के कक्षों में लटक रहे ताले



अस्पताल परिसर में भटक रहे मरीज

इंतजार में पड़ी रहीं। डॉक्टरों के कमरों पर ताले लटके थे। जिसके कारण उन्हें कोई प्राथमिक उपचार तक नहीं मिल सका। वहीं सीएचसी अधीक्षक डॉ.लोकेश शर्मा छुट्टी पर हैं और अधीक्षक का प्रभार डॉ. गौरव राजपूत को सौंपा गया है। विडंबना यह रही कि शनिवार को प्रभार संभाल रहे डॉ. गौरव राजपूत या अन्य कोई चिकित्सक अस्पताल में मौजूद नहीं था। सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक अस्पताल में केवल फार्मासिस्ट आलोक कुमार और वार्डबॉय अजय कुमार ही दिखे। बाकी सभी कर्मचारियों और डॉक्टरों के कमरे पर ताले लटके थे, जबकि परिसर में उनके वाहन खड़े थे। मरीजों की जान जोखिम में डालने वाले डॉक्टरों की गैर मौजूदगी पर सवाल खड़े हो रहे हैं और स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं को तत्काल दुरुस्त करने और गैरहाजिर डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। बताते चलें कि कुछ दिन पहले ही अस्पताल की कथित लापरवाही के कारण नवाबगंज के व्यापारी नन्हेंलाल गुप्ता की दुखद मौत हो गई थी।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी अस्पताल के कर्मचारियों और डॉक्टरों को कोई फर्क नहीं पड़ा है और वे मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।

## किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दो सगे भाइयों समेत तीन पर मुकदमा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

शौच करने गई किशोरी से युवक ने दुष्कर्म किया। किशोरी की चीखपुकार की आवाज सुनकर स्वजनों को घटना की जानकारी हुई। पीड़िता ने स्वजनों के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि उसकी सत्रह वर्षीय पुत्री शुक्रवार की अल सुबह करीब पांच बजे घर के निकट ही खेतों में शौच करने गई थी। खेत में पहले से घात लगाए गांव का ही युवक उपेंद्र उर्फ भीम व उसका भाई सनोज व एक अन्य साथी हरिओम उर्फ हुसैन बैठे थे। उपेंद्र उर्फ भीम किशोरी को पकड़कर खेत पर बनी झोपड़ी में ले जाकर दुष्कर्म किया अन्य दो साथी झोपड़ी के बाहर बैठे रहे। किशोरी के शोर मचाने पर स्वजन जाग गए। स्वजन आनन-फानन में भागकर झोपड़ी के पास पहुंच, तो आरोपित मौके से फरार हो गए। शुक्रवार देर शाम पीड़िता ने स्वजनों के साथ थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने देर रात पीड़िता के पिता की तहरीर पर तीनों आरोपितों के खिलाफ पॉस्को एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। छत्तीस घंटे बीतने के बाद भी आरोपित पुलिस की पहुंच से दूर हैं। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त, कुंभकर्णी नींद में सो रहा है नगर पंचायत



नगर पंचायत कार्यालय पड़ीं लकड़ियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है। नगर पंचायत द्वारा अलाव की व्यवस्था न होने से लोगों में आक्रोश है। खासकर फुटपाथ पर रात गुजारने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर में बढ़ती ठंड के बावजूद नगर पंचायत द्वारा प्रमुख चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे राहगीरों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। वहीं खुले में रात गुजारने वाले और चौकीदार अत्यधिक ठंड का सामना कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों जैसे अनिल राठौर, अभिषेक कुमार, शिवम, चुन्नू, गौरव, नितिन और अरमान ने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि नगर पंचायत ने अभी तक आवश्यक सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की है। अलाव की व्यवस्था न होने के कारण स्थानीय लोगों में नगर पंचायत के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत अभी कुंभकर्णीय नींद में सो रहा है। सर्दी का सबसे ज्यादा असर रोज कमाने खाने वालों पर पड़ रहा है। रिक्शाचालक, ठेली चालक, रेड़ी वाले आदि सर्दी से बेहाल हैं, क्योंकि वह पेट की खातिर सुबह से ही घरों से निकल रहे हैं और देर शाम तक अपने घरों में पहुंच रहे हैं।

## जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने युवक से दो लाख लूटे

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** धान बेचकर ससुराल आ रहे युवक को जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने अपना शिकार बना लिया। गिरोह के सदस्य उसके पास से 2 लाख की नकदी व मोबाइल लूटकर फरार हो गये। वह बेहोश की हालत में स्टेशन के पास पड़ा मिला। जानकारी के अनुसार जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव नगला खगू निवासी सत्यवीर उम्र 26 वर्षीय पुत्र कालिस्टर गल्ला मण्डी में दो लाख के धान बेचकर शुक्रवार की शाम 7 वाली ट्रेन से कायमगंज क्षेत्र के गांव उलियापुर अपनी ससुराल आ रहे थे। उन्होंने अपनी ससुराल फोन से सूचना भी दी थी कि उन्हें कायमगंज स्टेशन से रिसीव कर लेना। जब ससुराल से लोग उन्हें रिसीव करने गए तो वह उन्हें नहीं मिले। ससुराल वालों ने इधर उधर और उनके पास फोन भी किए, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। काउफी खोजबीन करने के बाद ससुराल वाले देर रात फिर स्टेशन पर गए और खोजबीन की। तब स्टेशन के मैन गेट पर रेलिंग के पास बेहोसी की हालत में पड़े मिले। परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन कुमार ने प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। फोन पर मिली जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि सत्यवीर गल्ले का काम करते हैं और उन्होंने ने बताया कि जब वह कायमगंज आ रहे थे तब वह सहाबर तक बिलकुल सही थे। सहाबर के बाद क्या हुआ उन्हें पता नहीं और उनके पास से 2 लाख रूपये व मोबाईल जहर खुरानी गिरोह लूट कर फरार हो गया।

## विदेशी नागरिकों की तलाश में ईरानी बस्ती में पुलिस का छापा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार के निर्देश पर मदर इंडिया कोल्ड के सामने मेहंदी बाग छोटी कर्बला स्थित ईरानी बस्ती में तलाशी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई देश में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम के तहत की गई। जिसका उद्देश्य विदेशी नागरिकों की तलाश करना और उनके दस्तावेजों का सत्यापन करना था।

अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय सहित कई थानों का पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस ने बस्ती में रहने वाले लगभग 22 परिवारों के पहचान पत्रों, जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड और पासपोर्ट की जांच की। साथ हीए उनके वाहनों और व्यवसाय के बारे में भी



ईरानी बस्ती में जांच करती सीओ सिटी व पुलिस

जानकारी जुटाई गई। बस्ती के निवासी असलम ईरानी ने बताया कि उनके परिवार लगभग 50-60 सालों से यहां रह रहे हैं। उन्होंने पुलिस को अपने राशन कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड और पासपोर्ट जैसे सभी दस्तावेज दिखाए। असलम ईरानी ने यह भी बताया कि उन्हें सरकारी अनाज और राशन कार्ड जैसी सुविधाएं मिलती हैं। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने बताया कि यह अभियान अधिकारियों के निर्देश पर चलाया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि फर्रुखाबाद कोतवाली क्षेत्र में मदर इंडिया कोल्ड के पास स्थित इस ग्रामीण बस्ती में रहने वाले सभी 22 परिवारों का सत्यापन किया गया है। सीओ सिटी ने कहा कि यदि कोई अवांछित व्यक्ति पाया जाता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### महिला से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गॉव निवासी महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर जिसमें कहा है वह लोगों के घरों में खाना बनाकर अपने परिवार का पेट पालती है। रोज की तरह जब वह शाम को काम खत्म कर घर के लिए लौट रही थी, उसी दौरान नगर के मोहल्ला नोनियमगंज के अमित उर्फ लालू जो आए दिन उसके साथ अश्लील हरकतें करते हैं, अपने दो साथियों हर्षित गुप्ता और सोनू के साथ मिलकर उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने लगे। महिला के विरोध करने पर उक्त लोगों ने गाली-गलौज की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### कायमगंज रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को सीनियर डिविजन इन्जीनियर अमित शर्मा ने कायमगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सांसद मुकेश राजपूत की पहल पर किया गया है। सांसद ने दिल्ली स्थित अपने आवास पर व्यापारी नेताओं के साथ लम्बी दूरी की ट्रेनों के ठहराव पर चर्चा की थी। उन्होंने रेल मन्त्री को इस सम्बन्ध में पत्र भी भेजा था। सीनियर डिविजन इन्जीनियर अमित शर्मा ठेकेदार पाण्डेय के साथ स्टेशन पर लाइटिंग व्यवस्था के सर्वे के लिए पहुंचे। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल जिला अध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में व्यापार मण्डल के पदाधिकरियों ने उनका स्वागत किया। अमित शर्मा ने व्यापरियों को बताया स्टेशन कि लाइटिंग व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त किया जायेगा।

### अनियंत्रित ट्रक खाई में गिरा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज-अलीगंज मार्ग पर स्थित वीरपुर गांव के पास एक ट्रक खाई में घुसकर पेड़ से टकरा गया। यह घटना सामने से आ रही एक कार और बाइक को बचाने के प्रयास में हुई। हादसे में ट्रक चालक सुमित कुमार बाल-बाल बच गए। नवाबगंज थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव के पास यह घटना तब हुई जब ट्रक चालक ने सड़क किनारे जा रहे एक तेज रफ्तार कार और बाइक से बचने के लिए ट्रक को मोड़ा। इस दौरान ट्रक सड़क किनारे बनी खाई में जा गिरा और एक पेड़ से टकरा गया। चालक सुमित कुमार ने बताया कि वह कायमगंज से गाड़ी खाली करके अपने गांव जसमापुर थाना जहानगंज जा रहे थे। उन्होंने पुष्टि की कि सामने से आ रही तेज रफ्तार कार और बाइक को बचाने के चक्कर में ही उनका ट्रक खाई में घुस गया और पेड़ से टकरा गया।

### धान के बोरे चोरी करने वाले दो युवकों को ग्रामीण ने पकड़ा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** धान के बोरे चोरी करने वाले दो युवकों को खेत मालिक ने पीछा कर पकड़ लिया। यह घटना नवाबगंज नगर के दुनया मोड़ के पास में हुई। जानकारी के अनुसार नगला हीरासिंह थाना नवाबगंज निवासी सदानंद पुत्र बालिस्टर सिंह के खेत के बाहर समर के पास धान के पैकेट रखे हुए थे। इन्हीं पैकेटों में से एक बोरे उठाकर दो युवक भागने लगे। सदानंद ने युवकों को धान के बोरे ले जाते देख लिया और तुरंत उनका पीछा किया। उन्होंने नगर के मुख्य चौराहे पर दोनों युवकों को पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद सदानंद ने युवकों के साथ मारपीट की और फिर उन्हें नवाबगंज थाने ले आए। इस संबंध में थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## पति से कहासुनी में महिला ने लगायी फांसी, अस्पताल में भर्ती



सीएचसी में भर्ती महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पति से कहासुनी में महिला ने फाँसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव मझोला निवासी कविता उम्र 28 वर्षीय पत्नी सतीश चन्द्र की तबियत खराब होने पर पति ने पत्नी से कहा कि आप अपने मयके चली जाओ। इसी बात पर गुस्सायी पत्नी ने कमरे में जाकर फाँसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने न्यायमूर्ति को सौंपा ज्ञापन



न्यायमूर्ति को ज्ञापन सौंपते शशि भूषण दीक्षित व महासचिव कुंवर सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

शनिवार को जनपद न्यायालय फतेहगढ़ में सम्पन्न हुई लोक अदालत का शुभारंभ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के प्रशासनिक न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान जिला जज एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण सहित बार एसोसिएशन फतेहगढ़ के अध्यक्ष शशि भूषण दीक्षित, महा सचिव कुंवर सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप कुमार शाक्य, उपाध्यक्ष बृजेश सिंह राठौर, सलीम राजा संयुक्त सचिव देवेंद्र सिंह यादव, शिव प्रताप सिंह सहित बार एसोसिएशन फतेहगढ़ की पूरी कमेटी मौजूद रही। इस दौरान बार एसोसिएशन फतेहगढ़ की ओर से एक प्रस्ताव प्रशासनिक न्यायमूर्ति को दिया गया कि जनपद न्यायालय फतेहगढ़ को किसी अन्य जगह स्थानांतरित न किया जाये।

### मारपीट में चार घायल, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के भारत नगर गांव में शनिवार को पड़ोसियों के बीच हुए एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जिसमें एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। गाली-गलौज से शुरू हुआ यह विवाद देखते ही देखते लाठी-डंडों से हुई मारपीट में बदल गया। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार भारत नगर निवासी ब्रह्मवती पत्नी रामस्वरूप शनिवार को अपने घर पर साफ-सफाई कर रही थीं, तभी पड़ोसी की एक महिला उनके दरवाजे के सामने आकर गाली-गलौज करने लगी। ब्रह्मवती ने बाहर आकर महिला को गाली-गलौज करने से मना किया। आरोप है कि इस पर महिला और उसके परिजनों ने तैश में आकर ब्रह्मवती व उनके परिवार के सदस्यों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में ब्रह्मवती के अलावा विकास, विमल और ज्योती घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है। मामले में ब्रह्मवती पत्नी रामस्वरूप ने चार नामजद लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जांच में जो भी पक्ष दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन के लिए चलाया जागरूकता अभियान



महिलाओं को जागरूक करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति 5.0 योजना के तहत एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा आयोजित इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आपातकालीन सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं और छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइ, 112 आपात सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन और 1076 शामिल थे। इसके अतिरिक्त महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, छेड़छाड़ और अन्य महिला संबंधी अपराधों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उप निरीक्षक सुरेश कुमार की उपस्थिति में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपराध के विरुद्ध आवाज उठाने और बिना किसी भय के पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी समस्या में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को संदेशात्मक पोस्टर भी वितरित किए गए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



पीएम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम चीतन नगला निवासी नेम सिंह उम्र करीब 27 वर्ष कल शाम करीब 5 बजे अताईपुर कायमगंज बाइक से गया था। वहां से वापस आते समय बिरिया डांडा के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया और वहीं पर पड़ा रहा। रात में उधर से गुजरे राहगीरों ने घटना की सूचना 108 एंबूलेंस पर दी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतक की पत्नी रीना ने बताया कि उनका पति मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक का एक पुत्र आदर्श है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,36,020 मामलों का हुआ निस्तारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- इलाहाबाद के न्यायमूर्ति ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ न्यायमूर्ति सुभाष चन्द्र शर्मा उच्च न्यायालय इलाहाबाद, प्रशासनिक न्यायाधीश फर्रुखाबाद द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार, प्रधान न्यायाधीश जमशेद अली, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह सहित अनेक न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं वादकारी उपस्थित रहे। विभिन्न बैंकों, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद व अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सहमति के आधार पर मामलों का निस्तारण किया गया। 161 बैंक वसूली से सम्बन्धित मामलों को निस्तारित कर 16773367 रुपये की वसूली धनराशि बैंकों द्वारा प्राप्त की गयी। 30378 विद्युत बिल सम्बन्धी मामलों का निस्तारण किया गया। जमशेद अली प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय द्वारा कुल 105 पारिवारिक/वैवाहिक वादों का निस्तारण किया गया। इसमें से सुलह समझौते के आधार पर 13 पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए विदा किया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम सन्तोष कुमार तिवारी द्वारा 33 वादों का निस्तारण किया गया। नरेश कुमार अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फर्रुखाबाद द्वारा



लोक अदालत का शुभारंभ करते न्यायमूर्ति सुभाष चन्द्र शर्मा



स्टालों का निरीक्षण करते न्यायमूर्ति व अन्य

अपने न्यायालय से 09 मामले निस्तारित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न न्यायालयों/ विभागों/ कार्यालयों द्वारा अलग-अलग मामले चिन्हित कर निस्तारित किये गये। कुल चिन्हित लम्बित 4441 मामलों में से 3942 तथा प्री-लिटिगेशन के 132517 मामलों में से 132078 मामले निस्तारित किये गये हैं। इस प्रकार कुल 136958 मामलों में से 136020 मामलों का निस्तारण कर कुल 59590349/- रुपया धनराशि जमा करायी गयी। सभी विभागों एवं अधिकारियों के सहयोग से लक्ष्य से अधिक मुकदमों का निस्तारण किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर सहयोग देने वाले अधिकारीगण में शैली राय अपर जिला जज प्रथम, अभिनितम उपाध्याय एस.सी./एस.टी. एक्ट/विशेष न्यायाधीश नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, तरूण कुमार सिंह विशेष न्यायाधीश ई.सी. एक्ट, रितिका त्यागी विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, अंकित मित्तल अपर जिला जज कक्ष सं0-7, दीपेन्द्र कुमार सिंह अपर जिला जज कक्ष संख्या 08, मैराज अहमद अपर जिला जज पाक्सो एक्ट कक्ष संख्या-1, संदीप तिवारी अपर जिला जज त्वरित न्यायालय प्रथम, सत्येन्द्र सिंह वर्मा अपर जिला जज त्वरित न्यायालय द्वितीय, अन्जू कम्बोज अपर प्रधान न्यायाधीश, घनश्याम शुक्ला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रीतिमाला चतुर्वेदी सिविल जज व.प्र.ए, ज्ञानेन्द्र कुमार अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पीयूष भारतीय अपर सिविल जज सी.डि., जयवीर सिंह अपर सिविल जज सी.डि./ एसीजेएम, युगुल शम्भू एसीजेएम/ एफटीसी, विजय रतन गौतम ग्राम न्यायालय अमृतपुर, ओम चौरसिया सिविल जज सिटी, सुबुक मुस्कान जेएम सदर, प्रशान्त कौशिक जेएम हवाली, हिमांशू नौटियाल अपर सिविल जज प्रथम, गुलफ्शा अपर सिविल जज द्वितीय, स्वेता कश्यप जेएम, अनामिका अपर सिविल जज, शोभा रानी जेएम, दीपिका रानी जेएम, ज्योति सागर जेएम/एफटीसी 02, शिवानी सिंह जेएम/एफटीसी, बलवीर सिंह विशेष जेएम एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण, राम सिंह मौर्या लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोर्ट मैनेजर व विभिन्न न्यायालयों, बैंकों व विभागों के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, परा विधिक स्वयंसेवकगण एवं वादकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार ने सभी सहयोगी अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एसबी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगितायें सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर रोड याकूतगंज स्थित एसबी पब्लिक स्कूल में विद्यालय का वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से सीनियर वर्ग तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सब जूनियर वर्ग में टॉय कलेक्शन रेस, हर्डल रेस, 50 मीटर रेस, क्रैब स्टिंग रेस, वॉशरमैन रेस, गेट रेडी रेस का आयोजन किया गया। टॉय कलेक्शन रेस बालक वर्ग में कार्तिक प्रथम येलो हाउस, द्वितीय रूद्र व तृतीय ग्रीन हाउस रहा। बालिका वर्ग में प्रथम वीणा, द्वितीय स्थान पर नैना रेड हाउस रही। हर्डल रेस यू-केजी बालक वर्ग में प्रथम अर्पित ब्लू हाउस, द्वितीय फिज़ाउल रेड हाउस, तृतीय सत्यम ग्रीन हाउस, हर्डल रेस बालिका वर्ग में गौरी प्रथम, सोमल द्वितीय, दिव्यांशी तृतीय रही। 50 मीटर रेस बालक वर्ग में अचित प्रथम, राज कुशवाहा द्वितीय व अभिषेक तृतीय रहे। 50 मीटर रेस बालिका वर्ग में अंशिका प्रथम, राधिका द्वितीय, आंवी तृतीय रही। क्रैक्स ईटिंग रेस में सनोज प्रथम, शुभ द्वितीय रहे। वॉशरमैन रेस बालक वर्ग में अक्षांश प्रथम, अर्पित राज द्वितीय व दिव्यांश पाल तृतीय रहे। वॉशरमैन रेस बालिका वर्ग में शिक्षा यादव प्रथम, सोनम यादव द्वितीय, काव्या तृतीय रही। गेट रेडी रेस में संदी प्रथम, अविरल द्वितीय रहे।

गेट रेडी रेस बालिका वर्ग में मानवी प्रथम, वंशिका द्वितीय, प्रतीक्षा तृतीय रही। जूनियर सेक्शन में 50 मीटर रेस बालक वर्ग कृष्णा प्रथम, शिव यादव द्वितीय रहे। 50 मीटर रेस बालिका वर्ग में अग्रिमा प्रथम, जानवी द्वितीय व योजना तृतीय रही। 100 मीटर रेस बालक वर्ग में सुधांशु प्रथम, सक्षम द्वितीय, लक्ष्य तृतीय रहे। कक्षा 5 बालिका वर्ग में आरती प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय व अन्या तृतीय स्थान पर रही। लेमन स्पून रेस बालक वर्ग में ऋषभ प्रथम, हंसराज द्वितीय रहे। लेमन स्पून रेस बालिका वर्ग में राधिका प्रथम, मनु द्वितीय, नव्या तृतीय स्थान पर रही। फ्रॉग रेस बालक वर्ग में आयुष राज प्रथम, शिव यादव द्वितीय, सौरव तृतीय स्थान पर रहा। फ्रॉग रेस बालिका दिव्यांशी प्रथम, हंसी द्वितीय स्थान पर रही। सीनियर सेक्शन में 100 मीटर रेस बालिका वर्ग में शीला प्रथम, पूजा द्वितीय व दिव्या तृतीय स्थान पर रही। स्लो साइक्लिंग रेस बालक वर्ग में गोविंद प्रथम व बालिका वर्ग में फिरदौस प्रथम रही। बैलून टाई रेस बालक वर्ग में विवेक प्रथम व बालिका वर्ग में पूजा प्रथम रही। समापन समारोह पर चेयरमैन विवेक सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद जीवन में आत्मविश्वास, अनुशासन और शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करता है।

विद्यार्थियों को खेलों में अवश्य भाग लेना चाहिए। विद्यालय की संचालिका स्नेहा यादव, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं स्टाफ उपस्थित रहा। सभी विजेताओं को शील्ड, मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


विजेता को सम्मानित करते विवेक यादव

# मिस, मिस्टर एवं मिसेज ब्यूटी विद ब्रेन कन्टेस्ट क्राउन सरेमनी 18 जनवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक में मौजूद समिति के पदाधिकारी

22वें फर्रुखाबाद युवा महोत्सव के प्रतियोगिताओं/ कार्यक्रमों के आयोजन हेतु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि युवा महोत्सव में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रतियोगिता का शुभारम्भ 2 जनवरी प्रातः 10 बजे मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता से किया जायेगा। अन्य प्रतियोगिताओं में 03 जनवरी को 1 बजे से देश में ऑनलाइन शापिंग का व्यापारियों के व्यापार पर प्रभाव विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता, 05 जनवरी को प्राकृतिक सौन्दर्य एवं स्मृति चित्रण विषय पर ड्राइंग-पेंटिंग, 08 जनवरी को गुलदस्ता सजाओ प्रतियोगिता, 07 जनवरी को शेफक्वीन फर्रुखाबाद, 09 जनवरी को एकल डान्स ग्रुप डान्स, 10 जनवरी को दोपहर 1 बजे से कवि सम्मेलन, 11 जनवरी प्रातः 7 बजे से चौक से आवास विकास तक साइकिल रेस व चर्च कम्पाउण्ड में 100 मीटर रेस आवास विकास से चौक फर्रुखाबाद तक 3 किमी रेस सभी प्रतियोगिता बालक/बालिका के लिये, 13 जनवरी को 10 बजे से सम्मान समारोह, पुरस्कार वितरण एवं विभिन्न सामाजिक एवं प्रशासनिक हस्तियों को सम्मान एवं अवार्ड प्रदान किये जायेंगे। समाज में विभिन्न महापुरुषों के नाम व सेवा सम्मान से विभिन्न हस्तियों को सम्मानित किया जायेगा। 16 जनवरी को ही क्राउन सरेमनी होगी।

20 जनवरी को दोपहर 1 बजे से मिस, मिस्टर, मिसेज विजेताओं का सम्मान होगा। डॉ. कृष्णकान्त अक्षर ने कहा कि युवा हर क्षेत्र में आगे आये और प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। इस मौके पर वीरेन्द्र त्रिपाठी, सुनील सक्सेना, हर्ष दुबे, रामजी चौहान, कुशाग्र सक्सेना, पुष्पेन्द्र यादव, अमित आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्रधानाचार्य

## आर्मी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रयोगों का हुआ प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में आईआईएसएफ-25 से प्रशिक्षण प्राप्त नौ विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान के विविध प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों में विक्रांत सिंह, आशु सिंह, देवांश पांडेय, आयुष राठौर, पारुल यादव, आविन कुमार, पीयूष कुमार, निहाल पाल एवं अरमान नायक शामिल थे। विद्यार्थियों ने यह प्रदर्शित किया कि विज्ञान के नियम हमारे दैनिक जीवन के सामान्य कार्यों में किस प्रकार उपयोगी हैं। उन्होंने नींबू से अदृश्य लिखाई, स्टील के टिफिन में चुंबकीय प्रभाव, चुंबक द्वारा भार में परिवर्तन तथा डंडे के माध्यम से टॉर्क (घूर्णन बल) जैसे रोचक प्रयोग प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विज्ञान हमारी हर परिस्थिति में हमारी सहायता करता है। आवश्यकता केवल अपने सोचने के तरीके को बदलने की है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से विज्ञान से मन से जुड़ने का आग्रह किया। विद्यार्थियों ने पूर्व इसरो अध्यक्ष एस0 सोमनाथ से प्राप्त अपने अनुभवों को भी साझा किया। आईआईएसएफ से प्राप्त प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आदर्श जनता इं.का. में भारत स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन

**स्काउट गाइड से बच्चे अनुशासित व आत्मविश्वासी बनते है: दिनेश वर्मा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आदर्श जनता इंटर कालेज महरूई खुम्बरपुर में भारत स्काउट गाइड के अन्तर्गत प्रवेश प्रथम व द्वितीय सोपान प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रशिक्षण जिला ट्रेनिंग कमिश्नर भारती मिश्रा व योगेश कुमार द्वारा प्रदान किया गया। गौरी कुशवाहा सहयोगी के रूप में उपस्थित रहीं। प्रधानाचार्या रजनी वर्मा के निर्देशन में 11 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक स्काउट गाइड के प्रवेश प्रथम व द्वितीय शिविर का आयोजन किया गया। भारती मिश्रा के द्वारा प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, बायां हाथ मिलाना, स्काउट गाइड चिन्ह व योगेश कुमार द्वारा गांठेबंधन, तंबू लगाना, बिना बर्तन के भोजन बनाना आदि स्काउट गाइड से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तृतीय दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा तंबू लगाकर बिना बर्तन के भोजन बनाने का प्रदर्शन किया गया। समापन कार्यक्रम का उद्घाटन जिला मुख्यायुक्त दिनेश वर्मा, जिला सचिव महेश राजपूत, प्रमोद गंगवार द्वारा किया गया। जिला मुख्यायुक्त दिनेश वर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड एक ऐसी विद्या है, जिसमें बच्चे अनुशासित होने के साथ-साथ आत्मविश्वासी भी बनते है। जिला सचिव ने कहा कि बच्चों को यह विद्या वह अवसर पर प्रदान करती है कि वे सहासी व निर्णय लेने वाले बनते है। संचालन प्रमोद गंगवार ने किया। रजनी वर्मा ने आभार व्यक्त किया। कैम्प फायर में स्काउट गाइड की टोलियों ने देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा शीतल बाबू, राजेन्द्र कुमार पटेल, आरती, मनोज कुमार शाक्य, आदेश कुमार, शिल्पी शर्मा, अशोक कुमार, आनंद कुमार, दीपक कुमार, गोल्डी राजपूत, राघवेन्द्र सिंह, अजय कुमार, रामचन्द्र, मनोज कुमार, राकेश बाबू व सुधा देवी, ओमवती, सुदामा मौजूद रही।


प्रशिक्षण में मौजूद स्काउट गाइड

## प्रशासनिक न्यायमूर्ति का दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ ने किया स्वागत


स्वागत के दौरान मौजूद न्यायमूर्ति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के प्रशासनिक न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा के जनपद आगमन पर दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अपनी श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। शिष्टाचार भेंट के दौरान दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष ऋषि यादव, कार्यवाहक सचिव दिनेश गुप्ता तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कश्मीर सिंह एवं सचिव अभिषेक कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर न्यायालय परिवार से जुड़े अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे तथा सभी ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उनके कुशल मार्गदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की। साथ ही बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी शिष्टाचार भेंटकर प्रशासनिक न्यायमूर्ति का स्वागत किया।

## खबरें एक नजर में

### धम्म पदयात्रा का मोहम्मदाबाद में हुआ स्वागत


धम्म यात्रा में शामिल लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सारनाथ से संकिसा तक धम्म पदयात्रा 20 नवम्बर से 14 दिसम्बर तक निकलने वाली यात्रा का जनपद में आगमन पर मोहम्मदाबाद में स्वागत किया गया। बौद्ध भिक्षु चंदिमा थेरो के नेतृत्व में मोहम्मदाबाद में यात्रा का स्वागत, रोहिला चौराहे पर प्रभुदयाल के नेतृत्व में किया गया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य मानव में समता, स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय की विचारधारा स्थापित करना एवं भगवान बुद्ध की विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा में जनपद के भंते चेतसिक एवं नागसेन के साथ-साथ अन्य भंते उपस्थित रहे। यात्रा में चलने वाले धम्म भंते धम्म दर्शन श्रेसंस्कर, भंते अस्सजी, भंते महानाम आदि मौजूद थे। यात्रा वरसाना गेस्ट हाउस मोहम्मदाबाद पहुंची। जहां भिक्षु चंदिमा थेरो द्वारा धम्म देसना दी गई। कार्यक्रम के आयोजक प्रभुदयाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव, विनोद कुमार, सरमेन्द्र जाटव, आरडी बौद्ध, अतेन्द्र कुमार, समण नरेन्द्र कुमार, समण मुकेश कुमार, प्रभाकर वर्धन, डॉ. महेश समण, विवेक कुमार, प्रमोद, योगेन्द्र कुमार, गौरव, कल्पेन्द्र, सर्वेश, सुखदेव, वीना दयाल, सुषमा जाटव, सुधा, सोनी, रीना, भावना, बॉबी आदि लोग मौजूद रहे।

### दीप संस्था का वार्षिकोत्सव आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दीप साहित्यक सांस्कृतिक समाजिक संस्था द्वारा सप्तम् वार्षिकोत्सव एवं कवि सम्मेलन का आयोजन जानकी भवन खत्री धर्मशाला घुमना सब्जी मण्डी में 14 दिसम्बर रविवार को सम्पन्न होगा। जानकारी देते हुए दीप संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष निमिष टंडन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आरके सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग होगें। अध्यक्षता डॉ. शिवओम अम्बर करेंगे।

### नवागंतुक थानाध्यक्ष ने सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें


फरियादियों की समस्यायें सुनते थानाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नवागंतुक थानाध्यक्ष ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण करने के संबंधित को दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना मऊदरवाजा में थाना दिवस का आयोजन किया गया। नवाबगंतक थानाध्यक्ष अजब सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा शिकायती पत्रों का निस्तारण करने के चौकी इंचार्ज व लेखपाल को निर्देश दिये। ग्राम ढिलावल निवासी सैनिक अवनीश कुमार कुशवाहा के साथ पत्नी रक्षा सिंह थाने पहुंची। जहां रक्षा सिंह ने शिकायती पत्र देकर मकान व दुकानों के सामने दीवार खड़ी कर मार्ग अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की। वहीं ग्राम कुइयांबूट निवासी डाक्टर नरेश राजपूत ने गलत ढंग से बैनामा कराने के मामले में प्रधान पति की शिकायत की। मऊदरवाजा थानाध्यक्ष ने बताया कि आज थाना दिवस में जमीनी विवाद से संबंधिथ कुल चार शिकायतें आयीं। लेखपाल के निर्वाचन कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण उनका निस्तारण नहीं हो सका। लेखपाल को निर्देशित किया गया है। जल्द ही समस्याओं का समाधान कराया जायेगा।

# मिशन शक्ति के तहत सीओ कायमगंज ने चौपाल लगाकर किया जागरुक


जागरुक करते सीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी कायमगंज ने थाना शमसाबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रजलामई में एक विशेष जागरूकता चौपाल लगाकर ग्रामीण महिलाओं व लोगों को जागरुक किया। जिसका उद्देश्य समुदायए विशेषकर महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा, अधिकारों तथा अपराध-निरोध के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में पुलिस ने उपस्थित लोगों को महिला सुरक्षा कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, ईव-टीजिंग व साइबर क्राइम से जुड़े प्रावधानों सहित विभिन्न कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। इसके साथ ही प्रतिभागियों को 1090, 112, 1098 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग और महत्व समझाया गया। इस पहल ने लोगो में सुरक्षा जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और अपराध-मुक्त वातावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# स्वर्गधाम के सौंदर्यीकरण के लिए विधायक व डीएम ने किया निरीक्षण

**मेजर की सौगात: एक करोड़ से बनने वाले कार्यों की दी जानकारियां**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने एक करोड़ की लागत विकास कार्य करने के लिए पांचाल घाट स्थित स्वर्गधाम स्थल का निरीक्षण किया। विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी व जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने स्वर्गधाम पहुंचकर स्थल का निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण के बारे में जानकारी दी।

विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने बताया कि उनका संकल्प 1 करोड़ रूपयों की लागत से स्वर्ग धाम का सौंदर्यीकरण कराने का। जिसमें उनकी विधायक निधि पंचायती राज्य विभाग की धनराशि से कार्य होंगे। स्वर्गधाम प्रवेश द्वार पर भव्य गेट का निर्माण कराया जाएगा। स्वर्ग धाम की पूरी सड़क की पुनः मरम्मत, नवीनीकरण, चौड़ीकरण, मार्किंग, लाल लाइटें, सड़क के नीचे बिंकर्स, सोलर लाइटें एवं 30 फीट ऊंची सेमी हाई मार्क लाइट लगाई जाएगी। सड़क के दोनों तरफनाली की मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो अंत्येष्टि स्थलों का उच्चीकरण व नवीनीकरण कराया जाएगा। पार्किंग स्थल के पास बैठने के लिए करीब 50 फुट लंबा सीटिंग सीट का निर्माण कराया जाएगा।

यह मार्ग जिले का सबसे मजबूत और सबसे सुंदर मार्ग बने। डीएम ने बताया कि पंचायती राज विभाग से भी करीब 24 लाख का धन आवंटित हो गया है। सदर विधायक की निधि से 50 लाख रुपए मिलेंगे, शेष धनराशि सीएसआर फंड कंपनियों और निगम से कराने की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर डीआरडीए, पीडब्लूडी व आर ईएस के अधिकारी मौजूद रहे।


स्वर्गधाम का निरीक्षण करते सदर विधायक व डीएम

# लापरवाही से एनएच-730सी पर बढ़ते हादसे, शहरवासियों में आक्रोश

**भाजपा नेता विकास राजपूत ने लगाए गंभीर आरोप!**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एनएच-730सी इटावा-बरेली मार्ग पर लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों ने स्थानीय लोगों में गहरा रोष उत्पन्न कर दिया है। नागरिकों का कहना है कि एनएचआई की लापरवाही और प्रशासन की उदासीनता के कारण यह हाईवे दुर्घटनाओं का केंद्र बन गया है। रोज़ाना हो रही दुर्घटनाओं में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सबसे अधिक चिंताजनक हालात सेंट्रल जेल चौराहे पर देखने को मिल रहे हैं, जहाँ न तो ज़ेब्रा क्रॉसिंग बनाई गई है और न ही रेड लाइट सिग्नल लगाए गए हैं। हाईवे पर एनएचआई द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइटें भी अभी तक संचालित नहीं हुई हैं। साथ ही चौराहे पर एक भी स्पीड ब्रेकर न होना दुर्घटनाओं की संभावनाओं को और बढ़ा देता है।

जिले में चल रहे अवैध खनन के चलते डंपर चालकों की लापरवाही और तेज़ रफ्तार भी हादसों की बड़ी वजह बन रही है। इसी बीच गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी को इस हाईवे निर्माण का जिम्मा दिया गया था, उसकी कार्यशैली को लेकर भी गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कंपनी ने बेहद निम्न गुणवत्ता का निर्माण कराया है। फुटपाथ सही ढंग से नहीं बनाए गए और जहाँ ईंटें लगाई गई थीं, वे भी कई जगहों पर उखड़ चुकी हैं। इन समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों ने भी कई बार शिकायतें प्रशासन को दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।


विकास राजपूत

भाजपा नेता एवं समाजसेवी विकास राजपूत ने भी इस मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और एनएचआई के अधिकारियों व जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की चुप्पी और उदासीनता के कारण आम जनता रोज़ अपनी जान जोखिम में डालने को मजबूर है। विकास राजपूत ने कहा कि आखिर कब तक इस हाईवे पर लोगों की जानें जाती रहेंगी?, कब तक अधिकारी कागज़ों में फाइलें दबाकर बैठे रहेंगे?, और कब तक इस घटिया निर्माण पर कार्रवाई से बचा जाएगा? उन्होंने मांग की कि सेंट्रल जेल चौराहे सहित हाईवे से जुड़े सभी चौराहों एवं तिराहों पर रेड लाइट सिग्नल, स्पीड ब्रेकर और ज़ेब्रा क्रॉसिंग तत्काल बनाई जाएं। स्पीड लिमिट को निर्धारित कर हाईवे पर स्पीड लिमिट मीटर लगाए जाएं, जिससे तेज़ रफ्तार पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। स्थानीय लोगों ने भी मांग की है।

## इंडियन इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल में सीपी के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



कार्यक्रम में मौजूद छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पंचकुला हरियाणा में आयोजित इंडियन इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल आईआईएसएफ में सीपी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में आर्यभट्ट ग्रुप के इंचार्ज एवं बीबीएम के प्रदेश प्रभारी मनोज चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सीपी इंटरनेशनल स्कूल से अनुज चतुर्वेदी के संरक्षण में स्वतंत्र प्रताप सिंह, अर्जुन सिंह, अकुर चंदेल एवं देव मिश्रा सहित अन्य छात्र सम्मिलित हुए। विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जटिल प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए तथा अनेक पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्राप्त किए। उन्हें ट्रैकसूट एवं अन्य शैक्षिक सामग्री भी प्रदान की गई। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से हटकर व्यवहारिक एवं जीवनोपयोगी विज्ञान शिक्षा से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में नालंदा विलेज, डीआरडीओ, इसरो, आईटीएम एवं पृथ्वी मंत्रालय सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों की सहभागिता रही। विद्यालय की निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की। मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल एवं उपनिदेशक अंजू राजे ने इसे छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय मंच विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, आत्मविश्वास एवं नवाचार की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

# सिनर्जी फेस्ट के दूसरे दिन क्रिकेट शतरंज सहित अन्य प्रतियोगितायें सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय 19वें सिनर्जी फेस्ट 2025 के द्वितीय दिवस पर बॉयज चेस टूर्नामेंट, गर्ल्स चेस टूर्नामेंट, बॉयज कैरम टूर्नामेंट, क्रिकेट मैच, दो वॉलीबॉल मैच तथा बैडमिंटन मैच खेले गये। क्रिकेट मैच प्रतियोगिता में विवेकानंद हाउस तथा अन्य मैच में सुभाष चंद्र बोस हाउस विजयी रहे। बैडमिंटन गर्ल्स में करीमा और मोहिनी ने जीत हासिल की। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे मैच में एपीजे अब्दुल कलाम हाउस ने जीत हासिल की। छात्राओं के कैरम टूर्नामेंट मैं 25 बैच की अंशिका और प्रगति, 22 बैच का संदल तथा 20 बैच की करीमा ने जीत का परचम लहराया। शतरंज टूर्नामेंट में 20 बैच की मोहिनी, 21 बैच की कुमकुम तथा 25 बैच की प्रगति पाल ने बाजी मारी।


शतरंज प्रतियोगिता खेलते खिलाड़ी

# अमेरिकन किडजी स्कूल में खेल दिवस का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मसेनी चौराहा स्थित अमेरिकन किडजी स्कूल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े धूमधाम के साथ वार्षिक उत्सव एवं दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर कटियार का विद्यालय की प्रबंधिका रेखा कटियार व संस्थापक विनीत कटियार ने बुके देकर सम्मानित किया।

सभी ने मंच पर पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा गुब्बारा छोड़कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कैप्टन केशव कटियार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगीत के बाद सभी ने तिरंगे को सलामी दी। बच्चों ने रैबिट रेस, कप टॉवर वाली पीटी जैसे खेलों में भाग लिया। साथ ही बच्चों के अभिभावकों के द्वारा भी लेमन रेस, परेड जैसे खेल में भाग लिया गया। चंद्रशेखर कटियार ने कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चों में से निकलकर पता नहीं कौन सा बच्चा प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बने, इसीलिए सभी अभिभावकों को यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि बच्चे का जिस खेल में रुचि हो उसको खिलाए। विनीत कटियार ने कहा कि हर बच्चे की किसी न किसी खेल में रुचि होती है, बस उसको समझने की जरूरत है, खेलने से बच्चे का स्वास्थ्य स्वस्थ रहता है, साथ ही शरीर में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होती है। प्रबंधक रेखा कटियार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के लिए खेलने भी जरूरी है, जिससे कि उनकी शरीर की ऊर्जा और मानसिक विकास होता है, इसीलिए हमारे विद्यालय में पढ़ाई के साथ साथ बच्चों के खेलने पर भी ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जो बच्चा खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करेगा, उसको पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाएगा। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले यशी राठौर, अंश द्विवेदी, अभी, प्रिया, अद्विक चौहान, बनिया सिंह, वानी कटियार, आरव चौहान, अरेबिक पाल, वंश कटियार, दर्शिका चौहान, कृष्ण श्रीवास्तव को मुख्य अतिथि चंद्रशेखर कटियार ने शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय की शिक्षिका अपर्णा यादव, लता कुमारी, प्रतीक्षा कटियार, पूजा चौहान, नंदनी राठौर, सौम्या द्विवेदी, उजाला राठौर, वर्षा सैनी, तान्या परिहार ने व्यवस्था देखी।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व विद्यालय स्टाफ

### शुकरुल्लापुर में नेत्र शिविर कैम्प आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को सेवा धर्म समिति की कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें 14 दिसम्बर रविवार को लगने वाले आई कैम्प की जानकारी दी गई। कानपुर के रामा अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। जिन मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत है, उनका परीक्षण के बाद आपरेशन किया जायेगा। शमशाबाद के शुक्ररुल्लापुर में आयोजित नेत्र शिविर की जिम्मेदारी सचिव अविनाश सारस्वत, नीरज की देखरेख में होगी।

### सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में 14 दिसम्बर रविवार को प्रात: 11 बजे सांसद मुकेश राजपूत करेंगे। यह जानकारी सांसद प्रतिनिधि अनूप मिश्रा ने दी है।

# दिल्ली में पवित्र स्थल पर कार्रवाई से देशभर में रोष, सनातनी अनुयायियों में आक्रोश

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

▸ 15 दिसंबर को गोला में शांतिपूर्ण विरोध, राष्ट्रपति के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन

नई दिल्ली के झंडेवालान करोल बाग स्थित श्री आदि गुरु गोरखनाथ जी के परम शिष्य बाबा श्री पीर रतन नाथ जी महाराज के पवित्र स्थल पर की गई कार्रवाई को लेकर देशभर में आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि 29 नवंबर को दिल्ली विकास प्राधिकरण और नगर निगम दिल्ली द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर अचानक कार्रवाई करते हुए मंदिर की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया और पूरे परिसर को स्टील की चादरों से बैरिकेड कर दिया गया। मंदिर प्रबंधन का कहना है कि उक्त स्थल की 3803 गज भूमि के सभी वैध दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। यह भूमि वर्ष 1948 से मंदिर के शांतिपूर्ण और अबाध कब्जे में है। इसके बावजूद बिना किसी पूर्व सूचना और विधिक प्रक्रिया के की गई कार्रवाई को मंदिर मण्डल ने मनमानी और गैरकानूनी करार दिया है।

अनुयायियों के अनुसार बाबा श्री पीर रतन नाथ जी महाराज का ऐतिहासिक और धार्मिक योगदान रहा है। उन्होंने तुलसीपुर, बलरामपुर स्थित पाटन देवी मंदिर का निर्माण कराया था। सनातन परंपरा की व्यापकता का उदाहरण यह है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान सहित कई देशों में आज भी सनातन परंपरा के अनुसार मंदिर स्थापित हैं, जहां नियमित धार्मिक अनुष्ठान होते आ रहे हैं।

अनुयायियों ने वर्ष 2021 का उल्लेख करते हुए बताया कि अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के दौरान काबुल स्थित मंदिर के पुजारी राजेश कुमार ने जान का खतरा होने के बावजूद मंदिर नहीं छोड़ा और सनातन आस्था की दृढ़ता का परिचय दिया। ऐसे में दिल्ली के इस पवित्र स्थल पर की गई कार्रवाई से विश्वभर में फैले करोड़ों सनातनी अनुयायी आहत और क्षुब्ध हैं। इस कार्रवाई के विरोध में गोला गोकर्णनाथ स्थित बाबा श्री पीर रतन नाथ जी महाराज मंदिर के अनुयायी आगामी 15 दिसंबर, सोमवार को शांतिपूर्ण विरोध कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस दौरान राम नाम का जाप करते हुए सदर चौराहे पर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की जाएगी।

# सीतापुर-लखीमपुर नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार की मौत, एक घायल

**ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सीतापुर-लखीमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओयल कस्बे के बेहजम तिराहे स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मौरंग लदे ट्रक और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में बाइक पर सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सुन्सीपुरवा, थाना व जिला खीरी निवासी आशाराम (उम्र लगभग 50 वर्ष) पुत्र तौलेराम अपने साथी सरवन पुत्र बाबू के साथ बाइक से राशन लेकर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ओयल के बेहजम तिराहे के पास पहुंची, उसी दौरान सीतापुर की ओर से तेज गति से आ रहे मौरंग लदे ट्रक से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि आशाराम की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक



चालक सरवन दूर जा गिरा और सड़क पर घसीटते हुए गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हो गया। सूचना मिलते ही ओयल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल सरवन को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल मोतीपुर भेजा, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने मृतक आशाराम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर भेज दिया।

पुलिस द्वारा ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

## कोहरे में आमने-सामने भिड़े रोडवेज बस व गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली, टला बड़ा हादसा



**मितौली (खीरी), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के रतहरी गांव स्थित एक पेट्रोल पंप के पास लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रोडवेज बस और गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और सभी यात्री व चालक सुरक्षित बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखीमपुर से लखनऊ की ओर जा रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की रोडवेज बस रतहरी गांव के पास पहुंची ही थी कि सामने से आ रही गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली दोनों के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि बस में सवार करीब 15 यात्रियों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया। सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि अचानक सामने से ट्रैक्टर-ट्रॉली दिखाई दी और चालक को संभलने का मौका नहीं मिला। वहीं ट्रैक्टर चालक भी पूरी तरह सुरक्षित बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई थी। इसी कारण दोनों वाहन आमने-सामने आ गए और टक्कर हो गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों ने अन्य वाहनों की मदद से अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान किया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस का कहना है कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, प्रथम दृष्टया कोहरे के कारण हादसा होना प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# खबरें एक नजर में

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से मचा बवाल, वैश्य समिति अध्यक्ष ने कोतवाली में दी तहरीर

▸ फेसबुक व व्हाट्सएप पर की गई टिप्पणी से आहत अध्यक्ष, पुलिस कर रही जांच

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर श्री हरिद्वारी वैश्य समिति गोला के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। अध्यक्ष का आरोप है कि उनके खिलाफ फेसबुक और व्हाट्सएप के माध्यम से आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणी की गई, जिससे समाज में उनकी छवि धूमिल हुई है। तहरीर में कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि वह पिछले 13 वर्षों से श्री हरिद्वारी वैश्य समिति गोला के अध्यक्ष हैं और लगातार समाजहित में कार्य कर रहे हैं। आरोप है कि शनिवार 12 दिसंबर को दोपहर करीब तीन बजे अनूप गुप्ता ने अपनी फेसबुक आईडी पर उनका फोटो लगाकर 卐हरिद्वारी वैश्य समिति छोटी काशी गोला अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता मुर्दाबाद, माहौल बदलने वाला है卐 जैसी आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की। यही पोस्ट बाद में 卐श्री हरिद्वारी वैश्य समाज उत्तर प्रदेश卐 नामक व्हाट्सएप ग्रुप में भी साझा की गई। इस घटना की जानकारी समाज के कई सम्मानित लोगों ने फोन कर उन्हें दी, जिससे वह मानसिक रूप से आहत हुए। पीड़ित ने आरोपी अनूप गुप्ता पुत्र स्व. अशोक गुप्ता निवासी विकास चौराहा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के साथ फेसबुक पोस्ट और व्हाट्सएप पर साझा किए गए फोटो की प्रतिलिपि भी संलग्न की गई है। पुलिस का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मेला महोत्सव के सातवें दिवस पर धार्मिक आस्था व सांस्कृतिक परंपरा का अनुपम संगम



**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।** मैगलगंज कस्बा स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित भव्य मेला महोत्सव के सातवें दिवस पर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का अनुपम संगम देखने को मिला। इस अवसर पर मंच पर राम जन्म एवं विश्वामित्र आगमन का भावपूर्ण और सजीव मंचन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुति ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग और ऋषि विश्वामित्र के आगमन की कथा को जीवंत कर दिया कार्यक्रम के दौरान स्वामी कन्हैया लाल दत्तात्रे जी के मुखारविंद से प्रवाहित दिव्य कथा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में माता-बहनें, बुजुर्ग एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। मेला अध्यक्ष रानू बाजपेई एवं मेला संरक्षक कमल बिहारी गुप्ता सहित आयोजन से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। मेला परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। आयोजकों ने जानकारी दी कि मेला महोत्सव के आगामी दिवस पर ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार का भव्य मंचन किया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## तेज रफ्तार ट्रक का कहर, कई वाहनों की भिड़ंत में दो लोग घायल

**उचौलिया (खीरी), समृद्धि न्यूज।** शनिवार सुबह करीब आठ बजे उचौलिया क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तेज रफ्तार ट्रक ने कट से दूसरी साइड जा रहे एक चार पहिया वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक बैटरी रिक्शा से जा टकराया, जिसके बाद बैटरी रिक्शा पास खड़ी मोटरसाइकिल से टकरा गया। इस पूरी घटना में सड़क किनारे बैठे दो लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब मयंक गुप्ता पुत्र अवधेश गुप्ता, निवासी उचौलिया, अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के बाद वापस लौट रहे थे। जैसे ही उन्होंने कट से अपनी गाड़ी को दूसरी दिशा में मोड़ा, उसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। ट्रक की रफ्तार अधिक होने के कारण वाहन पर नियंत्रण नहीं रह सका और एक के बाद एक कई वाहन इसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस दुर्घटना में थाना क्षेत्र के ववक्करपुर निवासी सौरभ सिंह तथा एक अज्ञात महिला घायल हो गए। दोनों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिलाया गया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थान पहले से ही भीड़भाड़ वाला है और सुबह के समय यहां आवाजाही अधिक रहती है। गनीमत रही कि हादसा सुबह के समय हुआ, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों ने इस कट पर सुरक्षा व्यवस्था और गति नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

श्रीरामलीला मेला नंदीश्वर बाबा के मंच पर शुक्रवार की रात स्वर्गीय विनोद गुप्ता की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। झंडी रोड स्थित नंदीश्वर बाबा स्थान पर आयोजित इस मेले की कार्यक्रम श्रृंखला के तहत हुए कवि सम्मेलन में देश के नामी-गिरामी कवियों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कवियों की एक से बढ़कर एक रचनाओं पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ रात्रि साढ़े नौ बजे मां सरस्वती की वाणी वंदना से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता दयाशंकर मौर्य ने की। कवियत्री रंजना सिंह हया ने वाणी वंदना प्रस्तुत करते हुए मात शारदे जरा दुलार दे मुझे, एक बार नेह से निहार दे मुझे का भावपूर्ण पाठ किया, जिससे पूरे पंडाल में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बन गया। इसके बाद कवियों ने हास्य, व्यंग्य, राष्ट्रभाव और संवेदनाओं से ओतप्रोत रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

लखनऊ से आए कवि श्यामल मजूमदार ने अपने तीखे व्यंग्य से सियासत पर करारा प्रहार किया। उन्होंने पढ़ा सियासत में आंधी कमाई न होती, तो चेहरे पर उनके लुनाई न होती, अगर कुत्ता उनका गटर में न गिरता, तो सीवर की जल्दी सफाई न होती। उनकी रचना पर श्रोताओं ने ठहाकों के साथ तालियों से स्वागत किया। वहीं लखीमपुर से आए कवि कुलदीप समर ने



राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कविता संस्कार ठुकराने वाले वंदे मातरम क्या जाने सुनाकर माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कवि प्रशांत पाण्डेय ने अपनी गंभीर और संवेदनशील रचना हमारे वेदना का स्वर तुम अपने चाव से ले लोज卐 के माध्यम से समाज की पीड़ा और उम्मीदों को स्वर दिया, जिसे सुनकर श्रोता भावुक हो उठे। कवि सम्मेलन का सधा हुआ और प्रभावी संचालन योगेंद्र चतुर्वेदी ने किया, जिन्होंने मंच को पूरे समय जीवंत बनाए रखा। इसके साथ ही प्रियंका शुक्ला, प्रदीप दिहुलिया, संदीप मोहन, आलोक गंजरहा, राहुल सहित अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम में सपा नेता अनुराग पटेल, हिमांशु पटेल, सुनील बत्रा, दयाशंकर मौर्य, विपिन सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी मौजूद रहे। रात्रि डेढ़ बजे तक चले इस कवि सम्मेलन ने मेले में आए लोगों को साहित्य, हास्य, व्यंग्य और राष्ट्रभाव से भरपूर एक अविस्मरणीय अनुभव दिया, जिसे श्रोता लंबे समय तक याद रखेंगे।

# चोरी की घटना का खुलासा, एक गिरफ्तार

▸ चोरी की करीब 6.5 लाख रुपये के कीमत की ठोस पीली धातु बरामद

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज थाना पैलानी पुलिस द्वारा चोरी करने वाले एक अन्तर्जनपदीय अभियुक्त को चोरी के सामान साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम पिपरहरी के रहने वाले ज्वाला प्रसाद ने 29 अगस्त 25 को अपने घर में अज्ञात चोरों द्वारा 28 अगस्त 25 की रात्रि को चोरी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना पैलानी पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। इस क्रम में थाना पैलानी पुलिस



द्वारा अभियुक्त की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को अलोना नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपने अन्य साथियों के साथ चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। जिसके आधार पर अन्य साथी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये गये आभूषणों को गलाकर तैयार की गई करीब 6.5 लाख रुपये की ठोस पीली धातु को बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम हेमन्त पुत्र सुभाषचन्द्र निवासी ग्राम महेरा थाना बिवार जनपद हमीरपुर है।

## विश्व कल्याणारार्थ दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन



**पैलानी /बांदा, समृद्धि न्यूज।** विश्व कल्याणारार्थ की भावना को लेकर तहसील पैलानी के एक गेस्ट हाउस में तहसील स्तरीय 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा का पाठ प्रारंभ कराया गया है भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तहसील पैलानी जनपद बांदा द्वारा नशा मुक्त समाज का निर्माण करके समाज में समानता और अनीति अन्याय भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करना ही मूल लक्ष्य संगठन का है कल समापन बेला पर सिद्धाश्रम रत्न सौरभ द्विवेदी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का शुभ आगमन होगा और भगवती मानव कल्याण संगठन के मुख्य सचिव राजू भइया का आगमन होगा। संगीत मय दुर्गा चालीसा पाठ में मूलचंद पाल, डाक्टर रमेश कश्यप, डाक्टर नितिन कश्यप, जिलाध्यक्ष गुलाब चंद्र कुशवाहा समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# तीसरा स्पोर्ट्स कार्निवाल 2025 का भव्य शुभारंभ

▸ खेलों से स्वस्थ जीवन का संदेश, पहले दिन विजेताओं का हुआ सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

इंडियन अमाक्राइन फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित थर्ड स्पोर्ट्स कार्निवाल 2025 का शुभारंभ बजाज पब्लिक स्कूल, मिल कैंपस, गोला-खीरी में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोला विधायक अमन गिरी, राकेश यादव, ए.के. पांडे और शाहबाज अली ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, विद्यार्थी, अभिभावक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। खेल महोत्सव के दौरान कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अनुशासन, उत्साह और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। ÷अवॉइड जंक बी अ चैंप बे संदेश उपस्थित जनसमूह के बीच विशेष रूप से सराहा गया।



इस खेल महोत्सव में उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी मोहम्मदी, श्री हरपाल सिंह मेमोरियल अकैडमी सिकंद्राबाद, चिल्ड्रन'स अकैडमी लखीमपुर खीरी, बजाज पब्लिक स्कूल गोला, पावननगर सेंट्रल स्कूल कुशीनगर-गोरखपुर, साहू इंटरनेशनल स्कूल महोबा सहित अन्य विद्यालयों की टीमों ने सहभागिता की। उद्घाटन एवं पहले दिन के समापन अवसर पर आयोजकों ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना के विकास का भी सशक्त माध्यम हैं। इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। पहले दिन के समापन समारोह में विभिन्न खेलों के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने इंडियन अमाक्राइन फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का आग्रह किया।

## गोला स्टेडियम गोला ने कंक्रीट एफसी को 3-0 से हराकर फाइनल में बनाई जगह



▸ अरविन्द गिरि स्मृति ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट : दूसरे सेमीफाइनल में गोला स्टेडियम का जलवा

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** स्वर्गीय श्री राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में स्वर्गीय अरविन्द गिरि की स्मृति में आयोजित स्वर्गीय अरविन्द गिरि ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को खेला गया। मुकाबले में गोला स्टेडियम गोला की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कंक्रीट एफसी कुशीनगर (पडरौना) को 3-0 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच की शुरुआत से ही गोला स्टेडियम गोला के खिलाड़ियों ने आक्रामक रुख अपनाया और खेल के हर विभाग में बढ़त बनाए रखी। पूरे मुकाबले में टीम का दबदबा कायम रहा, जिससे कंक्रीट एफसी को वापसी का मौका नहीं मिल सका। दर्शकों ने खिलाड़ियों के शानदार खेल पर जमकर तालियां बजाईं और उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत बंडा (शाहजहांपुर) के अध्यक्ष मोहम्मद इश्हाक मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में देवेंद्र गिरि, डॉ. अजय वर्मा, डॉ. देवराज वर्मा, टूर्नामेंट के आयोजक व संयोजक विधायक अमन गिरि, विधायक पलिया रोमी साहनी, अवधेश मिश्रा, जनार्दन गिरि (अध्यक्ष, टूर्नामेंट), रामगुलाम पाण्डेय, अजय गिरि, सुरेंद्र साहनी, डॉ. यदुलेश मुरारी सक्सेना, टीटू भसीन, नियामत अली, बिल्ले सरदार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मैच में रेफरी की भूमिका रहमतुल्ला, मकसूद अहमद, विशाल कुमार, प्रभात कुमार और खर्शीद आलम ने निभाई। टूर्नामेंट आयोजकों ने विजेता टीम को बधाई देते हुए आगामी फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दीं।

# एसपी ने थाना मरका का किया वार्षिक निरीक्षण

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

▸ नवनिर्मित मिशन शक्ति केन्द्र का फीता काटकर किया उद्घाटन



शनिवार को पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा थाना मरका का किया गया वार्षिक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों, मिशन शक्ति केन्द्र, शस्त्रागार व थाना परिसर की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। प्रभारी निरीक्षक मरका से उनके थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं तथा ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे।

अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। सभी कर्मचारियों से शस्त्रों के बारे में जानकारी व रख- रखाव की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना मरका परिसर में नवनिर्मित मिशन शक्ति केन्द्र का फीता काटकर उध्दाटन किया गया। साथ ही मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे जागरुकता अभियानों तथा प्रगति के बारे में जानकारी ली गई। बताया गया कि ज्यादा से ज्यादा व्यापक स्तर पर स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों आदि स्थानों पर व्यापक जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं का जागरुक करने के निर्देश दिए गए। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष तथा थाने की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन किया गया। प्रभारी निरीक्षक मरका को थाना परिसर की साफ-सफाई तथा कर्मचारियों से नियमित रुप से सैनिक सम्मेलन कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के उपरांत उपस्थित चौकीदारों से संवाद किया गया तथा उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शीत ऋतु के दृष्टिगत कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर चौकीदारों से अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने के लिये प्रेरित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर, थाना प्रभारी मरका मिथलेश सिंह, प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# आयुक्त व डीआईजी ने थाना समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुन किया निस्तारण

▸ थाना बबेरु में हुआ समाधान दिवस का आयोजन


**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा अजीत कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस., जिलाधिकारी बांदा श्रीमती



जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा थाना बबेरु में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी द्वारा थाना गिरवां में जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया । थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 64 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 20 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन किया गया।

## आयुक्त, डीआईजी सहित डीएम-एसपी ने किया सिमौनी मेला का स्थलीय निरीक्षण



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा अजीत कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस, जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे. रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा थाना बबेरु क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिमौनी में आयोजित होने वाले परंपरागत मेला क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान मेला परिसर में की जा रही तैयारियों का गहनता से जायजा लिया गया । निरीक्षण के दौरान मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय तथा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई । अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो । इस दौरान क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार व प्रभारी निरीक्षक थाना बबेरु राजेन्द्र सिंह राजावत सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

# किसान पाठशाला में दी गई फसलों की उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने की नवीनतम तकनीक की जानकारी

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

विकसित कृषि एवं विकसित उत्तर प्रदेश /2047 के निर्धारित लक्ष्य संकल्पो को प्राप्त करने की दिशा में कृषि क्षेत्र में कृषकों की क्षमता वृद्धि, कृषि के नए आयाम एवं चुनौतियो की दिशा में उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकी में दक्ष करने के उद्देश्य से 12 से 29 दिसंबर 2025 के मध्य दो दिवसीय ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/ किसान पाठशाला का आयोजन जनपद की 168 ग्राम पंचायतो में किया जा रहा है।आज बबेरू ब्लाक की परास ग्राम पंचायत में प्रथम दिवस की पाठशाला में दलहनी/ तिलहनी फसलों की उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने की नवीनतम तकनीकी के प्रभावी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही खेती में लागत कम करने के उद्देश्य से प्राकृतिक खेती एवं मृदा में जीवांश कार्बन की मात्रा को बढ़ाने के लिए हरी खाद जैसे सनई ढैचा उर्द एवं मूंग को अपनाने हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया इसके साथ ही फसलों की





देखभाल के लिए खरपतवार नियंत्रण एवं कीट व्याधियों के लिए नियंत्रण हेतु रासायनिक एवं जैविक विधि से नियंत्रण पर विशेष बल दिया गया। कृषकों को यह भी बताया गया कि कम समय में प्रभावी कीट नियंत्रण एवं खरपतवार नियंत्रण तथा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के छिड़काव हेतु कृषि ड्रोन के महत्व के बारे में उप कृषि निदेशक डॉ0 ए के यश यादव द्वारा बताया गया साथ ही उनके द्वारा फार्मर रजिस्ट्री कृषकों के लिए क्यों महत्वपूर्ण है एवं फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु कृषकों को क्या-क्या अभिलेख की आवश्यकता है के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। पाठशाला में अनिल कुमार सिंह सलाहकार, शिवाकांत बिरथरे सहायक विकास अधिकारी कृषि एवं ग्राम प्रधान, 88 कृषकों सहित कृषि विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश सीमा तक संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास



**नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज।** आजादी के बाद पहली बार ग्राम पंचायत संग्रामपुर के मजरा चौधरी के पुरवा से वीरमपुर होते हुए मध्यप्रदेश सीमा तक संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास भूमि पूजन संपन्न हुआ ।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने निर्माण शुरू होने से पहले किया भूमि पूजन । लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित होने वाले इस मार्ग की लंबाई 1.900 किलोमीटर है, जिसकी कुल लागत 124.17 लाख है ।इस सड़क के निर्माण से मध्यप्रदेश क्षेत्र में आवागमन सुलभ हो जायेगा । ग्रामीणों के लिए आवागमन को सुगम बनाने के साथ लोगो को सड़क के निर्माण से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं आपातकालीन सेवाओं को मजबूती मिलेगी ।यह संपर्क मार्ग क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा । इस दौरान ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल मंडल महामंत्री कुलदीप त्रिपाठी,पूर्व महामंत्री पिछड़ा मोर्चा अरुण पटेल, किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष राघवेन्द्र त्रिपाठी, प्रधान बच्चू लाल कबीर, पूर्व प्रधान चुन्नू राम पटेल, रमेश मिश्रा, रामस्वरूप पटेल, चंद्रिका प्रसाद पटेल सुनील कुमार सहित लोक निर्माण विभाग के कर्मी और ग्रामीण मौजूद रहे ।

# नव-दोहरीकृत बाँदा-खुरहण्ड रेलखंड पर दौड़ी पहली ट्रेन

▸ रेल विकास को मिली नई रफ्तार, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी होगी मजबूत

**बाँदा, समृद्धि न्यूज।**

नव-दोहरीकृत बाँदा डिंगवाही खुरहण्ड रेलखंड पर पहली ट्रेन के सफल संचालन के साथ ही रेलवे विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई। इस नई दोहरीकृत पटरी पर गाड़ी संख्या 12535 लखनऊदूरायपुर गरीब रथ एक्सप्रेस का सुरक्षित एवं सुचारु संचालन किया गया। गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन बाँदा स्टेशन से शुक्रवार की रात्रि 22.32 बजे और खुरहण्ड स्टेशन से 23.05 बजे नई दोहरीकृत पटरी से होकर सफलतापूर्वक गुजरी। पूरे संचालन के दौरान सभी तकनीकी मानकों का पालन किया गया। ट्रेन का आवागमन पूरी तरह सुरक्षित रहा।



रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यह उपलब्धि रेलकर्मियों के सतत प्रयास, तकनीकी दक्षता और टीमवर्क का प्रतिफल है। दोहरीकरण से इस रेलखंड पर ट्रेनों की आवाजाही और अधिक सुगम होगी। समय की बचत होगी। यात्री और माल परिवहन दोनों को लाभ मिलेगा। नव-दोहरीकृत रेलखंड के शुरू होने से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी। जिससे व्यापार, रोजगार और यातायात सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। यह परियोजना भविष्य में रेल नेटवर्क के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।